दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, शनिवार, 05 अगस्त, 2023, सावन कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-110 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लोग सीमा-सचिन, मणिपुर, दिल्ली अध्यादेश और हरियाणा में ही उलझे रहे। इधर चोरी-चोरी चुपके-चुपके महंगाई डायन ने बड़ा खेला कर दिया। लोगों की थाली से दाल और हरी सब्जी के बाद टमाटर की चटनी गायब हो गई। टमाटर दोहरा शतक जड? के बाद तेजी से तिहरे शतक की ओर बढ़ रहा है। प्रसंगवश याद आती है धूमिल की पंक्तियां- एक आदमी रोटी खाता है, एक आदमी रोटी बेलता है, एक और आदमी है जो ना रोटी खाता है ना बेलता है वह रोटी से खेलता है। ये तीसरा आदमी कौन है, मेरे देश की संसद मौन है।

//-- सुविचार --//

उन पर ध्यान मत दीजिये जो आपकी पीठ पीछे बात करते हैं, इसका सीधा सा अर्थ है आप उनसे दो कदम आगे हैं।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:21 प्रात:

अस्त : 06:29 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.0	23.0
जमशेदपुर	31.0	27.0
हजारीबाग	28.0	23.0
डालटनगंज	30.0	26.0

संक्षिप्त खबरें

ज्ञानवापी पर जारी रहेगा एएसआई सर्वे

नई दिल्ली (एजेंसी)। ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कोर्ट ने कहा- हम हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दें? कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि एएसआई सर्वे पर ऐतराज क्यों है? सर्वे से मुस्लिम पक्ष को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। सिर्फ यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि सर्वे होने दीजिए। रिपोर्ट को सील कवर में जमा होने दीजिए। कोर्ट ने कहा कि सर्वे गैर आक्रामक तरीकों से होना चाहिए। एएसआई ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पूरा किया जाएगा। इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट से इजाजत मिलने के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे से ज्ञानवापी में एएसआई की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। 4 घंटे बाद यानी 12 बजे नमाज के लिए सर्वे को रोक दिया। अब दोपहर 3 बजे से फि र सर्वे शुरू हो गया। इस बार टीम में 61 सदस्य हैं। यानी पिछली बार की तुलना में 40 सदस्य ज्यादा।

मैं गारंटी देता हूं कि सिर्फ व सिर्फ झारखंडियों को ही रोजगार और स्वरोजगार दूंगा : हेमंत

राजभवन द्वारा संदेश के साथ विधेयक विधानसभा नहीं भेजना षड्यंत्र का हिस्सा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा सत्र के समापन अभिभाषण में कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज का उत्पीड़न हो रहा है और वहां की सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण नियमावली में पिछले वर्ष ग्राम सभा के अधिकार को छीन लिया गया और फिर लोकसभा के चल रहे मानसून सत्र में वन संरक्षण कानून में केंद्र सरकार ने ऐसे संशोधन कर दिए हैं कि भविष्य में आदिवासियों से उनका जंगल ही छीन लिया जाएगा। परंतु मैं न तो पिछले साल के संशोधित नियमावली को इस राज्य में लागू होने दिया और न ही अभी कानून में किए गए बदलाव से आदिवासियों को उनके जंगल से बेदखल करने की केंद्र सरकार के मनसूबे को सफल होने दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी एवं एसटी आयोग का भी गठन करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुखाड़ के मद में राज्य को केंद्र सरकार द्वारा 9000 करोड़ रुपए देना था, लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य को मात्र 500 करोड़ों ही दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में 8 लाख वंचित पात्र लाभुकों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करने का बार-बार मांग कर रहे हैं। परंतु केंद्र सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विधानसभा के द्वारा 1932 के खतियान वाली स्थानीयता और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण वाले विधेयक को पारित कराकर हम लोग भेजते हैं तो उसको राज्यपाल के यहां लटका दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पक्का यकीन है कि संविधान के आर्टिकल 200 के अंतर्गत राज्यपाल के द्वारा संदेश विधानसभा को नहीं भेजना इसी साजिश का हिस्सा है, जिससे कि हम लोग यह दोनों विधेयक फिर से विधानसभा से पारित करके राज्यपाल को नहीं भेज पाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक न हो हम इसके लिए कानून लाए। गुजरात, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जब इस प्रकार का कानून पहले से ही लागू है तो हम इसे छात्र हित में जब लागू कर रहे हैं, तो फिर यहां के विपक्ष को पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

नियुक्ति प्रक्रिया बढ़ी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हम हजारों पदों पर नियुक्ति कर चुके हैं, वहीं और 40 से 50 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा चुके हैं। मैं इस बात की गारंटी देता हूं कि सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों को ही रोजगार एवं स्वरोजगार दूंगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार अपराध पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। डीजीपी एवं पुलिस के बड़े अधिकारियों को हमने साफ कह रखा है कि अपराध पर किसी भी हालत में लगाम लगाएं, इसमें आप को खुली छूट है एवं किसी का पैरवी भी आपको नहीं सुनना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में हजारों घर जला दिए गए सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी गई है परंतु, सरकार नाम मात्र के लिए एफआईआर दर्ज की है वह भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय से फटकार लगने के बाद।

सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या से मर्माहत हूं

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैं बहुत ही दुःखी और मर्माहत हूं, युवा नेता श्री सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या कर दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके हत्यारों को पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। परंतु कुछ राज्यों में ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है, मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर पा रही है।

राहुल गांधी को सुप्रीम राहत, सांसदी होगी बहाल

सजा का असर राहुल ही नहीं, वोटर्स पर भी पड़ा : कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी की सजा पर रोक लग गई है। मोदी सरनेम मानहानि मामले में सूरत कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 134 दिन बाद पलट दिया। अब राहुल फि र से सांसद घोषित होंगे, सरकारी आवास मिलेगा, चुनाव भी लड़ सकेंगे। सुको से राहुल को राहत मिलने के बाद पूरे देश में कांग्रेस जश्न मना रही है और केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ बड़ी जीत बता रही। सरकारी कोठी से बेदखल होने के साथ ही संसद की सदस्यता भी खो चुके राहुल गांधी को आखिरकार 133 दिन बाद न्याय मिल ही गया। उन्होंने निचली दोनों अदालतों से निराश होकर सप्रीम कोर्ट पहुंचे और वो आखिरकार बड़ी राहत के हकदार भी बनें। राहुल की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायलय ने कहा- सजा का असर राहुल ही नहीं, वोटर्स पर भी पड़ा है। इससे साफ हो जाता है कि अब राहुल की सजा पर 133 दिन बाद रोक लगाने के फैसले के बाद उनकी सांसदी बहाल होगी और घर भी मिलेगा।

सुप्रीम फैसले में सुको की यह टिप्पणी

हम जानना चाहते हैं कि जज ने अधिकतम सजा क्यों दी। ट्रायल जज को फैसले में बताना चाहिए था कि उन्होंने अधिकतम सजा क्यों दी। अगर जज ने 1 साल 11 महीने की सजा दी होती तो राहुल गांधी को डिसक्वालिफाई नहीं किया जाता। अधिकतम सजा के चलते एक लोकसभा सीट बिना सांसद के रह जाएगी। यह सिर्फ एक व्यक्ति के अधिकार का ही मामला नहीं है, ये उस सीट के अधिकार का ही मामला नहीं है, ये उस सीट के वोटर्स के अधिकार से भी जुड़ा मसला है। वोटर्स के इस बात में कोई शक नहीं कि भाषण में जो भी कहा गया, वह अच्छा नहीं था। नेताओं को जनता के बीच बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यह राहुल गांधी का कर्तव्य बनता है कि इसका ध्यान रखें।

आज नहीं तो कल सच जीतता है : राहुल

सुप्रीम कोर्ट ने 4 जुलाई को मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली 2 साल की सजा पर रोक लगा दी। इसके बाद शाम को राहुल कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कहा- आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, सच्चाई की जीत होती है। मेरा रास्ता तो क्लीयर है। मुझे क्या करना है, मेरा का क्या काम है, मुझे इसकी क्लैरिटी है। जिन लोगों ने मदद की, जनता ने जो सपोर्ट किया, उसका शुक्रिया। थैंक्यू...।

दो खास बातें

सुप्रीम कोर्ट से राहत भरे फैसले के बाद अब राहुल गांधी की सांसदी फिर से बहाल होगी और वो मौजूदा सत्र में शामिल हो सकेंगे। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल चाहें तो चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल को फिर से बतौर सांसद मिलने वाला सरकारी घर मिल जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को फैसले में कहा, 'जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी।इ सुनवाई की नई तारीख अभी नहीं बताई है।लोकसभा अध्यक्ष फैसले की कॉपी का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

तीन जजों की बेंच ने सुना पूरा प्रकरण

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में राहुल का प्रकरण है। 21 जुलाई को पहली सुनवाई में जस्टिस गवई ने कहा कि उनके पिता कांग्रेस से जुड़े हुए थे और भाई भी कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसे में उनके सुनवाई करने से किसी पक्ष को कोई आपत्ति तो नहीं है। इस पर दोनों पक्षों ने कहा कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की तरफ से महेश जेठमलानी और राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी हैं। कोर्ट ने कहा शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का असली सरनेम मोदी नहीं है। उन्होंने ये सरनेम बाद में अपनाया है।

संविधान जिंदा है : मल्लिकार्जुन खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है। सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं है, भारत की जनता और डेमोक्रेसी की जीत है। इससे बहुत बड़ा फायदा देश को हुआ है। जो व्यक्ति सच्चाई, देश के हित, देश में मजबूती लाने के लिए, बढ़ती महंगाई के लिए लड़ता है, जो व्यक्ति लोगों को जागृत करने के लिए कन्याकुमारी से चलकर कश्मीर से चलते हुए डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, मजदूरों से मिले। ये सब उनकी दुआओं का नतीजा है। राहुल गांधी को हटाने के लिए 24 घंटे में सब कुछ हुआ। अब देखना है कि उनकी दोबारा सांसदी कब बहाल होती है। रात में रीइंस्टेट (बहाल) करते हैं या अभी करते हैं, हम इसका इंतजार करते हैं।



राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ममता बनर्जी ने सराहा



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की सराहना की, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मोदी उपनाम वाली टिप्पणी पर 2019 के मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी गई है। ममता ने शुक्रवार को ट्विटर पर लिखा कि मैं राहुल गांधी की संसद सदस्यता के बारे में खबर से खुश हूं। इससे हमारी मातृभूमि के लिए एकजुट होकर लड़ने और जीतने के इंडिया गठबंधन के संकल्प को और मजबूती मिलेगी। यह न्यायपालिका की जीत है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने ममता बनर्जी के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा कि नैतिक ब्रह्मांड का चाप लंबा है, लेकिन यह न्याय की ओर झुकता है। यूनाइटेड इंडिया। लोकसभा अध्यक्ष अब स्वयं उनकी सदस्यता बहाल कर सकते हैं या गांधी शीर्ष अदालत के आदेश से एक सांसद के रूप में अपनी स्थिति बहाल करने की मांग कर सकते हैं।

झारखंड में जातीय गणना कराने की तैयारी

संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम बोले- केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार ने जातीय गणना कराने का निर्णय लिया है। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार जाति आधारित जनगणना कराने का विचार रखती है। इसे लेकर विधानसभा से प्रस्ताव पारित करा कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। आलमगीर आलम शुक्रवार को विधानसभा में प्रदीप यादव के एक ध्यानाकर्षण सूचना पर जवाब दे रहे थे।

बिहार के मामले का भी अध्ययन

संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अभी बिहार में भी जातीय गणना को लेकर पटना हाई कोर्ट का फैसला आया है, राज्य सरकार उस फैसले का भी अध्ययन करेगी।

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

प्रदीप यादव ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक का मुद्दा उठाया था। उन्होंने ये जानना चाहा कि आखिर विधेयक कहां प्रक्रियाधीन है। इस सवाल के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि विधेयक को राजभवन से लौटते वक्त कुछ प्रक्रिया बाकी रह गई है। उसे मांगा गया है। राजभवन से आने के बाद सरकार आगे कदम उठाएगी।

77 प्रतिशत आरक्षण की कोशिश

प्रदीप यादव के एक प्रश्न के उत्तर में सरकार की ओर से सदन में आलमगीर आलम की ओर से पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि झारखंड पदों और सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (एसटी, एससी और ओबीसी) संशोधन अधिनियम के तहत कई प्रावधान किए गए है। इसके तहत मेरिट से 40 प्रतिशत और आरक्षित कोटि से 60 प्रतिशत की नियुक्ति होनी है। 60 प्रतिशत आरक्षित रेणी में एससी के लिए 10, एसटी के लिए 26, ओबीसी-1 के लिए 8, ओबीसी-2 के लिए 6 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत शामिल है। इसे बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। जिसके तहत एससी को 12, एसटी को 28, ओबीसी-1 को 15, ओबीसी-2 को 12 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत शामिल है। इससे संबंधित विधेयक भी पिछले वर्ष विशेष सत्र आहूत कर पारित कराया गया, लेकिन राज्यपाल से अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

प्रधान महालेखाकार, झारखंड ने विधानसभा में पेश किए प्रतिवेदन

रांची। प्रधान महालेखाकार झारखंड ने शुक्रवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा राज्य वित्त (2021-22) के प्रतिवेदनों को झारखंड विधानसभा में उपस्थापित किया। इसके बाद एजी कार्यालय के बोर्ड रूम में इससे संबंधित जानकारी पत्रकारों को दी।

महालेखाकार अनुप फ्रांसिस डुंगडूंग ने इस दौरान बताया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए झारखंड सरकार के राज्य वित्त के खातों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन झारखंड के राज्यपाल को 13 अप्रैल को समर्पित किया गया। रिपोर्ट विधानसभा में चार अगस्त को प्रस्तुत किया गया। 2021-22 में राज्य का राजस्व अधिशेष 6944 करोड़ था। मार्च, 2022 के अंत में राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 0.72 प्रतिशत था। वर्ष 2001-02 से 2020-21 तक के अनुदान, विनियोग से अधिक राशि के 3,473.63 करोड़ से अधिक संवितरण को राज्य विधानमंडल द्वारा अभी तक नियमित नहीं किया गया है।



इसके अलावा 2021-22 के दौरान एक विनियोग और एक अनुदान में 288.86 करोड़ का अधिक व्यय किया गया। 31 मार्च, 2022 तक 1,03,459.14 करोड़ राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) बकाया थे। इस अवधि तक 6094.45 करोड़ की राशि के 18206 एसी विपत्रों के विरुद्ध डीसी विपत्र बकाया थे।

सियासत

सांसद मीसा भारती के आवास पर डिनर पर मिले लालू यादव व राहुल गांधी, तेजस्वी भी मौजूद

25-26 की मीटिंग मुंबई में, संयोजक पर हुई बात

पटना/दिल्ली : वैसे तो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास रहा। सांसदी मामले में सुप्रीम कोर्ट से उन्हें बड़ी राहत मिली। देश भर के कांग्रेसी जश्न मनाते रहे। दिल्ली की उमस भरी गर्मी में शाम को हुई बारिश ने राहत लायी तो राहुल गांधी, लालू यादव के साथ डिनर करने उनकी सांसद बेटी मीसा भारती के आवास पहुंच गए। यहां पर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। लालू यादव और राहुल गांधी के इस डिनर को इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि 26 दलों के गठबंधन इंडिया की मुंबई में 25-26 अगस्त को मीटिंग होनेवाली है। अब तक इसके संयोजक नाम नहीं तय किया गया है। बिना राहुल की सहमति के ये संभव नहीं है। इस पद के प्रबल दावेदार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार माने जाते हैं। मगर, एनडीए वाला उनका बैकग्राउंड आड़े आ रहा है। माना जा रहा है कि राहुल को मनाने के लिए नीतीश कुमार ने लालू यादव को लगाया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस डिनर मीटिंग में दोनों के बीच क्या रणनीति बनी।

लालू-राहुल की डिनर राजनीति पर रही देश के राजनीतिज्ञों की नजर

मुंबई में होगी इंडिया की तीसरी बैठक

लालू-राहुल की मुलाकात मुंबई में होने वाली इंडिया की बैठक से पहले हो रही है। मुंबई में 25-26 अगस्त को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक होनी है। इसकी मेजबानी शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) मिलकर करने वाले हैं। माना जा रहा है कि इंडिया की बैठक में संयोजक के नाम का ऐलान किया जायेगा। कई अन्य मुद्दों पर भी बातें होंगी। यह माना जा रहा है कि विभिन्न दलों के मन की आशंकाओं को दूर किया जायेगा। लालू-राहुल की डिनर मीटिंग में संभव है कि इस तरह की कई विंदुओं पर चर्चा हुई है।

आजकल लालू-राहुल की जम रही केमेस्ट्री

दरअसल, इन दिनों लालू यादव और राहुल गांधी की केमेस्ट्री जमती दिख रही है। विपक्षी दलों की पहली बैठक में पटना पहुंचे राहुल गांधी और लालू यादव के बीच की बातचीत काफी लोकप्रिय रही थी। पटना में लालू यादव ने राहुल गांधी को शादी करने की सलाह दी थी। लालू की सलाह पर राहुल गांधी खुल कर मुस्कराए भी थे। लालू और भरी मीडिया के सामने हामी भी भरी थी। 26 दलों के गठबंधन के बीच लालू और राहुल की करीबी को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार लालू और राहुल की जोड़ी लोकसभा चुनाव में कई खेल कर सकती है। यह जोड़ी 26 दलों के गठबंधन के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है।

आ गयी कैंसर की दवा!

नई दिल्ली : कैंसर दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोगों की मौत कैंसर के कारण हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ज्यादातर मामलों में कैंसर के गंभीर रूप लेने का प्रमुख कारण इसका समय पर निदान न हो पाना माना जाता है। कैंसर का उपचार अब भी काफी कठिन है, हालांकि इस दिशा में लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे रोगियों की जान बचायी जा सके। विशेषज्ञों ने अध्ययन में कैंसर के लिए एक दवा के बारे में बताया है जिसकी मदद से स्वस्थ कोशिकाओं को कोई नुकसान पहुंचाए बिना कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करते हुए उन्हें नष्ट करने में मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओं की टीम का कहना है कि इस दवा के बेहतर परिणाम हो सकते हैं, जानवरों और प्रयोगशाला प्रयोगों में पाया गया है कि यह दवा कैंसर के उपचार में काफी प्रभावी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल परीक्षणों में इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं देखे गए हैं। यह कैंसर कोशिकाओं के बढ़ने को चक्र को भी रोक सकती है, जिसका मतलब है कि कैंसर से बचाव में इस दवा के बेहतर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

कैंसर कोशिकाएं नष्ट करने वाली दवा

सेल केमिकल बायोलॉजी जर्नल में अध्ययन के प्रकाशित निष्कर्ष के मुताबिक कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करके इसको बढ़ने देने से रोकने के अलावा इस दवा के प्रयोगात्मक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह दवा कैंसर उपचारों की प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद कर सकती है। अभी इस दवा का परीक्षण सिर्फ चूहों और कुत्तों पर ही किया गया है, इसके इंसानों पर शोध बाकी हैं। फिलहाल शोधकर्ताओं ने पाया है कि यह दवा स्तन कैंसर, छोटे सेल वाले फेफड़ों के कैंसर और न्यूरोब्लास्टोमा नामक तंत्रिका कोशिकाओं में शुरू होने वाले कैंसर सहित करीब 70 प्रकार के कैंसर को जोखिमों को कम करने में लाभकारी हो सकती है।

विधानसभा से स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और झारखंड माल और सेवा कर विधेयक पास

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक-2023 रखा, जो पास हो गया। प्रभारी वित्त मंत्री रामेश्वर झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 पेश किया। ये विधेयक भी सदन से पास हो गया।

हालांकि, भाजपा विधायकों ने इसमें वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाए जाने पर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसमें राजभवन और सीएमओ में विवाद होगा और टकराव होगा। अमर बाउरी ने कहा कि यह राज्यपाल और संघीय व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए लाया जा रहा है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमलोग एडवांस प्लानिंग वाले लोग हैं। बिहार में एनडीए की सरकार में तीन स्वास्थ, खेल और तकनीकी विश्वविद्यालय बिल लाया गया, जिसका वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाया हुआ अजीब बात है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यहां पर विरोध करते हैं और खुद नीति लाते हैं।

हेल्थ साइंस के संसाधनों को राज्य में समृद्ध करने के उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है। यूनिवर्सिटी के जरिये राज्य में हेल्थ साइंस की पेशेवर शिक्षा को विकसित किया जाएगा। नर्सिंग, फामेर्सी, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, पारा मेडिकल समेत कई विषयों की पढ़ाई होगी। रिसर्च से जुड़े विषयों को सुविधाजनक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति होंगे। वे ही दीक्षांत समारोह और शासी निकाय की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। विश्वविद्यालय में कुलपति, डिपार्टमेंट के डीन, रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी और परीक्षा नियंत्रक समेत कई पदों का सृजन होगा। पहले कुलपति की नियुक्ति मुख्यमंत्री के द्वारा की जाएगी। 70 वर्ष से कम उम्र के ही व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किया जाएगा।

सीपीआई (एम) नेता सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मदद की लगाई गुहार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधान सभा में सीपीआई (एम) नेता स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मुंडा के माता-पिता एवं पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि सुभाष मुंडा ही परिवार का भरण-पोषण करने वाला महत्वपूर्ण सदस्य था। उनकी हत्या होने से परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुभाष मुंडा के पिता ललित मुंडा एवं माता छोटन देवी ने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई।

हेमन्त सोरेन ने स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस हत्याकांड को अति गंभीरता से लिया है। पुलिस-प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। मुख्यमंत्री ने सुभाष मुंडा के माता-पिता को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आपके परिवार को हर हाल में न्याय देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार पुलिस सुभाष मुंडा की हत्या से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर अनुसंधान कर रही है। किसी भी हाल में इस हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दलादली चौक में जल्द बनेगा पुलिस आउटपोस्ट

मुख्यमंत्री ने स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों से कहा कि जल्द ही दलादली चौक के समीप पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) बनाई जाएगी। साथ ही विद्युत प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। हाल के दिनों में रिंग रोड स्थित चौराहों पर कुछ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता दिख रहा है। राज्य सरकार की ओर से पुलिस-प्रशासन को इन असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके ऊपर कानूनी-कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ अपराध नियंत्रण पर कार्य कर रही है। इस दौरान जेएमएम नेता मुश्ताक आलम एवं अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी उचित मांगों पर राज्य सरकार यथोचित कार्रवाई करेगी।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिकाओं को पारा शिक्षक की तर्ज पर स्थायी सेवा शर्त नियम बना कर स्थायी करें। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की तर्ज पर मानदेय, पांच लाख का निःशुल्क बीमा, साल में दो साड़ी दिया जाना, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लागू किए जाने सहित अन्य मांगों पर विचार करें। प्रतिनिधिमंडल में विधायक विनोद सिंह, सुदिव्य कुमार सोनू, अम्बा प्रसाद, संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, कोषाध्यक्ष अनीता देवी, प्रदेश महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल थे।

झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस साहिबगंज में



रांची : प्रथम झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 4 से 6 अगस्त तक साहेबगंज में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सचिव समरजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रतियोगिता चांद भैरव इंदौर स्टेडियम साहिबगंज में आयोजित की जाएगी जिसमें बालक वर्ग में अंडर 11,13,15, 17,19 और पुरुषों की एकल (सिंगल्स) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जबकि महिला वर्ग में अंडर 11,13,15, 17,19 और महिला एकल की प्रतियोगिता होंगी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को रहने मुफ्त व्यवस्था की गई है विशेष जानकारी के लिए आयोजन सचिव जय किशन शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। रांची टीम रवाना रांची जिला टेबल टेनिस टीम आज साहिबगंज के लिए रवाना होगी।

ठगी के आरोपित नाइजीरिया मूल के नागरिक मॉरिश सिल्वर की जमानत याचिका खारिज

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार की अदालत ने शुक्रवार को ठगी करने के मामले में रांची जेल में बंद नाइजीरिया के नागरिक मॉरिश सिल्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी। उसने अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से दोबारा जमानत याचिका दाखिल की थी। इससे पूर्व भी अदालत ने एक जुलाई को उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। नाइजीरिया मूल मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ बरियातू की रहने वाली महिला रोजी प्रवीण ने ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। मॉरिस ने महिला को मर्चेंट नेवी का अफसर बनकर ठगी की थी। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि एक लड़के से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उसके दोस्त ने उसे बताया था कि वह पानी के जहाज में कैप्टन के रूप में 15 साल से काम करता है। उसे इंडिया लौटने के लिए कुछ पैसों की जरूरत है। यदि उसे पैसे मिल जाएं तो वह इंडिया लौट सकता है। रोजी उसकी बातों में आ गई और उसके एकाउंट में एक लाख 70 हजार रुपये डाल दिए। पैसे भेजने के बाद उसके दोस्त ने मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद रोजी को यह समझ में आया कि उसके साथ किसी ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। महिला ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। रोजी ने दोस्त को इंडिया बुलाया कहा और भरोसा दिला कि यदि वह रांची आएगा तो उसे लाखों रुपये मिल जाएंगे। रोजी की बातों में आकर आरोपित दोस्त रांची आ गया। रोजी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी वह गिरफ्तार कर लिया गया।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय रॉंची में आगामी 7 अगस्त को होगा कवि सम्मेलन

रांची। हवाई नगर रोड नंबर 14 स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय परिसर में आगामी 7 अगस्त को प्रातः 10:00 से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन की आयोजिका एवं विद्यालय की शिक्षिका निकिता प्रसाद ने बताया कि साहित्यिक आयोजनों से बच्चों में नयी चेतना आऐगी एवं मानसिक विकास होगा। आंमत्रित कविगणों में सुप्रसिद्ध डॉ सुरिन्दर कौर नीलम, शालिनी सहवा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, संजय कुमार, मीणा बंधन, अंकिता सिन्हा, चंदन प्रजापति हैं।

मुख्यमंत्री से मिला झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ (बड़कागांव प्रखंड, जिला हजारीबाग) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री के समस्त प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी सहिया दीदियों को मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले वेतनमान, पेंशन का लाभ, सहियाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग दिए जाने सहित अन्य मांगों पर विचार करे। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ की दीदियों को उनके उचित मांगों पर यथोचित विचार करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर विधायक दशरथ गगराई, विधायक अम्बा प्रसाद, झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ की सहिया दीदी विमला कुमारी, सीमा देवी, सरस्वती देवी, सुषमा देवी, गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर

पांच डीएसपी का तबादला, बीएन सिंह बने बेरमो डीएसपी

रांची। पांच डीएसपी का तबादला किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार की देर शाम झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिूसचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार लोहरदगा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित बीएन सिंह को बोकारो जिले के बेरमो का डीएसपी बनाया गया है। जबकि जैप -5 के डीएसपी के पद पर पदस्थापित सुमित प्रसाद को गिरिडीह जिले के डुमरी का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सीआइडी डीएसपी के पद पर पदस्थापित जय प्रकाश नारायण चौधरी को गोड्डा का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुदर्शन कुमार आस्तिक को एसीबी रांची का डीएसपी और एसीबी डीएसपी के पद पर पदस्थापित अरविंद कुमार सिंह को विशेष शाखा का डीएसपी बनाया गया है।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय राँची में आगामी 7 अगस्त को होगा कवि सम्मेलन

रांची। हवाई नगर रोड नंबर 14 स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय परिसर में आगामी 7 अगस्त को प्रातः 10:00 से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन की आयोजिका एवं विद्यालय की शिक्षिका निकिता प्रसाद ने बताया कि साहित्यिक आयोजनों से बच्चों में नयी चेतना आऐगी एवं मानसिक विकास होगा। आंमत्रित कविगणों में सुप्रसिद्ध डॉ सुरिन्दर कौर नीलम, शालिनी सहवा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, संजय कुमार, मीणा बंधन, अंकिता सिन्हा, चंदन प्रजापति हैं।

सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आवास पर शुक्रवार को कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में विजय रविदास, जिला परिषद सदस्य विश्रामपुर एवं ब्लॉक प्रमुख रंभा कुमारी सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

राज्यपाल से मिले विधायक मनीष जयसवाल

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को झारखंड विधान सभा सदस्य मनीष जयसवाल ने राज भवन में मुलाकात की । राजभवन सूत्रों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया।

मोनिका मुंडू की सुरीली आवाज से शुरू होगा आदिवासी महोत्सव

रांची। झारखंड की स्वर कोकिला कही जाने वालीं मोनिका मुंडू आदिवासी महोत्सव में कार्यक्रम की शुरूआत करेंगी। मोनिका मुंडू ने फोलोरा, नदिया किनारे, न्यारी, हंसा जोड़ी जैसी कई हिट नागपुरी म्यूजिक एल्बम में स्वर दे चुकीं हैं। संगीत तक ही नहीं, बल्कि अभिनय की दुनिया में भी इन्होंने अलग पहचान बनाई है। महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म में इन्होंने किरदार निभाया है। इसके अतिरिक्त नागपुरी, बांग्ला, खोरठा, भोजपुरी फिल्मों में भी अभिनय का लोहा मनवाया है।

बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची

रांची। बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी पटना से सड़क मार्ग से शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे। उनके साथ विधान परिषद और जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह और बेलहर के विधायक और झारखंड जदयू के सह प्रभारी मनोज यादव भी रांची पहुंचे। सड़क मार्ग से रांची पहुंचने के क्रम में हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और रांची में जदयू नेताओं ने उनका स्वागत किया। रांची पहुंचने पर जदयू नेता श्रवण कुमार, डॉ आफताब जमिल, संजय सिंह, सागर कुमार, बैद्यनाथ पासवान, रामजी प्रसाद एवं अन्य ने उनका स्वागत किया। खराब मौसम की वजह से विमान रद्द हो गया था। इस वजह से वे सड़क मार्ग से रांची पहुंचे।

बारिश के फुहारों के बीच बीएयू कुलपति ने वैज्ञानिक दल के साथ 15 खड़ी खरीफ फसलों की स्थिति देखी

कुलपति का धान बीजोत्पादन को प्राथमिकता देने पर जोर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बुधवार को बारिश के लगातार फुहारों के बीच निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह एवं वैज्ञानिकों संग वेस्टर्न सेक्शन फार्म में शोध कार्यक्रमों से जुड़ी कुल 15 खड़ी खरीफ फसलों के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों की स्थिति का मुयाना किया. कुलपति ने फार्म में खड़ी सभी 15 खरीफ फसलों के प्रदर्शन पर संतोष जताया. उन्होंने वैज्ञानिकों को धान बीजोत्पादन को विशेष प्राथमिकता देने तथा धान की 50 प्रतिशत शेष भूमि में धान की रोपाई यथासमय पूरा करने को कहा. धान की सीधी बोवाई के फसल प्रदर्शन पर काफी अच्छा बताया. किसानों को प्रदेश में वर्षा की विषम स्थिति को देखते हुए धान की सीधी बोवाई एवं एरोबिक विधि से धान की खेती की ओर उन्मुख होने की सलाह दी. इस विधि में धान की अनुशंसित किस्मों जैसे सहभागी, नवीन, ललाट, आईआर 64 डीआरटी 1, सीआर धान 205, सीआर धान 302, सीआर धान 304, बीवीटी 202, एमटीयू 10-10 आदि का प्रयोग करने की सलाह दी. मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने खेतों में पौधों की संख्या बनाये रखने, खरपतवार नियंत्रण, खेतों से जल की निकासी एवं कीट तथा रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी. शोध फार्म में भ्रमण में करीब साढ़े सत्तरह एकड़ भूमि में विभिन्न परियोजनाओं में धान की सीधी बोवाई, एरोबिक धान, जैविक धान एवं रोपा धान विधि के कुल 60 शोध कार्यक्रमों, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईआईआरआई) परियोजना में वर्षापात की अनियमितता की वजह से रोपा धान में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए धान की सीधी बोवाई के विभिन्न प्रयोगों का निरीक्षण किया. जहां शस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने धान की सीधी बोवाई में होने वाली मुख्य समस्या जैसे खरपतवार नियंत्रण पर किये जा रहे प्रयोगों तथा खरपतवार नाशी दवाओं की प्रायोगिक जाँच के बारे में बताया. परियोजना अन्वेंषक (धान फसल) डॉ कृष्णा प्रसाद ने बताया कि फार्म के करीब तीन एकड़ टांड़ एवं मध्यम भूमि में धान की सीधी बोवाई का टारगेट पूर्ण हो चूका है. धान रोपा का करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है. धान शोध कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों में डॉ एखलाख अहमद, डॉ एमके वर्णवाल, डॉ विनय कुमार एवं डॉ वर्षा रानी ने भी अपने विषयों के धान शोध कार्यो की जानकारी दी. कुलपति सहित वैज्ञानिक दल ने फार्म के करीब पांच एकड़ भूमि में मकई फसल पर आईसीएआर झ्र एआईसीआरपी एवं स्टेट प्लान अधीन बेबीकॉर्न, स्वीटकॉर्न, येलोकॉर्न एवं पर्पलकॉर्न प्रयोगिक प्रक्षेत्रों के अलावा करीब 400 मकई फसल प्रजाति की जाँच सबंधी कोऑर्डिनेटेड ट्रायल एवं 62 मकई फसल प्रजाति से जुड़ी स्टेशन ट्रायल का अवलोकन किया. मौके पर परियोजना अन्वेंषक (मकई फसल) डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती एवं शस्य वैज्ञानिक (मकई फसल) डॉ सीएस सिंह ने शोध कार्यक्रमों की जानकारी दी. भ्रमण के दौरान आईसीएआर एवं स्टेट प्लान योजना अधीन उरद, मुंग, अरहर, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, गुन्दली, कोदो, रागी आदि फसलों के शोध कार्यक्रमों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी. दल ने एमएससी एवं पीएचडी छात्रों द्वारा धान फसल पर चलाये जा रहे शोध कार्यो को भी देखा. भ्रमण के दौरान डॉ एस कमार्कार, डॉ डीएन सिंह, डॉ सीएस महतो, डॉ नीरज कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ अरुण पूरण, डॉ सूर्यप्रकाश, डॉ नूतन वर्मा, डॉ शशि किरण तिर्की, डॉ साबिता एक्का,डॉ नर्गिस कुमारी, डॉ सुप्रिया सुपल, डॉ आशियन टूटी, डॉ एनपी यादव आदि भी मौजूद थे.

कार्यालय: जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

आवेदन आमंत्रण सूचना

[illegible]

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 14.08.2023

आवेदन जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

[illegible]

जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.304826 Fish(23-24):D

जमीनी विवाद में हुई थी माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या, तीन आरोपित गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में आरोपित बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया, छोटू खलखो और अभिजीत कुमार पाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर, एक शॉटगन, टेलीस्कोप युक्त स्पोर्टिंग रायफल, एक पिस्टल, फार्चुनर गाड़ी और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को बताया कि माकपा नेता सुभाष की हत्या जमीन विवाद में की गयी थी। 26 जुलाई को नगड़ी थाना के दलादली चौक के समीप माकपा नेता सुभाष मुंडा की उनके व्यवसायिक कार्यालय में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नगड़ी थाना पुलिस ने 27 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया।

एसएसपी ने बताया कि मुंडा मूलतः जमीन कारोबारी थे। दलादली मौजा स्थित 119 डिसमिल के भूखंड के स्वामित्व को लेकर लालगुटवा के रहने वाले जमीन कारोबारी छोटू खलखो उर्फ छोटू उरांव के साथ मनमुटाव था। इसके पहले भी 90 डिसमिल जमीन पर छोटू खलखो की ओर से समझौता किया गया था उस पर भी विवाद चल रहा था, जिससे छोटू खलखो गुस्से में था ।

एसएसपी ने बताया कि 119 डिसमिल जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से छोटू खलखों ने सुभाष मुंडा के सहयोगी बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया को जमीन में आधा हिस्सा देने का प्रलोभन देकर अपने पक्ष में किया। इसके बाद छोटू खलखो और बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बिनोद महतो की शादी के समय से ही सुभाष की हत्या की साजिश रचना शुरू कर दिये। इसके एवज में अपराधियों को 15 लाख रुपये नगदी एवं उसी प्लॉट में से 10 डिसमिल जमीन देने का वायदा किया गया। छोटू खलखो की ओर से उन्हें छह डिसमिल जमीन भी दे दिया गया है।

घटना के पूर्व बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया की ओर से अपराधियों को तीन लाख रुपये एवं छोटू खलखो की ओर से अग्रिम राशि के तौर पर एक लाख रुपये एवं एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल भी उपलब्ध कराया गया।

एसएसपी ने बताया कि अपराधी घटना के पूर्व अपने साथ दो शूटर लाकर छोटू खलखो और बिनोद कुमार के सहयोग से घटनास्थल की रेकी की।

एसएसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद छोटू खलखो, बिनोद कुमार, अभिजीत पाड़ी अपराधी सहयोगी दिखावा के तौर पर दलादली पहुंचे और उग्र भीड़ में शामिल होकर सरकारी कार्य में व्यवधान डालने, तोड़फोड़ करने और आगजनी में सक्रिय भूमिका भी निभाई। घटना के बाद अगले दिन हत्या में प्रयुक्त देशी हथियार छोटू खलखो को वापस कर दिया। यह हथियार छोटू खलखो की निशानदेही पर उससे बरामद किया गया।

घटना के बाद भेद खुलने के डर से छोटू खलखो सहयोगियों के साथ भागने की फिराक में थे। इसकी सूचना पर गुरुवार देर रात नया सराय नगड़ी रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड में सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तारी के दौरान छोटू खलखो एवं उसके अपराधी सहयोगियों के पास से वाहन में छिपाकर रखे गये हथियार एवं गोली को बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य अपराधियों एवं शूटरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

विधानसभा में सरयू और बादल के बीच नोक-झोंक, स्पीकर ने किया बीच-बचाव

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को विधायक सरयू राय ने सदन में सरकार के जवाब से असहमति प्रकट की और गैर सरकारी संकल्प के दौरान प्रस्ताव को वापस लेने से इंकार कर दिया।

विधायक सरयू राय अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पथ निर्माण विभाग संवेदक द्वारा अन्ना चौक-छोटा गोविंदपुर-पीपला ऊपरी पथ निर्माण कार्य रोके जाने के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण जनहित में शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। सरकार बताए कि इसे कब शुरू किया जाएगा और कब पूरा किया जाएगा।

इसके जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वन विभाग का एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। एनओसी नहीं मिलने के कारण राज्य की कई परियोजनाएं लंबित रहती हैं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट का एनओसी मिलने पर काम शुरू किया जाएगा। मंत्री के जवाब से विधायक सरयू राय संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि जब वन विभाग का एनओसी प्राप्त नहीं था तो 2019 में इसका काम कैसे शुरू हुआ और फिर इकरारनामा को रद्द क्यों किया गया।इस मामले पर मंत्री और विधायक के बीच काफी देर सवाल-जवाब होते रहे। बाद में स्पीकर की दखल के बाद संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के जवाब के बाद उन्होंने यह प्रस्ताव वापस ले लिया। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 15 दिन के अंदर पूरे मामले को दिखाकर विधायक को अवगत कराया जाएगा और जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में रामेश्वर उरांव ने सीएजी रिपोर्ट पेश की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को सदन की शुरूआत फिर भाजपा के हंगामे के साथ हुई। वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट रखी। इससे पहले विधायक प्रदीप यादव के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार राज्य में जातिगत जनगणना को लेकर गंभीर है। विधानसभा से पारित करके इसे केंद्र को भेजा जाएगा।

प्रदीप यादव ने झारखंड का केंद्र के पास 35,000 करोड़ से अधिक बकाया धनराशि का मुद्दा उठाया

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक प्रदीप यादव ने सदन में सवाल उठाया कि राज्य सरकार का केंद्र के पास करीब 35000 करोड रुपये बकाया है। बार-बार यह राशि केंद्र से मांगी जा रही है लेकिन नहीं मिलने के कारण राज्य में विकास का काम बाधित है। उन्होंने पूछा कि सरकार बकाया राशि वसूली के लिए क्या कोशिश कर रही है, जो कोशिश हो रही है क्या वह काफी है। क्या सरकार ने पता लगाया है कि सिर्फ भाजपा शासित राज्यों का ही पैसा केंद्र रोक कर रखती है। इसपर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन को बताया कि राज्य सरकार का 35000 करोड़ रुपये से अधिक राशि केंद्र सरकार और केंद्र सरकार के उपक्रमों के पास बकाया है। इसे प्राप्त करने के लिए विभागीय प्रयास के अलावा राज्य सरकार नीति आयोग और पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में यह मामला उठाती रही है। राज्य सरकार के प्रयास से भू अधिग्रहण मद में 2532 करोड रुपये प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं में 2200 से अधिक की बकाया राशि है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों से पत्राचार किया गया है। रामेश्वर उरांव ने सदन में बताया कि अगर केंद्र पैसे नहीं दे रही है तो राज्य सरकार केंद्र की कंपनियों पर सर्टिफिकेट केस कर सकती है लेकिन केस करना उचित नहीं होगा। 2019 के बाद से 25 हजार करोड़ अब तक कोल मिनिस्ट्री ने राज्य को दिए हैं। इससे यह मान लेना चाहिए कि हमें पैसे मिलेंगे।

झारखंड में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए 149 करोड़ की स्वीकृति

रांची। स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के इलाज और जांच के लिए दवा-मशीन की खरीदारी की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसकी आपूर्ति के लिए 149 करोड़ 82 लाख 28 हजार 480 रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव और निदेशक प्रमुख राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। जिलों के सिविल सर्जन और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। सभी स्तर के जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अन्य स्वास्थ्य संस्थानों, वेयरहाउस, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों (मेडिकल कॉलेज को छोड़कर) आवश्यक दवा मशीन उपकरण, सामग्री एवं आपूर्ति के मद में खर्च किया जाएगा।

हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को फोर्थ ग्रेड कर्मियों की प्रोन्नति पर तीन सप्ताह में निर्णय लेने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका पर रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह तीन सप्ताह में इस पर निर्णय ले। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर निर्धारित की है। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नगर विकास विभाग ने 29 जुलाई, 2022 को एक निर्णय लिया था। इस निर्णय में नगर विकास विभाग ने कहा था कि चूंकि रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड के कर्मियों के प्रमोशन के संबंध में रांची नगर निगम ने 10 दिसंबर, 2007 में ही अपने स्थापना समिति की बैठक में निर्णय ले लिया था। इसके बाद झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कैडर रूल 2014 आई है। यह प्रमोशन का मामला उक्त नियमावली आने के पहले का है। इसलिए फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम स्वयं जिम्मेदार है एवं सक्षम प्राधिकार है। नगर विकास विभाग के निर्णय के आलोक में फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन के संदर्भ में रांची नगर निगम खुद ही फैसला ले सकती है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस विषय को बार-बार नगर विकास विभाग के पास भेजने का कोई औचित्य नहीं है।

टैली सोल्युशन्स ने रांची में 360 डिग्री एजुकेटिव कैंपेन किया शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : पांच करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिजनसेज के लिए ई-इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। ऐसे में टैली सोल्युशन्स, अपने व्यापक एवं इंटीग्रेटेड सोल्युशन टैली प्राइम 3.0 के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी रांची के बिजनसेज को जरूरी संशोधनों के बारे में जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिजनसेज नियमों के अनुसार कम्प्लायन्ट बने रहें। भारत सरकार 2020 से ई-इनवॉयसिंग के अडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्यमों) इन नियमों को आसानी से अपना सकें, इसके लिए कंपनी ने रांची में 360 डिग्री एजुकेटिव कैंपेन शुरू किया है। यह कैंपेन रांची के 24933 बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल, ऑडिट ट्रेल आदि को समझने में मदद करेगा, वह जान सकेंगे कि किस तरह टेक्नोलॉजी के जरिए वे आसानी से ई-इनवॉयसिंग को अपना सकते हैं और साथ ही साथ अपने बिजनेस की उत्पादकता में सुधार लाकर अपना मुनाफा भी बढ़ा सकते हैं। टैली प्राइम 3.0 बेहतर जीएसटी रेट सेटअप तथा जीएसटी रिटर्न के लिए तीव्र एक्सेस देता है, इसका इंटीग्रेटेड पेमेन्ट रिक्वेस्ट फीचर कलेक्शन सायकल टाईम को काफी हद तक कम कर देता है। कंपनी उद्योग जगत के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर स्थानीय बिजनसेज के लिए जागरुकता सत्रों एवं हाइपरलोकल पहलों का आयोजन कर रही है, जिनके माध्यम से बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। टैली ई-इनॅवायसिंग को अपनाने के लिए हर जरूरी जानकारी देकर बिजनसेज की संचालनात्मक दक्षता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टैली सोल्युशन्स के इंडिया बिजनेस हैड जॉयस रे ने कहा कि भारत सरकार ने एक अगस्त 2023 से 5 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले बिजनसेज के लिए ई-इनवॉयसिंग को अपनाना जरूरी कर दिया है। ई-इनवॉयसिंग के पिछले चरणों के दौरान टैली ने उंचे टर्नओवर वाले बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग अपनाने में मदद की है और अब कंपनी रांची में इस बड़े सेगमेन्ट की बिजनेस कम्युनिटी को भी सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

प्रभाकर पांडेय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

रांची। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को हथियार आपूर्तिकर्ता लालू उर्फ प्रभाकर पांडेय को पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। प्रभाकर पांडेय पर नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोहों को हथियार और गोली आपूर्ति का आरोप है। झारखंड एटीएस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा जिले से लालू पांडे उर्फ प्रभाकर पांडेय को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व एटीएस ने लालू उर्फ प्रभाकर का मेडिकल जांच कराया और कोर्ट में पेश किया। आरोपित पक्ष से अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप अदालत में मौजूद रहे।

सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर महिलाओ से की संवाद

रांची. सन्मार्गम फाऊंडेशन रांची के द्वारा संचालित सेंट्रल कोल्ड फील्ड्स लिमिटेड की सीएसआर योजना स्वरोजगार से महिलाओं की आजीविका सृजन को लेकर सिलाई, रेडीमेड वस्त्र निर्माण संबंधी प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने संवाद कर उन्हे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सन्मार्गम फाऊंडेशन एवं दिव्यम ड्रीम फाऊंडेशन की यह पहल सराहनीय है। महिलाओं द्वारा बने कपड़ा को देखकर कहा की आप सभी प्रशिक्षण ले रही महिलाएं एक साथ कपड़ा बनाइए और स्टॉल लगाकर बेचिए। आप एक सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन बन सकती हैं। उन्होंने कहा की मैं सीसीएल के अधिकारियों को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने सामाजिक दायित्व के तहत यह परियोजना उपलब्ध करायी है।कार्यक्रम में किसान मोर्चा के मंत्री श्री राजेश साहू ने कहा कि फाउंडेशन ने पहले भी समाज के लिए बेहतर कार्य किया है। सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा ने कहा कि सीसीएल और सन्मार्गम फाउंडेशन आप सभी को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास कर रही है । सन्मार्गम फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने वाली है। महिलाएं सिलाई सीखने के बाद एक से बढ़कर एक डिजाइन के कपड़े जैसे पटियाला, सलवार,समीज, गाउन, लहंगा डिजानियर ब्लाउज इत्यादि बनाना सीख गई है।अब यह कही भी अपने हुनर से अपना जीवन यापन आसानी कर सकती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार खोल सकती हैं ओर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं. मौके पर फाउंडेशन के ट्रेनर रेणु पॉल ,रश्मि कुमारी,दिवांशी त्रिपाठी तथा प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाएं उपस्थित थी।

झारखंड में हटिया समेत 20 रेलवे स्टेशनों के बहुरेंगे दिन, प्रधानमंत्री छह को करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे देश में 506 रेलवे स्टेशनों के आधारभूत संरचना का उन्नयन संबंधी कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसके तहत झारखंड में भी राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन समेत राज्य के 20 रेलवे स्टेशनों का 886.70 करोड़ रुपये की राशि से इन स्टेशनों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। इस योजना के तहत हटिया स्टेशन के उन्नयन के लिए सर्वाधिक 355 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

कई स्टेशनों का होगा विकास

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हटिया के अलावा बोकारो स्टील सिटी में 33.5 करोड़, बड़काकाना रेलवे स्टेशन में 32.6 करोड़, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस-गोमो जंक्शन में 32.4 करोड़, घाटशिला स्टेशन में 31 करोड़, पारसनाथ स्टेशन में 30.4 करोड़, कोडरमा स्टेशन में 30.3 करोड़, राजखरसावां स्टेशन में 30 करोड़, डाल्टनगंज स्टेशन में 29.2 करोड़, साहिबगंज स्टेशन में 29 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन में 28.1 करोड़, मनोहरपुर स्टेशन में 27 करोड़, पिस्का स्टेशन में 27 करोड़, कतरासगढ़ स्टेशन में 26.9 करोड़, चन्द्रपुरा स्टेशन में 26.5 करोड़, नगरऊंटारी स्टेशन में 26.3 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन में 25.5 करोड़, लातेहार स्टेशन में 24.5 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन में 24.5 एवं कुमारडुबी रेलवे स्टेशन के लिए 17 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति झारखंड में रेल सुविधाओं को बढ़ाने एवं आधारभूत संरचना के उन्नयन के लिए 20 स्टेशनों का चयन किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार न सिर्फ आधारभूत संरचनाओं के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं का विकास कर रही है, बल्कि उच्च कोटि की विश्व स्तरीय संरचना धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता न सिर्फ बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने तक ही सीमित है बल्कि लोगों को विश्व स्तरीय रेल सुविधा उपलब्ध कराना भी है। राकेश प्रसाद ने आम लोगों से अपने निकटस्थ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की भी अपील की।

एक नजर

स्कूल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

रांची : प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुण्डु में शुक्रवार को स्कूल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वागत गीत अपोस्टोलिक के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दीप प्रज्वलन फादर मनोज,फादर नरेश,फादर नेल्सन, फादर फिल्मोन, विद्यालय प्रभारी पैतृक समद, शिक्षक प्रतिनिधि विजय टोप्पो व स्कूल कैप्टन रितेश अहीर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। संदेश में फादर नरेश ने कहा कि हमे भी संत जॉन मेरी की दिखाये रास्ते पर चलते हुए हमेशा लोगों की भलाई के लिए तत्पर रहना है। और ऐसे इंसान बनना है जो दूसरे इंसान के दर्द को समझ सके तभी दुनिया में शांति फैलेगी। धन्यवाद ज्ञापन फादर मनोज ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय कुजूर, कुलदीप तिर्की, शानिएल गाड़ी, रोशन ,अमित, रूबल बारला, जेवियर, हेंरिका, श्वेता, बिनीता, उर्मिला, निखिल, और बच्चों की अहम भूमिका रही। अंत में सामूहिक नृत्य के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा फादर रोशन के द्वारा की गयी।

केवीके वैज्ञानिक के निधन पर शोक सभा

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय में शुक्रवार को केवीके वैज्ञानिक डॉ समशेर बहादुर सिंह के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया. कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा के शांति की कामना की गयी. डॉ सिंह के सड़क दुर्घटना में बुधवार को निधन होने पर बीएयू कुलपति ने कृषि विज्ञान केंद्र, गिरिडीह एवं बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र, गोरियाकरमा (हजारीबाग) के लिए अपूरणीय क्षति बताया. मौके पर डॉ एमएस मल्लिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ पीके सिंह, डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ डीके शाही, डॉ एस कमार्कार, डॉ एमके गुप्ता, डॉ अशोक कुमार, डॉ अमृत झा, डॉ सुप्रिया आदि ने डॉ सिंह के कार्यों पर प्रकाश डाला और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की. स्व. डॉ समशेर बहादुर सिंह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, गिरिडीह में वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन) के पद पर वर्ष 2006 से कार्यरत थे, साथ ही गोरियाकरमा (हजारीबाग) स्थित बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र में भी पौधा प्रजनक का कार्यभार देख रहे थे. प्रदेश उपयुक्त खरीफ एवं रबी फसलों के बीजोत्पादन में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है. उत्तरप्रदेश निवासी स्व. सिंह ने हजारीबाग में अपना निवास स्थान रखा था. उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे एवं एक बच्ची है। डॉ समशेर बहादुर सिंह के निधन पर बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र, गोरियाकरमा (हजारीबाग) के प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में गुरुवार के प्रातः शोकसभा आयोजित की गयी. उपनिदेशक डॉ श्री निवास गिरी की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा के शांति की कामना की गयी.

प्रदेश कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

रांची। राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हाथों में झंडे लिए थे। इस दौरान आम लोगों को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई गई। विजय जुलूस के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सत्य और न्याय का पुष्टि करने वाला है। भाजपा की पूरी मशीनरी के निरंतर प्रयासों के बावजूद हम न हार मानने, न झुकने, न दबने वाले हैं। हमें न्याय प्रक्रिया में पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है उससे यह साफ प्रतीत होता है सत्य परेशान हो सकता लेकिन पराजित नहीं। आज का दिन खुशी का दिन है। राहुल गांधी के खिलाफ साजिश नाकामयाब रही। विजय जुलूस में शामिल होने वालों में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, अनादि ब्रह्म, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 40 इंस्पेक्टरों का किया तबादला

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर रैंक के 40 पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है। इस संबंध में संबंधित अधिसूचना डीआईजी कार्मिक की ओर से शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मोहम्मद रुस्तम को स्पेशल ब्रांच रांची, मुनु टुडू को एसीबी रांची, नूतन मोदी को सीआईडी रांची, उज्जवल कुमार साह को सीआईडी रांची, गजेंद्र कुमार पांडे को सीआईडी रांची रविंद्र कुमार सिंह को झारखंड जगुआर, शैलेश कुमार चौहान को जेएपीटीसी पदमा, रामनारायण चौधरी को एसीबी रांची, विनय कुमार राम को एसीबी रांची, दिनेश कुमार सिंह को झारखंड जगुआर, सुजीत कुमार को कोडरमा, रत्नेश मोहन ठाकुर को लोहरदगा, आदिकांत महतो को रांची, सहदेव प्रसाद को देवघर, अनिल कुमार को देवघर, गुलाब सिंह को गढ़वा, परमेश्वर लेयांगी को जेएपीटीसी पदमा, नवीन कुमार सिंह को देवघर, सुरेश कुमार मंडल को रांची, जोसेफ फ्रांसिस तिर्की को बोकारो, अनिल कच्छप को बोकारो, अशोक कुमार 1 को बोकारो, दिवाकर मंडल को बोकारोराज बल्लव पासवान को बोकारो, संजय कुमार को बोकारो, रूपेंद्र कुमार राणा को बोकारो, नवल किशोर सिंह को बोकारो,मनोज कुमार को गिरिडीह, धर्मपाल कुमार को गिरिडीह, राजेश रंजन को गिरिडीह, रामाकांत तिवारी को गिरिडीह, रविन्द्र कुमार सिंह को गिरिडीह,श्याम किशोर महतो को गिरिडीह, ज्ञान रंजन सिंह को गिरिडीह,भिखारी राम को गिरिडीह, अनूप बी पी केरकेट्टा को गिरिडीह, ममता कुमारी को गिरिडीह, मो कमाल खां को गिरिडीह और अजय कुमार को गिरिडीह तबादला किया गया है। जारी आदेश में मुख्यालय की ओर से सभी एसएसपी और एसपी को इंस्पेक्टरों को जल्द विरमित कर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया है।

रांची सहित अन्य सात दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों के उन्नयन की योजना

रांची। भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से शुक्रवार को राज्यसभा में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन से सम्बंधित जानकारी मांगी। प्रकाश ने जानना चाहा कि केंद्र सरकार आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन के लिए क्या कदम उठा रही है। इसके जवाब में सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) के प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) के उन्नयन के लिए प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए 2539.61 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जारी रखने की मंजूरी दी है। ठाकुर ने कहा कि प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास स्कीम के तहत परिव्यय का अनुमान ऐसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए किया गया है जो निधियों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर किए जाते हैं।

इंडिया गठबंधन के प्रभाव का नतीजा है एनडीए की बैठक: संजय झा

पटना। जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि जुलाई माह में अनुमान के मुताबिक 48 फीसदी कम बारिश हुई है, जो चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं इस पर नजर बनाए हुए हैं। सोन, गंडक और कोशी में अत्यधिक पानी पहुंचाने का कार्य भी प्रगति पर है। ज्यादातर जगहों पर सरकार नहर के द्वारा पानी पहुंचा रहा है। वह शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए संजय झा ने कहा कि अभी तक केंद्र की ओर से किसी भी तरह का कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ है। बिहार सरकार अपने क्षमतानुसार किसानों को सुविधा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एनडीए गठबंधन की लगातार हो रही बैठक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में कभी भी एनडीए गठबंधन की बैठक नहीं बुलाई गई थी लेकिन इंडियन गठबंधन की ताकत से घबराई हुई भाजपा ने एनडीए गठबंधन का बैठक बुलाने का निर्णय लिया। झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर जुटाने का जो मुहिम शुरू किया था वह अब रंग ला रही है। भाजपा के लोग कहते थे कि विपक्षी दलों को एकजुट करना मुश्किल काम है लेकिन आज विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का ही प्रभाव है कि भाजपा अपने घटक दलों के साथ बैठक करने पर मजबूर हो रही है। मुख्यमंत्री ने बिहार में कानून का शासन स्थापित कर पूरे देश में संदेश दिया। हमारे यहां पुलिस वालों को फर्जी एनकाउंटर करने की छूट नहीं दी जाती है। मुख्यमंत्री के सुशासन का ही प्रमाण है बिहार में कर्फ्यू लगाए एक जमाना हो गया। मुख्यमंत्री ने बिहार में कभी जातीय और सांप्रदायिक दंगा नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में पत्रकारों के पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि अभी ऐसी कोई बात नहीं हुई है। मुख्यमंत्री बिहार की जनता की सेवा में तत्पर हैं और भाजपा के खिलाफ देशभक्त विपक्षी दलों को एकजुट कर रहे हैं।

बिहार सेवा के अधिकारी प्रमोद कुमार पर होगी विभागीय कार्रवाई

25 करोड़ की सरकार को क्षति पहुंचाने का आरोप

पटना। बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रमोद कुमार के खिलाफ 25 करोड़ की क्षति पहुंचाने को लेकर विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को संकल्प जारी कर दिया है। सहरसा के तत्कालीन जिला प्रबंधक एसएफसी प्रमोद कुमार पर 2012-13 में धान अधिप्राप्ति मिलिंग के लिए संबद्ध मिलरों के साथ नियमानुसार एकरारनामा नहीं करने का आरोप है। साथ ही बैंक गारंटी व अन्य दस्तावेज नहीं प्राप्त करने के आरोप मिले। इसके बाद राज्य खाद्य निगम ने 01 अप्रैल, 2022 को आरोपित अधिकारी पर कार्रवाई को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग को रिपोर्ट किया। इसमें कहा गया कि इस अधिकारी की वजह से निगम को 11789 एमटी, सीएमआर जिसकी राशि 25 करोड़ 53 लाख रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग की रिपोर्ट के बाद आरोपित अधिकारी प्रमोद कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया। जवाब से असंतुष्ट होते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला गंगा समिति की बैठक में डीएम ने परिषद प्रबंधक को फटकारा

किशनगंज। जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा की सहायक नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के निमित्त बैठक में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गए। पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में डीएम श्रीकांत शास्त्री ने किशनगंज शहरी क्षेत्र में प्रवाहित रमजान नदी की सफाई और शहर के सौंदर्यीकरण व अतिक्रमण मुक्त करने शहरी क्षेत्र की साफ सफाई लेकर डीएम सख्त दिखे। किशनगंज नगर परिषद के स्तर पर लापरवाही दिखने पर सिटी प्रबंधक कड़ी फटकार लगाई गई। इस दौरान महानंदा, डोंक आदि सहायक नदियों में स्थानीय स्तर पर नदी-नाला में कचरा नहीं डालने के लिए लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। नदियों के घाटों की सुव्यवस्थित ढंग से मरम्मत कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर बल दिया गया। इसी क्रम में किशनगंज शहरी क्षेत्र में निर्माणाधीन छठ घाट की प्रगति और ओदरा घाट पर रिवर फ्रंट के प्रस्ताव की समीक्षा करने का निर्देश दिए गए। सभी नगर निकाय में ठोस कचरा प्रबंधन की समीक्षा की गई। बुडको के पदाधिकारियों से प्रस्तावित एक विद्युत शवदाह गृह, दो लकड़ी शव दाह गृह के निर्माण की स्थिति और नदी किनारे खनन व घाट पर पौधारोपण पर विमर्श हुआ। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जिला में छह लाख पौधारोपण का लक्ष्य है। इसमें 2.5 लाख पौधारोपण किया गया है। नौ अगस्त को विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण की सूचना दी गई। पीएचइडी को गंगा की सहायक नदियों एवं उप नदियों के किनारे पंचायत वार्ड में ग्राउंड वाटर की स्थिति और नदी के किनारे अवस्थित प्रखंड एवं पंचायत वार गांव का वार्डवार जल स्तर की स्थिति की निगरानी का निर्देश दिया गया।

जदयू की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

भागलपुर। भागलपुर जदयू जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह के अध्यक्षता में शुक्रवार को जीरोमाइल स्थित विवाह भवन में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय प्रभारी प्रह्लाद सरकार, विधानसभा प्रभारी संतोष साहनी, मनोरंजन मदन दास, दलित आयोग के पूर्व सदस्य संजय राम, प्रदेश कार्यसमिति के सम्मानित सदस्य महादेव यादव शामिल हुए। बैठक में जिला के तमाम प्रखंड से आए हुए प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, शहबाज उर्फ मुन्ना, विजय मंडल, किशोर कुमार मुन्ना, बृजेश कुमार सिंह, गुरुदेव पोद्दार, लल्लन कुशवाहा, सदानंद मंडल ने अपनी अपनी बातों को रखा।

लूट कांड में संलिप्त अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। सिकटा थानान्तर्गत एयरटेल कम्पनी में (डिस्ट्रीब्यूटर) कार्यरत आकिब रहमान से 58000 रू० एवं वन प्लस मोबाईल अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा लूट लिया गया था, जिस संदर्भ में सिकटा थाना कांड सं०-81/ 23, दिनांक- 19.07.2023 धारा-392 भा०द०वि० तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध दर्ज किया गया था। सिकटा थाना द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों में सामिल मोजीबुल हक उम्र 30 वर्ष, पिता-नुरूल कमर एवं धौसुलाह उम्र 32 वर्ष, पिता शेख दुरसीद, दोनों सा०-शेरवा, टोला-झुमका, थाना सिकटा, जिला-पश्चिम चम्पारण, बेतिया को लूटे गये वन प्लस मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शेष बचे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम/पता :-मोजीबुल हक उम्र 30 वर्ष, पिता-नुरूल कमर, एवं धौंसुलाह उम्र 32 वर्ष, पिता ० शेख दुरसीद, दोनों सा० शेरवा, टोला झुमका, थाना- सिकटा, जिला-पश्चिम चम्पारण, बेतिया के स्थायी निवासी है जिसके पास से मोबाईल (लूटा गया) एक छापामारी दल को मिली है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक बेतिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। वही छापामारी दल में सामिल पु०अ०नि० रमेश कुमार महतो थानाध्यक्ष, सिकटा, पु०अ० नि०अरविन्द कुमार ठाकुर, सिकटा, परि पु०अ०नि० राहुल कुमार, सिकटा थाना रिजर्व गार्ड रहे।

पुलिस ने हथियार लहरा रहे छह लोगों को पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार

बेगूसराय। पुलिस ने गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कुम्हारसों-स्टेशन रोड के पास बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले विफल कर दिया। मौके पर से बेगूसराय एवं समस्तीपुर जिला के छह लोग को एक लोडेड देशी पिस्तौल, एक गोली एवं दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी योगेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो मोटरसाइकिल पर सवार छह लोग हथियार लहराते हुए ग्राम कुम्हारसों स्टेशन रोड के पास किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही मेरे निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई कर दी। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद, गश्ती दल एवं सशस्त्र बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से घेराबंदी करते हुए बदिया बांध गाछी के पास से सभी को हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोग में गढ़पुरा थाना क्षेत्र के भनसी नवटोलिया निवासी मनीष कुमार एवं कुम्हारसों निवासी बसंत कुमार तथा समस्तीपुर जिला के बिथान थाना क्षेत्र के केलवारी निवासी राजाराम कुमार, भविष्य कुमार, छतीस कुमार एवं गुड्डु कुमार को पूछताछ के बाद सभी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी ली जा रही है।

पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम को अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बनने पर डेहरी में खुशी की लहर, मुख्यमंत्री को दी बधाई

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। निवासी जदयू के पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम को अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य बनाया गया है। उनके डेहरी पहुंचने पर लोगों ने फूल माला से स्वागत किया।और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी। सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम को शहर वासियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया श्याम बिहारी राम ने बताया कि जिले में कई अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास हैं जो कुव्यवस्था के शिकार हैं। जिसे ठीक करने की आवश्यकता है। इस क्रम में जगजीवन बाबू अनुसूचित जाति छात्रावास का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में शौचालय भरा हुआ और आवास की सफाई सुचारू नहीं होने से गंदगी काफी दिखी उन्होंने कहा कि इसकी सूचना तत्काल संबंधित सचिव को और मुख्यमंत्री को दिया जाएगा। साथ ही छात्रावास में लाइब्रेरी में पुस्तकें नहीं थी। और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्वागत के क्रम में अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, कार्यकताओं ने बाटी मिठाई

नवप्रदेश प्रतिनिधि कोचस। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। जिसको लेकर कोचस सासाराम रोड स्थित प्रवीण पाठक के आवास एवं कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई । कांग्रेस युवा नेता सह पूर्व जिला परिषद मुन्ना पासवान ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में मानहानि का सुप्रीम कोर्ट में केश दायर किया गया था जिसमें पूर्व अध्यक्ष को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दोष मुक्त साबित किया गया। जिसको लेकर कोचस प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां आफजाई की। कोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है।

आशा फेलिसिटेटर व कार्यकताओं के बीच अधिकारियों की हुई वार्ता, ओपीडी सेवा को बाधित ना करने पर हुई सहमति

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। नगर के पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में शुक्रवार को बीडीओ मो०जफर इमाम और सीओ अमित कुमार के नेतृत्व में स्थानीय हड़ताली व प्रदर्शनकारी आशा फेलिसिटेटर व कार्यकताओं के बीच हुई वार्ता में बड़ी कामयाबी मिली है। जिसके तहत पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में संचालित ओपीडी सेवा को बाधित ना करने पर सहमति हुई है। अधिकारियों से बातचीत में आशा कार्यकताओं ने बार-बार अपनी मांगों पर सरकार द्वारा तवज्जोह नहीं देने की बात कही। लेकिन अधिकारियों ने उन्हें बिना हड़ताल को प्रभावित किये मानवीय आधार पर ओपीडी सेवा सुचारु रूप से चलने देने की अपील की। जिस पर बात बन गई। वहीं इमरजेंसी सेवा और प्रसव और डिलेवरी डोज के टीकाकरण को पहले ही आशा कार्यकताओं ने हड़ताल के प्रभाव से अलग कर रखा है। लेकिन आरआई(नियमित टीकाकरण) के मुद्दे पर आशा कार्यकताओं ने रोक हटाने से इंकार कर दिया। और कोल्ड स्टोर की तालाबंदी हटाने से इंकार कर दिया। इधर ओपीडी पर हुई सहमति के बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वार्ता में आशा कार्यकताओं का नेतृत्व आशा संयुक्य संघर्ष समिति की प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी, संगीता देवी, संगीता देवी और रंजू देवी ने किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० एनके आर्या, पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० राजेंद्र प्रसाद, बीसीएम शकील अहमद और वार्ड पांच के पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी बबन कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

एक टीबी संक्रमित मरीज साल में 15 लोगों को कर सकते हैं संक्रमित: डॉ राकेश कुमार

नवप्रदेश प्रतिनिधि सासाराम। 2025 तक टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं और टीबी के मरीजों की पहचान करके उनका इलाज किया जा रहा है, ताकि टीबी मरीज जल्द से जल्द ठीक हो सके और देश को टीबी मुक्त बनाया जाए, परंतु टीबी बीमारी से संक्रमित मरीजों की थोड़ी सी लापरवाही की वजह से यह बीमारी घटने के बजाय बढ़ता चला जा रहा है। उनकी थोड़ी सी लापरवाही उनके परिवार के साथ आसपास के लोगों को भी यह बीमारी अपने चपेट में ले रहा है। जिससे टीबी मरीजों का आंकड़ा घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। टीबी एक संक्रमित बीमारी है जो अधिकांश टीवी मरीजों द्वारा जहां-तहां थूकने की वजह से सबसे ज्यादा फैलता है। हालांकि टीबी के इलाज के लिए आए मरीजों को जिला यक्ष्मा केंद्र द्वारा लगातार जागरूक करते हुए उन्हें सलाह दिया जाता है की अपने घरों के साथ साथ बाहर निकलते समय भी मास्क का इस्तमाल जरूर करें। साथ ही जहां तहां ना थूकें। रोहतास जिला यक्ष्मा केंद्र सी मिली जानकारी के अनुसार जिले अभी अभी 1500 के आसपास टीबी से संक्रमित मरीज है जिनका ईलाज जारी है। एक जानकारी के अनुसार टीबी बीमारी से ग्रसित एक व्यक्ति आदि इलाजरत नही है तो व 1 साल में 15 लोगों को टीबी से ग्रसित कर सकता है। यदि उसका इलाज जारी है और सावधानी बरत रहा है तो दूसरे व्यक्ति को संक्रमित होने का खतरा कम हो जाता है।

1528 मरीजों का चल रहा है ईलाज

जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में प्रतिमाह 150 से 200 टीबी के मरीज मिल रहे हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी से जून तक हुए जांच में 1029 टीबी के नए मरीज मिले जिसमे जनवरी में 122 मरीज पाए गए थे। वहीं फरवरी में 184, मार्च में 135, अप्रैल में 203, मई में 202 तथा जून में 183 टीवी के मरीज पाए गए थे। इस तरह से रोहतास जिले में पिछले 6 महीनों में 1029 टीबी के नए मरीज पाए गए हैं। वर्तमान में जिले में कुल 1528 टीबी के मरीजों का इलाज जारी है।

टीबी से ग्रसित लोगों को बरतनी होगी सावधानी

सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी की बीमारी एक संक्रामक बीमारी है और टीबी से ग्रसित मरीजों को जहां-तहां थूकने से बहुत तेजी से दूसरे में फैलता है। ऐसे में जरूरत है टीबी से पीड़ित मरीज अधिक से अधिक सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि यदि घर में एक टीबी के मरीज हो तो उन के माध्यम से और भी लोग इस बीमारी से संक्रमित हो सकते हैं। इसलिए अपने घर के सदस्यों के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को इस जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए सावधानी बरतना अति आवश्यक है।

सेमरांव पंचायत के विभिन्न गांव में चापाकल सूखे, पेयजल की समस्या उत्पन्न

नवप्रदेश प्रतिनिधि चरपोखरी। प्रखंड में बारिश कम होने के कारण प्रखंड के सैमरांव पंचायत के विभिन्न गांव का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण पंचायत के सेमरांव, बड़हरा, इंग्लिशपुर, दुलौर, छपरा टोला सहित विभिन्न गांव में चापाकल सूखने लगे हैं। जिसे कारण लोगों को पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 150 से 200 फीट की गहराई वाला चापाकल सिर्फ चल रहे हैं, और निम्न जल स्तर वाले चापाकल बंद हो चुके हैं। ऐसे में पेयजल के लिए टोले मोहल्ले में चल रहे हैं चापाकल के पास पानी लेने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जा रही है। सेमरांव सरपंच राम नारायण सिंह ने बताया कि प्राकृतिक के धोखे के कारण एक बूंद बरसा नहीं हुआ है जिसके कारण पीने का पानी का संकट उत्पन्न हो चुका है धान की रोपनी 10% भी नहीं हुआ है जिसके कारण ग्रामीण परेशान पूर्व मुखिया रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे किसानों एवं ग्रामीणों को पानी की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग जिलाधिकारी भोजपुर से की गई है इंग्लिश निवासी अशोक सिंह अरुण कुमार, सरफराज आलम, भोला साह, जयकिशोर साह, अकरम अली, सरोज कुमार, छपरा गांव निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि पेयजल संकट की समस्या से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन व जन प्रतिनिधियों से पेयजल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

एक नजर

बाइक से गिरकर एक महिला की मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। शुक्रवार की सुबह लगभग 8:00 बजे आरा सासाराम मुख्य पथ एसएच 12 दर्शन टोला, संझौली के समीप बाइक से गिरकर एक 30 वर्षीय महिला की मौत हो गइ। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक दंपति अपने बच्चों के साथ बिक्रमगंज से संझौली की ओर आ रहा था कि बाइक सवार नियंत्रित होकर गिर पड़ा, बाइक नियंत्रण होते ही चालक के साथ बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्पश्चात घायल महिला के साथ सवार व्यक्ति उपचार के लिए संझौली निजी अस्पताल में जा रहा था कि अचानक रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीण मोनू गुप्ता व सुनील गुप्ता ने बताया कि बाइक से गिरकर मौत हुई महिला, संझौली महादलित टोला निवासी विक्की कुमार की 30 वर्षीय पत्नी गायत्री देवी बताई जा रही हैं। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे नहीं मिली है।

तालाब में डुबने से एक युवती की मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। थाना क्षेत्र के पोखराहां गांव में तालाब में डुबने से एक युवती की मौत हो गई। युवती का नाम प्रियंका कुमारी बताया जाता है। जो उक्त गांव के पूर्व मुखिया कामाख्या नारायण सिंह की पुत्री बताई जाती है। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। सूत्रों के अनुसार उक्त युवती गत बुधवार को देर शाम घर से लापता मिली थी। जिसके बाद परिजनों ने रात में ही थाने में सूचना दर्ज करा के अपहरण की शंका व्यक्त की थी। जिसके बाद शक की बुनियाद पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। इसी क्रम में शुक्रवार को सुबह पोखराहां गांव के ही एक तालाब से युवती का शव बरामद हुआ। सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी और लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद थाने को भी सूचना दी गई। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिता दास ने बताया कि शव बरामद होने के बाद परिजन घटना को महज एक दुर्घटना मान रहे हैं। शंका व्यक्त की जा रही है कि शौच के लिए युवती हादसे का शिकार होकर तालाब के गहरे पानी में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की असली वजह सामने आएगी। जिसके बाद ही पुलिस कुछ पाएगी।

12 लीटर देसी शराब के साथ 1 धंधेबाज गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना पुलिस ने शुक्रवार कि सुबह बलिहार मुख्य बाजार से 12 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है .वही क्षेत्र के आमापोखर गांव से थाना कांड के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि एएसआई जयप्रकाश पांडे मैं बलिहार मुख्य बाजार से शराब के धंधे बाज धनगाई निवासी मिथिलेश कुमार को 12 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। वही अपर थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार राम ने आमा पोखर गांव से थाना के एक कांड के आरोपी शिवजी पासवान को गिरफ्तार किया है जिसे दोनों को कोविड-19 की जांच करा कर न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया गया।

घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने दिनदहाड़े उड़ाया

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना अंतर्गत सदर पंचायत के बारुन टांड़ से शुक्रवार को घर के पास गली में खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी कर ले भागे चोर घटना की सूचना पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन दे कर की है। पीड़ित सदर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार सिंह ने अपने दिए गए आवेदन में लिखा है कि शुक्रवार को दिन के लगभग 10 बजे घर के पास गली में बाइक खड़ा करने के साथ ही उसे लॉक कर खाना खाने घर में चला गया. कुछ देर बाद वापस लौट कर देखा तो मेरी बाइक वहाँ नहीं थी। जिसे आस पास बहुत खोजबीन की. लेकिन कहीं पता नही चल पाया मेरी बाइक पैशनप्रो रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24-के 8736 ब्लैक कलर का है इस बारे में पूछने पर पुलिस ने बताया कि बाइक चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है।

डॉ प्रसिद्ध बने महिला कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय की अंगीभूत इकाई स्थानीय महिला कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रसिद्ध नारायण सिंह को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। विश्विद्यालय ने पूर्व में हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ गीता पांडेय को प्रभारी बनाया था। उनके द्वारा व्यक्तिगत कारणों से उक्त दायित्व निर्वाहन में असमर्थता जताने के बाद डॉ सिंह को प्रभारी प्राचार्य बनाया है। विश्विद्यालय के कुलसचिव ने अपने पत्र में कहा है कि डॉ पांडेय के असमर्थता को स्वीकार करते हुए वरीय शिक्षक का निर्धारण होने तक कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रसिद्ध कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

नवनिर्वाचित केन यूनियन अध्यक्ष का किया गया स्वागत

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। केन यूनियन बिक्रमगंज के अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में संझौली पैक्स के अध्यक्ष विजय कुमार राय को जीत दर्ज किये जाने पर राजपूत करणी सेना ने शहर के आरा रोड में एक समारोह का आयोजन किया। समारोह मे तीन बार से चांदी पंचायत पैक्स अध्यक्ष रहे और केन यूनियन के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने पर विजय कुमार राय को फूल माला, बूके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। लोगों से राय को जीत की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। समारोह में राजपूत करणी सेना के प्रदेश प्रभारी पप्पू सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष सूर्यपुरा सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजपूत करणी सेना बिहार पिंटू सिंह कर्मा, भूई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनजी राय, शैलेश मिश्रा, मंटू सिंह, राजू सिंह, पिंटू सिंह, राकेश मिश्रा, मनीष सिंह सहित कई लोगों ने राय को सम्मानित करते हुए बधाई दी। नवनिर्वाचित केन यूनियन बिक्रमगंज के अध्यक्ष विजय कुमार राय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पैक्स अध्यक्षों ने जो हमें जिम्मेवारी दी है उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। कभी किसी तरह का शिकायत का मौका नहीं दूंगा।

विद्यालय में कम छात्रोपस्थिति पर डीपीओ ने जताई नाराजगी

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना व लेखा सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पीरो अर्पणा ने विद्यालय भ्रमण के दौरान कम छात्रोपस्थिति पर कडी नाराजगी जाहिर की। प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कुल नामांकित 2608 छात्र-छात्राओं में महज तीन सौ छात्र ही उपस्थित हैं। इसको लेकर डीपीओ सह बीइओ ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को छात्रोपस्थिति बढाने की हिदायत देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर छात्रोपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हुआ तो प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों का वेतन स्थगित किया जाएगा। मौके पर डीपीओ ने विद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, जिम व खेलकूद की व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया। वही उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लहराबाद के निरीक्षण के क्रम में कम छात्रोपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए। अर्पणा ने कहा कि छात्रोपस्थिति बढाने के साथ साथ मध्य विद्यालय के आवश्यक योग्यताधारी शिक्षक की सेवा माध्यमिक कक्षाओं के संचालन के लिए लिया जाए। ऐसा नहीं किए जाने पर प्रधानाध्यापक व शिक्षकों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। डीपीओ सह बीइओ द्वारा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बचरी, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भडसर का भी निरीक्षण किया गया।

अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कबूल अहमद को ग्रामीणों ने किया स्वागत

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। अल्पसंख्यक आयोग के नव मनोनीत सदस्य महताब अहमद उर्फ काबुल अहमद का शुक्रवार को, अपने पैतृक गांव बभनौल पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। सरपंच शेख आफताब आलम ने बताया कि राज्य सरकार ने बभनौल निवासी काबुल अहमद को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है।

बीजों का सुरक्षित भण्डारण

पिंकी शर्माए पूनम यादव
पादप व्याधि विभाग, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर-303329

कृषि में उन्नत बीज का स्थान सर्वोपरि है क्योंकि उन्नत खेती को नीव एक अच्छे बीज पर ही आधारित है अत: बीजों का उचित भण्डारण बहुत जरूरी है। बीज पैदा करके उसे बोने तक भण्डारण का महत्वपूर्ण स्थान है। भण्डारित किये गये बीजों में ज्यादात्तर नुकसान कीटों द्वारा ही होता है। इसके अलावा चूहें, चिड़िया, दीमक एवं फफूंद आदि द्वारा भी नुकसान होता है। बीजों में कीट पैदा होने से बीजों की अंकुरण क्षमता, ओज एवं गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। इससे खराब बीज न तो बाने`लाइक और न ही खाने लाइक रहता है। इसलिए बीजों का भण्डारण पूरी सावधानी एवं देखरेख के साथ करनी चाहिए।

भण्डारित बीजों का नुकसान निम्न कारकों पर निर्भर करता है

1. बीज में अधिक आर्द्रता का होना।
2. खेत से ही सक्रमणित बीजों का भण्डारण
3. कीटों द्वारा संक्रंमणित भण्डारण
4. भण्डारण के दौरान ताप एवं नमी में वृद्वि
5. भण्डारण में ऑक्सीजन की उपलब्धता

हमारे देष में अधिकतर किसान बीज स्वयं भण्डारित करते है और उनमें से अधिकतमर बीजों का नुकसान कीटों से होता है। इन भण्डारित कीटों (खपरा, सुरसुरी, घून, पंतगा, तीली आदि) को लगभग सभी किसान जानते है परन्तु इन कीटों के प्रकोप से बचने के लिए उचित भण्डारण एवं नियन्त्रण पर ध्यान देकर होने वाले भौतिक नुकसान के साथ-साथ बीज की अकुंरण क्षमता एवं ओज को भी बरकरार रख सकते हे।

बीजों में लगने वाले प्रमुख कीट:-

भण्डारण के दौरान कीटों की लगभग चार दर्जन प्रजातियॉ बीजों को नुकसान पहुंचाती है। जिनमें से 10-15 प्रजातियॉ ज्यादा महत्वपूर्ण है। विभिन्न प्रकार के कीटों द्वारा विभिन्न प्रकार बीजों का नुकसान किया जाता है जिनमें से कुछ दानों को बाहर से खाते है। एवं कुछ अन्दर रहकर खाते हैं, जिनमें से प्रमुख कीट निम्नलिखित है।

1. टनाज की फसलों के बीज:- सूंड वाली सुरसुरी (सिटोफिलस, ओरायजी), चावल की सुरसुरी (ओराइजीफिलस सुरी नामेनसिस), गोदाम का पंतगा (कैडरा कॉटेला), मक्का का पंतगा (कोरसाइरा सिफैलोनिका), आटे का कीट (ट्राइबोलियम कैस्टेनियम), एवं खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम)
2. दलहनी फसलों के बीज:- ढोरा (चार प्रजातियॉ- कैलोसोब्रुकस मैकुलेटस, कै. चाइनेनसिस, कै. एनालिए एवं ब्रुकस पाइसोरम घुन (राइजोपरथा डोमिनिका), खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम), चावल पंतगा (कोरसाइरा सिफैलेनिका), एवं गोदाम का पंतगा (केडरा कॉटेला) समय छाया में सुखाकर बोरों या थैलियों में भरकर भण्डारित करना चाहिए।
3. बीजों में उचित नमी:- बीजों को भण्डारित करने से पूर्व यह जॉच कर ले कि बीजों में सामान्यत: 10 प्रतिषत से अधिक नमी न हो, लेकिन मूॅगफली एवं सरसों में 7 प्रतिषत एवं धान में 12 प्रतिषत एवं अरण्डी में 8 प्रतिषत से अधिक नमी नही होनी चाहिए।
4. भण्डारण कक्ष/पात्र को कीट मुक्त करना:- बीजों को जिस किसी कक्ष या पात्र में भण्डारित करना हो उसे भण्डारण पूर्व कीट मुक्त करना चाहिए। यदि भण्डारण कमरे या गोदाम में करना है तो उसे अच्छी तरह साफ करके मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। यदि बीज को मटके में भण्डारित करना हो तो मटके के अन्दर व बाहर 10 मि.ली. मैलाथियान का छिड़काव करें।
5. बीज भण्डारण के पश्चात् बीजों कें नमी की वृद्वि रोकना एवं प्रधूमन करना:- बीज भरे बोरों या थैलियों को लकड़ी के तख्ते या पॉलीथीन चादर या बॉस की चटाई पर रखना चाहिए ताकि उनमें नमी का प्रवेष न हो।। वर्षा ऋतु में भण्डारगृह में भण्डारित बीज होने के कारण कीटनाषी द्वारा उपचारित नही किया गया तो खेत से आये कीटों को नष्ट करने हेतु बीज को एल्युमिनियम फॉसफाइड से 6-9 ग्राम मात्रा प्रति टन बीज के हिसाब से प्रधूमित करना चाहिए।
6. कीट प्रकोप पर निगरानी एवं कीटनाषी का छिड़काव:- भण्डार कक्ष को प्रत्येक 15 दिन में एक बार जरूर देखना चाहिए ताकि बीज में कीट या फर्श पर कोई जीवित कीट दिखाइ देने पर समय पर आवष्यकतानुसार कीटनाषी का छिड़काव या प्रधूमन किया जा सकें। सामान्यत: भण्डार कक्ष एवं बोरों पर 15 दिन के अन्तराल पर मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। बीज भण्डारण में प्रधूमन द्वारा कीटों से बचाव छिड़काव की अपेक्षा अधिक लाभकारी हैं इसलिए प्रधुमन का ही अधिकतम प्रयोग करें।

सावधानियॉ

1. बीजोपचार करते समय कीटनाषी को खुले हाथों से न छुए बल्कि किसी ड्रम में डालकर हिलाकर उपचारित करें।
2. उपचारित बोरियों या थेलियों पर स्पष्ट लिखा होना चाहिए।
3. कीटनाषी बच्चों की पहुॅच से दूर रखनी चाहिए।
4. कीटनाषकों का छिड़काव बदल-बदलकर करें।
5. प्रधुमन सदैव प्रभिक्षित व्यक्ति द्वारा ही करवायो।

गोभीवर्गीय में पोषक तत्वों की आवश्यकता

भूरापन या ब्राउनिंग - यह समस्या गोभीवर्गीय फसलों में बोरान की कमी से होता है।

लक्षण - भूरापन में शुरूआत में फूल में जल अवशोषित धब्बे पड़ जाते हैं, जो कि बाद में बड़े हो जाते हैं। इसके बाद तने में भी जल अवशोषित धब्बे पड़ते हैं तथा तना अंदर से खोखला हो जाता है। यदि भूरापन का प्रकोप ज्यादा होता है तो पूरा फूल में कुछ दिन बाद गुलाबी या भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं।

उपचार - बोरान की कमी को दूर करने के लिये 10-15 किलो बोरेक्स प्रति हेक्टर भूमि में पौध रोपण के समय देना चाहिए अथवा जब फसल खड़ी हो 0.1 प्रतिशत बोरेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए प्रथम छिड़काव पौध रोपण के दो सप्ताह पश्चात और दूसरा छिड़काव फूल बनने से दो सप्ताह पहले करना चाहिए।

व्हिपटेल - यह लक्षण गोभीवर्गीय फसलों में मालीब्डिनम नामक तत्व की कमी के कारण होता है।

लक्षण - मुख्यत: मालीब्डिनम की कमी अम्लीय भूमि में हो जाती है अर्थात् मालीब्डिनम अनुपलब्ध रूप से हो जाता है, जिससे पौधे इस तत्व का अवशोषण नहीं कर पाते और व्हिपटेल के लक्षण दिखाई देते है, इसमें शुरूआत में पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ सिकुड़ कर सफेद पड़ने लगती हैं तथा कुछ दिन बाद पत्तियां अपना आकार खो देती हैं और मिडरिब के अलावा शेष भाग सूख जाता है, जिसके कारण इसे सामान्यत: व्हिपटेल कहा जाता है।

उपचार - मालीब्डिनम की कमी को दूर करने के लिए अम्लीयता कम करने के उद्देश्य से 50-70 क्विंटल बुझा चूना प्रति हेक्टर खेत की तैयारी के समय भूमि में मिला देना चाहिए। इसके साथ ही पौध रोपण के पहले 2.5 से 5 किलो सोडियम मालीब्डेट प्रति हेक्टर भूमि में मिला देना चाहिए अथवा खड़ी फसल में 0.05ज सोडियम मालीब्डिट घोल का पौधों पर छिड़काव करना चाहिए।

बटनिंग - बटनिंग की समस्या गोभी वर्गीय फसलों के कई कारणों से होती है जैसे अधिक उम्र के रोप के कारण, नाइट्रोजन की कमी के कारण या समय के अनुसार उचित किस्मों को ना लगाने से ऐसा होता है।

लक्षण - फूलों का विकसित ना होकर छोटा रह जाना बटनिंग कहलाता है। इसमें फूलों का आकार छोटा हो जाता है तथा कम विकसित पत्तियाँ होती हैं।

उपचार - बटनिंग को रोकने के लिये अगेती या पिछेती किस्में अनुशंसित समय पर ही लगाएं, पौधे की वृद्धि चाहे वह नर्सरी में हो या खेत में नहीं रूकनी चाहिए। अधिक सिंचाई न करें। जो पौधा नर्सरी में अधिक दिन के हो उन्हें खेत में न लगाएं और नाइट्रोजन की उचित मात्रा पौधों को समय-समय पर दें।

रेसीयनेस - रेसीयनेस के लक्षण मुख्यत: वातावरण में अनुकूल तापमान की कमी, अधिक नाइट्रोजन देने के कारण तथा अधिक आर्द्रता के कारण होती हैं।

लक्षण - समय से पूर्व अविकसित कली को रेसीयनेस कहते हैं। इसमें फूल की ऊपरी सतह ढीली पड़ जाती है तथा सफेद छोटी कलिका बन जाती है।

उपचार - रेसीयनेस से उपचार के लिये उचित किस्म का चयन करें, समय पर पौधों की रोपाई करें, नाइट्रोजन की उचित मात्रा का प्रयोग करें तथा प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

बगीचों की स्थापना व प्रबंधन

नवीन उद्यान का विन्यास (लेआउट) कैसे करें-

नवीन उद्यान का विन्यास (रेखांकन) एक बहुत तकनीकी एवं महत्वपूर्ण क्रिया है। सर्वप्रथम क्षेत्रफल नाप लिया जाये तथा उसका क्षेत्रफल ज्ञात करें फिर चयनित फल एवं उसकी प्रजाति के आधार पर निर्धारित करें कि कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित करें। उद्यान रेखांकन करते समय निम्नलिखित उद्यान स्थल निर्धारित करें-



- सड़क एवं मार्ग
- फार्म हाउस (कार्यालय, भंडार, निवास) के लिए स्थल
- सिंचाई पद्धति के लिये पम्प हाउस, नलकूप, कुआं, फार्म पॉंड का स्थान निर्धारित करें। आजकल ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई प्रचलित है। अत: उसके रेखाकंन के लिये स्थल निर्धारित करें।
- जल निकास हेतु नाली आदि निर्माण हेतु स्थल
- पौधों को लगाने का स्थल
- फार्म पर कम्पोस्ट, नाडेप, केंचुआ खाद आदि का स्थल
- बगीचे के लिये स्वयं की रोपणी हेतु भी स्थल निर्धारित करें।

नवीन बगीचे के लिये प्रारंभिक तैयारियां - स्थल निर्धारण के पश्चात भूमि की सप्लाई, सर्वेक्षण, मिट्टी परीक्षण, समतलीकरण, मिट्टी की जुताई, बगीचे के चारों ओर बागड़-तार, पत्थर की दीवार, वायु अवरोध लगाएं.

फल पौध रोपण - फल पौध रोपण की प्रचलित पद्धतियां निम्न प्रकार की है - **वर्गाकार पद्धति** - वृक्ष की आवश्यकता के अनुसार वर्ग का आकार रखा जाता है। इस पद्धति में पौधे वर्ग के कोने पर लगाए जाते हैं।



आयताकार- इस पद्धति में कतार से कतार की दूरी तथा पौधों की दूरी निर्धारित की जाती है॥

त्रिभुजाकार या षटभुजाकार पद्धति।

पंचवृक्षीया गौपूरक पद्धति- यह वर्गाकार की परिवर्तित पद्धति है इसके वर्ग के मध्य से एक और पौधा बनाया जाता है।आजकल संकर प्रजातियां आम में विकसित की गयी है उन्हें कम दूरी पर बनाया जाता। इसके अतिरिक्त हाईडेन्सिटी पद्धति से रोपण ऊंचाई के आधार पर किया जाता है।

कंटूर के आधार पर रोपण - ऊंची-नीची एवं ढाल भूमि में समोच्च (कन्टूर) के आधार पर रोपण किया जाता है।

पौधों की दूरी निर्धारित करना एवं वृक्षों की वृद्धि को ध्यान में रखकर पौध रोपण के लिये गड्ढों का खोदना - यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। भूमि में मिट्टी की गहराई को ध्यान में रखते हुए फल चयन करें तथा उसकी भावी वृद्धि एवं विकास को ध्यान में रखते हुए रोपण के लिए गड्ढे वर्गाकार पद्धति से या मिट्टी आकार द्वारा खोदें।

रोपण के लिये पौधों का चयन

- पौधे जो वानस्पतिक तरीके या टिशू कल्चर अथवा बीज से तैयार हो उनकी पूरी विश्वसनीयता की जानकारी प्राप्त करके ही लें। उनकी पे डिग्री ज्ञात कर लें. जब तक शासकीय/ पंजीकृत रोपणी से ही पौधे लें तथा पौधों पर टैग लगा हो।
- प्रत्येक पौधे को देखें कि उसकी जूटी जिसमें पौधों की जड़ पंकी हो वह सही हो। ग्राफ्ट की जड़े सायन एवं रूट स्टाक की मोटाई बराबर हो तथा सही तरीके से जुड़ी हों।
- पौधे की बीमारी आदि से ग्रसित न हों। उनकी आयु आदि ज्ञात कर लें।
- जो पौधे चाहे ग्राफ्ट हो,गूटी कलम आदि जैसे भी हो उन्हें भली-भांति परख लें तथा एक सप्ताह तक क्यारी में उतार कर रखें। जो पौधे सही तरह के स्वस्थ हों उन्हें ही लगायें।
- पौधे लगाते समय पौधा गड्ढे के बीज में सीधा लगाया जाये। जड़ को दोनों हाथों से ढीला बांध भली-भांति गड्ढे की मिट्टी के साथ दवाएं जिससे वह भली-भांति स्थिर हो जावे सिंचाई करें। रोपण क्रिया जुलाई, अगस्त, सितम्बर या फरवरी मार्च में लगायें। उसकी सुरक्षा करें तथा कुछ पौधे पृथक रखें जिससे मृदा पौधों के स्थान पर रोपण करें।

फल देने वाले बगीचों का प्रबंधन- जो पौधे फलन स्थिति या किशोर अवस्था में हो उनकी देखभाल एवं वांछित औद्योगिक क्रियाएं क्षेत्र के लिये अनुशंसित विधि से करें। जैसे- कांटछांट का कृन्तन क्रिया कृषि क्रियाएं अनुशंसित खाद एवं उर्वरक निर्धारित मात्रा में डालें, तने को पानी के सम्पर्क में सीधे न आने दें इसलिये उनकी आयु के अनुसार मिट्टी जड़ के ऊपर लगाये, समय पर सिंचाई, निंदाई तथा पौध संरक्षण उपाय करें। फलों की तुड़ाई करें। आम के वृक्षों पर माम फोर्मेशन हो उसे काटकर पृथक करें। जिन पौधों के तने कमजोर हो उन्हें सहारा दें। पौधे के मूल वृन्द से निकलने वाली शाखाओं को काट दें। पौधोंको सही आकार देने के लिए कटाई, छंटाई जरूरी है।

संपादकीय

बढ़ेगी भाजपा की चुनौती

सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलते ही उनकी संसद सदस्यता बहाल होने और 2024 में उनके चुनाव लड़ने का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। जब राहुल को सजा सुनायी गयी थी, तो 24 घंटे के अंदर उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी गयी थी। अब उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही उनकी संसद की सदस्यता बहाल कर दी जायेगी। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सर्टिफाइड कॉपी का इंतजार भी कर सकते हैं। लेकिन एक बात तय है कि इस फैसले से सत्ताधारी भाजपा की चुनौती बढ़ने वाली है। संसद में अब राहुल गांधी की पहले से भी कड़े तेवरों के साथ वापसी होने की संभावना है। मौजूदा दौर में राहुल गांधी बिना शक विपक्ष के सबसे असरदार नेता और नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्र सरकार के खिलाफ सबसे मुखर आवाज हैं। सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक वह मोदी सरकार को घेरते आये हैं। पैदल 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद उनकी एक परिपक्व और जुझारू नेता की छवि उभरी है। इससे कहा जा सकता है कि भाजपा की चुनौती बढ़ेगी। हालांकि, इसका दूसरा पहलू भी है। अब भाजपा 2024 के चुनाव को 'मोदी बनाम राहुल' की सीधी लड़ाई बनाने में कामयाब भी हो सकती है, क्योंकि 'मोदी बनाम राहुल' की सीधी लड़ाई का इतिहास भाजपा के पक्ष में रहा है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐसे वक्त आया है जब लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। साथ ही अगले लोकसभा चुनाव में बमुश्किल 8-9 महीने बचे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली ये बड़ी राहत कांग्रेस का हौसला बढ़ाने वाली है। 'मोदी सरनेम' पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में सूरत कोर्ट से राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने और उसके बाद उनकी संसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस की हालत एक ऐसी सेना की हो गई थी जिसका सेनापति ही चाहते हुए भी युद्ध में हिस्सा नहीं ले पा रहा। सेनापति की वापसी से सेना का जोश हाई होना लाजिमी है। राहुल गांधी ने पिछले 2-3 सालों में कड़ी मेहनत से 'अनिच्छुक राजनीतिज्ञ' और 'अपरिपक्व' राजनेता की उस छवि को ध्वस्त करने में बहुत हद तक कामयाबी हासिल की है, जिसे उनके विरोधियों ने गढ़ी है। 'भारत जोड़ो यात्रा' उसका सबसे बड़ा प्रमाण है। राहुल सीधे आम जनता से मुखातिब हो रहे हैं। ट्रक ड्राइवर हो या सब्जी वाला, बाइक मकैनिक हो या रेहड़ी वाला...वह सीधे आम जनता से कनेक्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस जोश में है। जश्न मना रही है। उनका सेनापति जो चुनावी समर से ठीक पहले लौट आया है। लेकिन यह भी तय है कि सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ सहयोगी दलों की चुनौती भी बढ़ने वाली है। इस तरह से देखा जाये तो राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होते ही केन्द्र की राजनीति में कई बदलाव देखने को मिलेंगे और राजनीति आक्रामक भी नजर आयेगी।

सामयिकी

धारा 370 की समाप्ति के बाद

डॉ. प्रभात ओझा

शनिवार, 05 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के चार साल पूरे हो रहे हैं। इसी दौरान इस कार्यवाही के औचित्य पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ सुनवाई कर रही है। कांग्रेस के नेता रहे और अब राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल की दलील है कि संविधान सभा को ह्यओवरलुकह्ण कर ऐसा करना ठीक नहीं कदम नहीं था। कोर्ट का यह प्रश्न गंभीर है कि संविधान सभा नहीं होने की स्थिति में यह कैसे हो। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उम्मीद करते हैं कि कोर्ट से न्याय मिलेगा। स्वाभाविक है कि उनके लिए ह्यन्यायह्ण का आशय राज्य में 370 की बहाली है। कोर्ट से बाहर जम्मू-कश्मीर की धरती से आ रही खबरों की पड़ताल देश को सुकून देती है। अभी चार महीने पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के पहले प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था। यूएई स्थित एमआर ग्रुप के 500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट से दस हजार नौकरियां मिलने की उम्मीद की गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अभी राज्यसभा में बताया है कि राज्य में 370 हटाये जाने के बाद से करीब 30 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। यह संख्या 29 हजार, 295 बताई गई। आगे सात हजार, 924 रिक्तियों के विज्ञापन आये हैं और दो हजार 504 रिक्तियों के संबंध में परीक्षाएं हुई हैं। विश्वव्यापी कोरोना के बावजूद राज्य के युवाओं के लिए इस तरह के कदम बहुत अच्छा संकेत है। सच यह है कि 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दो केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख के लोग अपना भविष्य सुरक्षित समझने लगे हैं। जम्मू-कश्मीर के आम लोग भी इससे संतुष्ट हैं किंतु राजनीतिक दलों अथवा यूं कहें कि कुछ नेताओं के लिए 370 मसला बना हुआ है। उन्हें इससे संतुष्टि नहीं मिलती कि पिछले दो साल में ही पर्यटक घाटी की ओर जिस तेजी से उमड़ रहे हैं, उससे राज्य की आर्थिकी में इजाफा होगा। अकेले 2022 में ही राज्य में एक करोड़, 88 लाख पर्यटक पहुंचे। निश्चित ही ट्रेड मार्केट पर इसका असर देखने में थोड़ा समय लगेगा। फिर भी जानकार बताते हैं कि स्थानीय बाजार और ट्रैवेल उद्योग की उछाल से इस दिशा में उम्मीदों को चार चांद लगने ही हैं। फिर से लोगों के जेहन में स्थानीय उत्पाद घर करेंगे और उनकी मांग बढ़ेगी। इसी बीच राज्य में जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की सम्पन्न हुई बैठक पूरी दुनिया के लिए साफ संकेत है कि विभिन्न देशों के नजरिए से कश्मीर घाटी के हालात और उसके भविष्य के बारे में छाया धुंध छंट चुका है। वर्किंग ग्रुप में 60 से अधिक प्रतिनिधियों का शामिल होना मायने रखता है। चीन की इससे दूरी को भी समझा जा सकता है कि वह पाकिस्तान के करीब है। स्वाभाविक है कि किसी भी भूभाग में रोजगार और व्यवसाय की स्थिति स्थानीय कानून व्यवस्था पर निर्भर करती है। पिछले तीन वर्ष जम्मू कश्मीर के लिए इस लिहाज से बेहतर कहे जा सकते हैं। उग्रवादी हमले कम हुए है। सुरक्षा बलों की चौकसी से तिलमिलाए चरमपंथियों ने ह्यटारगेटेड अटैकह्ण शुरू किए और इधर हाल में तो अवकाश पर आए एक सुरक्षाकर्मी जावेद अहमद का अपहरण भी कर लिया। सीमाओं पर सख्त सुरक्षा से बौखलाए समर्थकों ने कभी और किसी को भी लक्ष्य करने की जुर्रत शुरू की। हालांकि इस तरह की घटनाएं नगण्य हैं और देश-दुनिया के मुकाबले घाटी पर तीक्ष्ण नजर रखने के चलते मीडिया में यह खबरें बड़ी लगती हैं। यह आंकड़ा भी कानून व्यवस्था की बेहतरी का ही है कि राज्य में स्थानीय चरमपंथी भी घटकर तीन दहाई से भी कम रह गये हैं। निश्चित ही राज्य में राजनीतिक प्रक्रिया का फिर से शुरू किया जाना बड़ा उद्देश्य है। कानून व्यवस्था, रोजगार और बाजार की बेहतरी के बाद लोग चुनाव की उम्मीद कर रहे हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की अपनी कार्य शैली इस तरह की है कि वे प्रतिदिन पंचायत प्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों और आम लोगों के बीच हुआ करते हैं। खबरें बताती हैं कि लोगों का भविष्य में भरोसा बढ़ा है। राज्य के पुनर्गठन के बाद निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन स्वाभाविक प्रक्रिया है। यह काम भी लगभग पूरा होने को है। उम्मीद है कि राज्य की जनता शीघ्र भी अपनी एक निर्वाचित सरकार के साथ आगे बढ़ेगी।

(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े रहे हैं।)

'इंडिया बनाम भारत': लादी हुई लड़ाई

अजय बोकिल

जैसा कि लग रहा था इंडिया बनाम भारत की बहस असली मुद्दों पर से जनता का ध्यान हटाने में लग गई है। कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल सभी दलों को लग रहा है कि इंडिया नामकरण के साथ ही उन्होंने चुनावी मैराथन का पहला पड़ाव जीत लिया है क्योंकि भाजपा के पास इंडिया का विरोध करने के दो ही तरीके हैं, या तो उसे बदनाम करें या फिर खुद को इंडिया से अलग कर लें। भाजपा के लिए दूसरा विकल्प इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि कल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडिया शब्द प्यारा था। मसलन 'मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, इंडिया फर्स्ट वगैरह'। इनमें भारत कहीं नहीं था, क्योंकि भारत शब्द में वो कुलीन भाव नहीं आता, जो इंडिया में आता है। लेकिन यह इंडिया भी तो भारत में से ही बनना है। इसलिए विपक्ष ने शाब्दिक फुटबॉल में यही शब्द अपने पाले में डाल लिया है। अब दोनों ही इसकी अपने-अपने ढंग से व्याख्या करने और एक दूसरे की व्याख्या को फिजूल ठहराने में लगे हैं। इंडिया के बहाने अगले लोकसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक अस्मिता बचाने को लेकर जारी इस बहस में उस भारत की न्यूनतम रूचि है, जो आज भी सही मायनों में 'अच्छे दिनो' की आस में जी रहा है। इस हजारों साल पुराने देश के नामकरण को लेकर एक द्वंद्व हमेशा से रहा है। यह द्वंद्व अपने प्राचीन नाम भारत को धारण किए रखने अथवा न रखने तथा इंडिया जैसा नाम विदेशियों द्वारा दिए गए, लेकिन अब दुनिया भर में प्रचलित हो चुके नाम को ही अपनी पहचान मान लेने का है। समूचा देश इस अंर्तद्वंद्व में 75 सालों से जी रहा है। इसकी सहज व्याख्या यह है कि जब ये देश यस सर कहता है तो इंडिया होता है और जब वो बड़ों के पैर छू रहा होता है तो भारत होता है। या यूं कहे कि इंडिया के आवरण में एक भारत सदियों से जी रहा है। यही सवाल हमारे पूर्वज संविधान निमार्ताओं के सामने भी रहा होगा। इसलिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 की धारा 1 में ही स्पष्ट तौर पर लिखा है कि भारत अर्थात इंडिया राज्यों का संघ होगा (मूल अंग्रेजी में इंडिया दैट इज भारत शैल बी अ यूनियन ऑफ स्टेट्स)। इसका अर्थ यह है कि संविधान निमार्ताओं में भी इस बात पर एकमत नहीं था कि इस देश को इंडिया कहा जाए या फिर भारत। लिहाजा बीच का रास्ता निकाला गया कि इस प्राचीन देश के दोनों ही नाम आधिकारिक रूप से स्वीकार किए जाएं यानी

प्राचीनतम नाम भारत और अवार्चीन नाम इंडिया। लेकिन इसी से एक ही देश में दो देश होने को अवधारणात्मक स्वीकृति मिली कि एक है- इंडिया और जिसकी अपनी सोच, दृष्टि और आग्रह है तथा दूसरा है- भारत जिसकी अपनी कल्पना, इतिहास बोध अंतर्विरोध और समस्याएं हैं। वैसे भारत का आजादी के बाद तीसरा और आधिकारिक नाम भारत का गणराज्य है।

इस प्राचीन देश के यूं तो कई नाम हैं, लेकिन भारत सर्वाधिक स्वीकार्य है, लेकिन भारत में आने वाले विदेशियों तथा बाहरी हमलावरों के समय समय पर भारत को अलग अलग नाम दिए, जिसमें भारत की सांस्कृतिक पहचान से ज्यादा उसकी भौगोलिक पहचान को तवज्जो दी गई। वैदिक काल में भारत आर्यावर्त था, जो पुराण काल तक आते-आते भारत अथवा भारत वर्ष हो गया। इसलिए विश्व के सबसे पुराने महाकाव्यों में से एक महाभारत का नाम भी भारत में होने वाला महा धर्मयुद्ध बनाकर रखा गया। इसके लिए कई जगह जम्बूद्वीप नाम का भी उल्लेख मिलता है। हिंदू धार्मिक कर्मकांड में इसी शब्द का प्रयोग होता है लेकिन इससे हटकर ज्ञात इतिहास को देखें तो जब भारत का संपर्क अन्य सभ्यताओं और संस्कृतियों से होता है तो वो भारत को अलग- अलग नामों से पुकारने लगते हैं। ज्यादातर ने भारत की पहचान पश्चिम एशिया से बाकी देश को अलग करने वाली सिंधु नदी को ध्यान में रखकर की है क्योंकि वैदिक काल के समांतर समझी जाने वाली वर्तमान ईरान (पुराना पारस या फारस) में बोली जाने वाली प्रोटो इंडियन ईरानी (ईसा पूर्व तीसरी सदी) भाषा में पारसी लोगों ने भारत को सिन्दस नाम से सम्बोधित किया। वैसे ईसा के तीन हजार वर्ष पूर्व पनपी प्राचीन मेसोपोटामिया (आधुनिक इराक) की सभ्यता में भारत को मेलुहा नाम से सम्बोधित किया गया है लेकिन यह पहचान भी बाद में सिंधु नदी की आभा में गुम हो गई। भारत के लिए हिंदूश का पहला उल्लेख 486 ईपू में पारसी सम्राट दारा के समय लिखी गई किताब नक्श-ए-रूस्तम में मिलता है। सम्राट दारा (डेरियस) ने पहली बार 516 ईपू में भारत के सिंध प्रांत को जीता था। इस हिसाब से तब इस भूभाग को हिंदस (होना चाहिए था लेकिन सिंदस, लेकिन पुरानी पारसी भाषा में स का उच्चारण नहीं था) कहा गया।

बाद में ग्रीको ने भारत को इंडिक (जिसमें सिंध नदी इंडस हो गई और बाद में लैटिन में यही शब्द इंडिका बना) लैटिन से अंग्रेजी में इंडिया हो गया। दूसरी तरफ मुस्लिम आक्रांताओं ने सिंध नदी के उस पार के निवासियों को हिंदू कहा, जो आज एक राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अस्मिता का पर्याय हो गया है। यानी हिंदस से हिंद और हिंद में रहने वाले हिंदू या हिंदुस्तानी लेकिन अंग्रेजों की तरह सभी देश भारत को इंडिया के नाम से नहीं पुकारते। उन्होंने अपनी भाषाओं के हिसाब से भारत के नाम रखे हुए हैं, जिसकी जानकारी अधिकांश भारतीयों को नहीं है। मसलन इंडिया फ्रेंच में इंदे, स्पेनिश में ला इंदिया, जर्मन में इंडियेन, पुर्तगाली में इंदिया अथवा इंदियो, अरबी में अल हिंद, आधुनिक ग्रीक में इंदोस, कोरियाई भाषा में इंदो, चीनी में यिंदू, जापानी में इंदो नाम से जाना जाता है। इसमें कहीं भारत शब्द का उल्लेख नहीं है। अब इसे बरसों की गुलामी के कारण कहें या आत्मवंचना कहें, हमने भी इंडिया अथवा इंडियन पहचान को स्वीकार कर लिया है। अब इसे बदलना बहुत मुश्किल है। वैसे देशों के मूल नाम के बजाए उन्हें उनके प्रचलित अथवा वाक सुविधा के हिसाब से नामकरण करना कोई नई बात नहीं है। हर देश दूसरे देश को अपनी निगाह से देखता-समझता है।

जैसे कि चीन का असली नाम चीनी भाषा में झोंगुओ है, लेकिन हम उसे चीन के नाम से ही पुकारते हैं, क्योंकि हमने यही नाम सुना और पढ़ा है। फ्रांस का पुराना नाम गाल था, लेकिन अब वह फ्रांस ही कहलाता है। म्यांमार हमारे लिए ब्रह्म देश था, बाद में बर्मा हुआ और अब म्यांमार। श्रीलंका को अपने पुराने नाम सीलोन से पिंड छुड़ाने में काफी वक्त लगा। पाकिस्तान नाम इसलिए चल गया, क्योंकि भारत से धर्म के आधार जो भूखंड अलग हुआ था, उसकी अपनी कोई अलग और एकजाई पहचान नहीं थी। लेकिन अब राजनीतिक-कारणों से इंडिया बनाम भारत का एक नया संघर्ष खड़ा किया जा रहा है। आग्रह यही कि जो हम सोच रहे हैं, वही सही और सार्थक है। असल में यह संघर्ष लादी हुई और अंतर्निहित पहचान का है। लेकिन आरोप-प्रत्यारोप के रूप में जो व्याख्याएं इंडिया और भारत की की जा रही हैं, वह अर्ध सत्य से प्रेरित ज्यादा हैं और मैं कहूंगा वही सच पर आधारित हैं। मसलन अगर *इंडिया* ही भारत है तो कांग्रेस ने स्वतंत्रता की लड़ाई किसके लिए लड़ी थी? अंग्रेजो द्वारा प्रदत्त इंडिया की पहचान को कायम रखने के लिए तो नहीं लड़ी थी। वह परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े भारत की आत्मा की स्वतंत्र होने की पुकार थी।

अगर इंडिया धर्मनिरपेक्ष देश है तो फिर भारत क्या है? तमाम राष्ट्रवादी अवधारणा के बाद यह सत्य कोई खारिज नहीं कर सकता कि भारत एक बहुलवादी देश है और इसी में उसकी पहचान निहित है। आक्रामकता भारत की पहचान नहीं है (हालांकि इसका खामियाजा भी हमने भुगता है)। चूंकि इंडिया को भारत से अलग नहीं किया जा सकता, इसलिए विपक्षी दलों को भारत शब्द को भी लाना पड़ा। क्योंकि केवल इंडिया से काम नहीं चलता। भले ही फील गुड की तरह हो। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया की अपनी ही परिभाषा के उलट इंडिया की नकारात्मक व्याख्या की। उन्होंने विपक्षी महाजुटान की तुलना भारत को लूटने वाली ईस्ट इंडिया कंपनी से कर दी। मसलन इंडियन मुजाहिदीन या पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से कर दी। उधर कांग्रेस और 26 दलों का विपक्षी गठबंधन इंडिया की व्याख्या अपने ढंग से कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर मामले पर मोदी सरकार की नस दबाते हुए ट्वीट किया कि आप हमें जो चाहें बुलाएं, मिस्टर मोदी! हम भारत हैं। हम मणिपुर को ठीक करने में मदद करेंगे और हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछेंगे। हम उसके सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे।"

मसलन इंडिया फ्रेंच में ला इंदे, स्पेनिश में ला इंदिया, जर्मन में इंडियेन, पुर्तगाली में इंदिया अथवा इंदियो, अरबी में अल हिंद, आधुनिक ग्रीक में इंदोस, कोरियाई भाषा में इंदो, चीनी में यिंदू, जापानी में इंदो नाम से जाना जाता है। इसमें कहीं भारत शब्द का उल्लेख नहीं है। अब इसे बरसों की गुलामी के कारण कहें या आत्मवंचना कहें, हमने भी इंडिया अथवा इंडियन पहचान को स्वीकार कर लिया है। अब इसे बदलना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर में शांति का सूर्योदय

मृत्युंजय दीक्षित

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटाए जाने के कल (शनिवार) चार वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। राष्ट्र इसके महत्वपूर्ण परिणाम की व्यापक अनुभूति कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां शांति और विकास का एक नया युग प्रारम्भ हुआ है। श्रीनगर में जी -20 की बैठकें बहुत ही शांत व सुरम्य वातावरण में संपन्न हुई हैं। चीन और पाकिस्तान ने जी -20 की बैठकों में खलल डालने का हर संभव प्रयास किया किंतु वह नाकाम रहे। स्वतंत्रता के बाद श्रीनगर में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह जम्मू-कश्मीर ही नहीं संपूर्ण भारत के लिए गर्व के पल रहे। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उड़ान भर रहा है। उत्तरी कश्मीर का बांदीपोर जिला पर्यटन के नए केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। यहां वुलर झील के किनारे स्थित जुरीगंज हो या फिर गुलाम कश्मीर और जम्मू-कश्मीर को अलग करने वाली नियंत्रण रेखा से सटा गुरेज, पूरे जिले में पर्व जैसा वातावरण है। एक समय इस जिले के जंगलों में आतंकियों ने प्रशिक्षण केंद्र खोल रखे थे और वह हथियारबंद होकर जिले में टहला करते थे। अब वहां पर्यटकों के शिविर लगे हैं। श्रीनगर की डल झील में शिकारे वापस आ गए हैं । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों की घंटियों और आरती के स्वरों से वातावरण पवित्र हो रहा है। 75 वर्षों के सतत उत्पीड़न के पश्चात कश्मीर में हिंदू पर्व फिर मनाए जाने के प्रयास हो रहे हैं। श्रीनगर घाटी में दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में सिनेमाघर खुल चुके हैं और फिल्मों की शूटिंग होने लगी है।

स्कूलों में रौनकः जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगावाद के कारण 2008 से 2021 तक (इसमें 20-21 का कोविड काल भी है) के लंबे कालखंड में स्कूल-कालेज प्रायः बंद रहे किंतु अब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान वापस आ गई है । एक समय वह भी था जब आतंकवादियों के खौफ से स्कूलों में सन्नाटा होता था। जम्मू-कश्मीर का युवा पत्थर और हथियार छोड़ कर विकास की गंगा के साथ खड़ा हो रहा है। वह फुटबाल, क्रिकेट, हाकी और कुश्ती के दांवपेंच सीख रहा है। अनुच्छेद -370 समाप्त होने के बाद यहां पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक और बिना किसी भेदभाव के साथ संपन्न हुए हैं। बदले परिवेश में निवेशक भी यहां निवेश करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं।

आतंकवाद पर नियंत्रणः कठोर रुख के कारण आतंक समर्थक इको सिस्टम नियत्रिंत ही नहीं अपितु कई जिलों में पूरी तरह समाप्त हो चुका है। इसका पता इसी से चलता है कि 2018 में आतंकियों की भर्ती 199 से गिरकर 2023 में 12 रह गई है। 2018 में बंद व हड़ताल की 53 घटनाएं हुई थीं जो 2023 में अब तक शून्य हैं। 2018 में संगठित पत्थरबाजी की कुल घटनाएं 1,769 हुई थीं जो 2023 में अभी तक शून्य हैं। जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष 27 से अधिक आतंकी मारे जा चुके हैं। अब केवल बचे-खुचे लोगों की एक भड़ास है जो कभी -कभी फूटती रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को अनुच्छेद-370 और 35-ए को समाप्त करने पर जम्मू-कश्मीर के परिवारवादी, स्वार्थवादी, अलगाववादी राजनेता जनसभाओं में चेतावनी देते थे कि अगर ऐसा हुआ तो घाटी में कोई तिरंगा फहराने वाला नहीं मिलेगा। आज वह सभी हतप्रभ हैं। अलगावावादी नेताओं, पत्थरबाजों तथा दो -तीन परिवारवादी नेताओं की कश्मीर की धरती से जड़ें हिल गई हैं। जम्मू-कश्मीर में खून की नदियां बहाने की धमकी देने वाले लोगों की आंखें फटी की फटी रह गई हैं। आज पूरे जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराया जा रहा है। जम्मू ही नहीं अपितु पूरी घाटी में प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर में तिरंगा फहराया गया। पूरी घाटी उत्सव में डूबी रही। पुलवामा, शोपियां, अनंतनाग सहित कश्मीर घाटी के सभी आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाने लगा है। वहां के नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर वंदेमातरम् के नारों के साथ झूमने लगे हैं।

मगर कश्मीर की इस शांति को भंग करने के लिए पाकिस्तान व उसके पाले हुए आतंकवादी तथा अलगाववादी नेता पूरा जोर लगा रहे हैं। ऐसे लोग दिन-रात बेनकाब हो रहे हैं । यही नहीं भारत सरकार की कुशल रणनीति के कारण आज पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर अलग-थलग पड़ चुका है। ऐसे पावन अवसर पर हमें अभी भी घर के अंदर के बैठे राष्ट्रविरोधी तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

कश्मीर की इस शांति को भंग करने के लिए पाकिस्तान व उसके पाले हुए आतंकवादी तथा अलगाववादी नेता पूरा जोर लगा रहे हैं। ऐसे लोग दिन-रात बेनकाब हो रहे हैं । यही नहीं भारत सरकार की कुशल रणनीति के कारण आज पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर अलग-थलग पड़ चुका है।

इंटरनेट की पहुंच से भारतीय बच्चों पर बढ़ता संकट



डा. निवेदिता शर्मा

देश में लगातार अपराध एवं अन्य घटनाएं बढ़ रही हैं। इस आभासी अपराध में बड़ी संख्या में बच्चों को दोषी पाया गया है। भारत की आने वाली युवा पीढ़ी, भारत का भविष्य किस तरह से ऑनलाइन गेम और इंटरनेट की जद में न केवल अपराधी बन रहा है, बल्कि अनेक प्रकार की बीमारियों से घिर रहा है, इसके आंकड़े आज हमारे सामने मौजूद हैं। ऐसे में हम भविष्य के श्रेष्ठ और उज्ज्वल भारत की कल्पना करते हैं तो यह निश्चित ही बेमानी है । एक तरफ भारत का पड़ोसी मुल्क चीन है जो अपने यहां की युवा पीढ़ी को इंटरनेट की जद से बचाने और बच्चों को संवारने के लिए नए-नए नियम बना रहा है तो दूसरी तरफ भारत है, जहां इस प्रकार के नियम दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे कि कैसे बच्चों की पहुंच से इंटरनेट को दूर रखा जा सकता है।

यह गौर करने वाली बात है कि विश्वभर में दो देशों भारत-चीन की तुलना लगातार होती है । प्रतिस्पर्धा के स्तर दुनिया में जब भी एशिया की बात आती है और यहां के देशों का परस्पर अध्ययन होता है, जिसमें फिर वह आर्थिक क्षेत्र हो, पॉपुलेशन की बात हो या फिर सभ्यता-संस्कृति, विविधता और विज्ञान की, हर स्तर पर चीन के साथ भारत का तुलनात्मक अध्ययन आपको देखने को मिलेगा, किंतु यदि चीन अपने बच्चों और भविष्य की पीढ़ियों को सुधारने के लिए कोई बड़ा कदम उठाता है तो उसमें भारत इस प्रकार का इनीशिएटिव लेते हुए फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है ।

भारत ने चीन से आर्थिक विषय में सबक लेकर अपने आयात-निर्यात को सुधारने के लिए खास कदम उठाए हैं। अन्य विषयों पर संवेदनशील और सजगता दिखाई है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी सजगता इस

मामले में क्यों नहीं उठाई? सवाल इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि हमारे बच्चों की यह पीढ़ी ऑनलाइन गेम की आरामतलबी से इतनी गुम होती जा रही है कि वह उससे बाहर ही निकलना नहीं चाहती। दूसरा इसका नकारात्मक पक्ष यह सामने आया है कि इंटरनेट के प्रभाव के चलते बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं । आत्महत्या कर रहे हैं । जिद्दी हो रहे हैं। अपने माता-पिता और भाई-बहनों के प्रति हिंसात्मक हो गए हैं। दूसरे देशों में बातचीत करते हैं और घर की जो जानकारी या माता-पिता की व्यक्तिगत, व्यावसायिक या शासकीय जानकारी जो साझा नहीं करने की है, वह भी बातों में आकर उन्हें बता दे रहे हैं, जिन्हें वे सामने से जानते तक नहीं। फिर वे कौन हैं, देश के दुश्मन तो नहीं, यह एक बड़ा खतरा आज हमारे सामने है। देश में कन्वर्जन के लिए भी बच्चों के बीच गेमिंग का उपयोग करते हुए पाया गया है। दूसरी तरफ चीन है जोकि लगातार इस मामले को लेकर सचेत नजर आ रहा है।

कई केस स्टडी हमारे सामने हैं। उत्तर प्रदेश के एक केस में 16 साल के लड़के ने अपनी मां की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वो उसे मोबाइल पर खेलने से रोकती थी। मध्य प्रदेश के सागर में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार से बिहार से खबर आई कि दसवीं क्लास में पढ़ रहे छात्र ने अपनी खुद की किडनैपिंग का ही नाटक रच दिया, पुलिस पूछताछ में पता चला कि उस बच्चे को वीडियो गेम खेलने के लिए महंगा फोन खरीदना था। पंजाब में एक 17 वर्षीय किशोर ने पबजी खेलने के लिए पिता के अकाउंट से 17 लाख रुपये निकाल लिए थे । मोहाली में अपने दादा के बैंक अकाउंट से एक बच्चे ने दो लाख रुपये निकालकर ऑनलाइन गेम में लगा दिए। एक केस में तो फ्री फायर और पबजी में पैसे लगाने के लिए नाबालिग ने अपने चचेरे भाई जो एक बच्चा था उसकी न सिर्फ गला दबाकर हत्या की बल्कि उसे जमीन में दफना भी दिया था।

देश भर में आज इस प्रकार के अनेक प्रकरण देखने को मिल रहे हैं। किंतु यह जो इंटरनेट का मायाजाल है और गेम्स के कारण बच्चे बर्बाद हो रहे हैं, इसे चीन ने तो जान लिया और अपने यहां इसके समाधान के उपाय शुरू कर दिए हैं, क्या भारत इसके लिए तैयार है? चीन की इंटरनेट निगरानी संस्था ने बच्चों के ज्यादा समय तक स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर अंकुश लगाने के लिए नियम तैयार किए हैं। चीन अपने साइबर स्पेस प्रशासन (सीएसी) के माध्यम से अपने बच्चों के लिए जो नीति लेकर आया है, उस पर भारत को भी विचार करना चाहिए। यहां 16 से 18 साल तक के बच्चे के लिए इंटरनेट इस्तेमाल के दो घंटे निर्धारित किए गए हैं। आठ से पंद्रह साल आयु वर्ग एक घंटे ही स्मार्टफोन चलाएंगे । आठ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को केवल 40 मिनट की अनुमति देना तय हुआ है ।

चीन ने अपने बच्चों में इंटरनेट के अधिक उपयोग और मोबाइल के दुष्प्रभाव के तौर पर पाया है कि इससे बच्चों की नींद सबसे अधिक प्रभावित हुई, वे सुबह उठने के बाद थकान और सुस्ती महसूस करते हैं । आंखें जल्द बूढ़ी हो रही हैं, पुतलियां सिकुड़ रही हैं। नजरें कमजोर होने से बहुत कम आयु में अधिकांश बच्चों को चश्में लगाए गए हैं। शारीरिक और मानसिक विकास रुक गया है। बच्चों के फोकस, अटेंशन और मेमोरी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने के साथ बच्चों का इंटरेक्शन कम हुआ है। वास्तव में यह चीन अकेले देश के बच्चों की समस्या नहीं है, भारत के बच्चों में भी समान रूप से यही नकारात्मक लक्षण इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में देखे जा रहे हैं।

के.पी.एम.जी. फर्म और नॉर्टन लाइफ लॉक इंक की इंडिया डिजिटल वेलनेस रिपोर्ट हमारे सामने है। इस प्रकार की अन्य कई रिपोर्ट भी हैं, जो यह साफ बता रही हैं कि भारत की 50 से लेकर 57 प्रतिशत बच्चों की जनसंख्या ऑनलाइन गेम्स की गिरफ्त में है। यदि सरकार इस दिशा में कोई कड़े कदम नहीं उठाती तो इस साल के अंत तक यह आंकड़ा अनुमानतः 60 प्रतिशत को पार कर जाएगा। इसमें भी चिंता की बात यह है कि बच्चे ज्यादातर शूटिंग वाले गेम्स खेल रहे हैं। इसके कारण से उनके जीवन में हिंसा साफ झलकती है। जिद्दी होने के साथ उनकी आदत में गुस्सैल प्रतिक्रिया शुमार हो गई है। पचास फीसदी माता-पिता अपने बच्चों की इस आदत से परेशान हैं, वह उन्हें कंट्रोल करने में अपने को असक्षम पा रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि चीन की तरह ही भारत भी अपने यहां इस दिशा में कठोर कदम उठाए। यदि हम आज चूक गए तो भारत के सामने भविष्य के अपने युवाओं को लेकर बहुत बड़ा संकट सामने खड़ा है।

(लेखिका, मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।)

देश भर में आज इस प्रकार के अनेक प्रकरण देखने को मिल रहे हैं। किंतु यह जो इंटरनेट का मायाजाल है और गेम्स के कारण बच्चे बर्बाद हो रहे हैं, इसे चीन ने तो जान लिया और अपने यहां इसके समाधान के उपाय शुरू कर दिए हैं, क्या भारत इसके लिए तैयार है?

एक नजर

मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने सभी बीडीओ के साथ बैठक की



मेदिनीनगर पलामू। आगामी 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इसी निमित कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि रंजन ने वर्चुअल रूप से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बीडीओ अपने सभी पंचायत से मिट्टी एकत्रित कर उस मिट्टी के लोटे को जिला भेजना सुनिश्चित करें। वहीं 15 अगस्त के दिन जिले के सभी अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण हो, सभी बीडीओ यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है।इसपर आजादी के अमृत वर्ष के विजन प्रदर्शित होगा।वसुंधा वंदना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य भी किया जाना है सहित अन्य कई तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता है अतः सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। वर्चुअल मीटिंग में ऑनलाइन मोड के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में संपन्न होगा मुख्य राजकीय समारोह



मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी।उप विकास आयुक्त के सभागार में आयोजित इस बैठक में तय किया गया कि मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय के स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में प्रातः 9:05 बजे किया जायेगा यहां मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा जिसमें विभिन्न अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टूकड़ियां शामिल रहेंगे।इस दौरान उपायुक्त ने पुलिस लाइन स्टेडियम में पूरे कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने, सड़कों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने एवं मेडिकल टीम की तैनाती करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर संबंधितों को निर्देशित किया।बैठक में जिला मुख्यालय में अलग-अलग स्थानों में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन करने को लेकर समय निर्धारित किया गया। वहीं बेहतर परेड हेतु संबंधित टूकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम एवं शहर के सभी चौक-चौराहों एवं सभी प्रतिमा मूर्तियों की विशेष साफ-सफाई कराने हेतु नगर निगम के कर्मियों को निर्देशित किया।उन्होंने समारोह के मद्देनजर मुख्य कार्यक्रम स्थल व संपर्क पथों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, जनसंपर्क के डिप्टी डायरेक्टर आनंद समेत विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दिल्ली में की मुलाकात

मेदिनीनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे जी से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मुलाकात की जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने अपने कार्यकाल में मैं जमीनी स्तर पर हो रही पार्टी के कार्यों से उनको अवगत कराया कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने बताया कि लोकसभा चुनाव लक्ष्य 2024 को लेकर झारखंड प्रभारी से विशेष वार्ता हुई है पहली बार जिला स्तर पर मंडल से लेकर पंचायत तक बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रीय प्रभारीयों की भी अहम भूमिका रही है कहा कि संगठन में कुछ लोगों के द्वारा अनुशासनहीनता की जा रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अनुशासन के ऊपर विशेष जोर देने के लिए भी ध्यान देने का आग्रह किया गया है ताकि आने वाला 2024 के चुनाव में पलामू जिला से कांग्रेस पार्टी अपनी जीत दर्ज कर सके जिसके बारे में प्रदेश प्रभारी को अवगत कराया गया है जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिले में कांग्रेस पार्टी पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुई है कांग्रेस अभी पूरे जिले में सक्रिय हुआ है पंचायत व मंडल में कांग्रेस का टीम कार्य कर रही है आने वाले समय में हम लोग सभी पदाधिकारी कार्यकताओं में समन्वय कर पार्टी को और भी मजबूत करने का काम करेंगे कांग्रेस पार्टी अब चौक से पंचायत की ओर जा रही है कांग्रेस कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा हुआ है पार्टी हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है बिट्टू पाठक ने पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे जिले में हो रही कार्यों की पूरे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

पिपरा थाना प्रभारी का सराहनीय कार्य मृतक के परिवार को दी 5 हजार रुपए कि आर्थिक सहायता

हरिहरगंज। पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह का सराहनीय कार्य मृतक के परिवार को दी आर्थिक सहायता। पिपरा थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव अंतर्गत कोदरिया टोला निवासी 35 वर्षीय मृतक रीना देवी के पति योगेंद्र भुइयां को 5 हजार रूपए नगद सहयोग राशि दीया। मालूम हो कि मृतक रीना देवी बीते 2 दिन पहले गांव समीप जंगल में जलावन के लिए गई थी। जलावन लेकर घर लौट रही थी, कि रास्ते में गिर पड़ी जिससे वह घायल हो गई थी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए रांची रिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। योगेंद्र भुइयां की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। वही योगेंद्र भुइयां की मां का निधन बीते 5 दिन पहले ही हुआ था। मौत की सूचना पर पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह मृतक रेखा देवी के घर पहुंचकर आर्थिक मदद मृतक के पति जोगेंद्र भुइयां को दिया। इस दौरान मधुबाना पंचायत के मुखिया राजेश राजवंशी ने भी 3 हजार रूपए आर्थिक मदद किया। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह तथा मुखिया राजेश राजवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर अनिल पासवान, सीताराम भूईया, सोहराई भुइयां, केदार भूईया, चनारी भुईयां, विवेक राजवंशी, विकास कुमार, सोनू भुईयां आदि मौजूद थे।

आंगनबाड़ी में उपलब्ध कराई गई बेहतर मूलभूत सुविधा

कोडरमा। जिला मुख्यालय के समीप हरिजन टोला जलवाबाद आंगनबाड़ी केंद्र में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीन लिमिटेड द्वारा सामाजिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बेहतर मूलभूत सुविधाएं निशुल्क रूप से उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए प्रोत्साहित किया गया। क्रेडिट एक्सेस ग्रामीन लिमिटेड द्वारा आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य रंग बिरंगी कुर्सियां, सेविका सहायिका के लिए कुर्सियां, दरी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत कोडरमा के पूर्व वार्ड पार्षद संतोष चंद्रवंशी,मोशर्रत परवीन, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका, समेत ग्रामीण एवं क्रेडिट एक्सेस ग्रामीन लिमिटेड से एरिया मैनेजर दीनबंधु प्रसाद गुप्ता, ब्रांच मैनेजर दुद्धी माटी दीपक कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

विधानसभा के मुख्य गेट पर पूर्व विधायक शिवपूजन का धरना

हरिहरगंज। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर अपने कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे। मेहता हरिहरगंज-हुसैनाबाद सहित पलामू में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग कर रहे थे। साथ ही उन्होंने पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और बटाने डेम के गेट को दुरुस्त कर जल संचय व्यवस्था सुनिचित करने की मांग भी उठायी।

उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन

उपायुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनी। इसमें जिले के अलग-अलग हिस्सों से लोग शिकायत लेकर आए थे। उपायुक्त ने एक-एक कर लोगों से मिलकर उनकी शिकायत सुनी और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई हेतु आवेदन अग्रसारित किए। उपायुक्त के समक्ष लोगों ने रास्ता बंद होने, पेंशन, पथ निर्माण से संबंधित, भू-अर्जन, भवन निर्माण, सामाजिक सुरक्षा, अतिक्रमण, इलाज, राशन कार्ड, आपूर्ति, मुआवजा से संबंधित भुगतान आदि जैसे कई समस्याओं को रखा। जनता दरबार में चैनपुर से आये महेंद्र चौधरी ने उपायुक्त के समक्ष काला मोतियाबिंद के इलाज हेतु आर्थिक मदद करने हेतु आवेदन दिया। जिसपर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को आवेदन अग्रसारित करते हुए उनके आँखों के इलाज हेतु हरसंभव मदद करने हेतु निर्देशित किया। चैनपुर के नरसिंहपुर पथरा से आयी सुनीता देवी ने उपायुक्त को अपना आवेदन देते हुए वृद्धा पेंशन बनाने तथा आर्थिक सहायता करने हेतु अनुरोध की। वही विश्रामपुर रेहला से आये गोपाल पासवान ने जमीन विवाद से संबंधित अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मदद करने की बात कही। पाटन से आये सीता यादव ने अपने भाई पर बलपूर्वक जमीन हरपने की शिकायत डीसी के समक्ष अपने आवेदन के माध्यम से की। तरहसी से आए मिथिलेश पांडेय ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि भुगतान कराने हेतु अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी तरीके से कई लोगों ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसे उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निदान करने हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में इसके अलावा आवास का लाभ दिलाने, विद्युत समस्या, अंचल अमीन द्वारा भूमि सीमांकन नहीं करने, मूल भूत सुविधा पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

सरकारी तालाब व आम रास्ता को कब्जा कर रहे भू-माफिया के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

नव प्रदेश संवाददाता

पांकी। थाना क्षेत्र में भू-माफिया ने सरकारी तालाब को भरकर समतल करने का प्रयास किया। हालांकी ग्रामीणों के विरोध के कारण वह आंशिक रूप से ही भर सका। मामला पांकी थाना क्षेत्र के केरकी गांव का है। ग्रामीण राजेश्वर पासवान ने मौके पर बताया कि करीब दो दशक पहले गैरमजरुआ भूमि में सरकारी फंड से तालाब खोदा गया था। इस भूमि का खाता संख्या 13 और प्लॉट संख्या 01 है। इस तालाब से केरकी के साथ-साथ कहुवाटोला, दरियापूर, सेमराही आदि गांव में सिंचाई भी होता है। ग्रामीण कुद्दूस अंसारी ने बताया कि इस तालाब का अब धार्मिक महत्व भी है। केरकी व आस पास के गांव के लोग इस तालाब में प्रत्येक वर्ष छठ भी करते हैं। यदि तालाब को भरा गया तो छठ के लिए कोई जगह ग्रामीणों के पास नहीं होगा। ग्रामीण मंटू शर्मा ने बताया कि भू-माफिया द्वारा तालाब भरने के साथ शमशान घाट व कई गांव के रास्ते को भी बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तालाब के बगल से शमशान घाट व कहुवाटोला, दरियापूर, सेमराही आदि गांव का आम रास्ता पचासों साल से है। उसके बाद भी दबंगई से शमशान घाट व गांव के रास्ते को रैयती बता कर बंद किया जा रहा है। अक्रोशित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी सूरत में तालाब अब भरने नहीं दिया जायेगा और न ही रास्ता बंद होने देंगे। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त व एसपी से आरोपी पर करवाई की मांग की है।

विवादित भूमि का खातियान है गैरमजरुआ मालिक

विवादित तालाब व रास्ते की भूमि गैरमजरुआ मालिक प्रकृति की है। उक्त भूमि का खाता संख्या 13 है तथा प्लॉट संख्या 01 है। उक्त प्लॉट का कूल रकबा 133 एकड़ है और गैरमजरुआ मालिक खतियान से है। झारखंड में गैरमजरुआ भूमि की खरीद बिक्री प्रतिबंधित है।

क्या कहना है दूसरे पक्ष का

इस सम्बन्ध में तालाब भरने व रास्ता रोकने के आरोपी मो मुफिद आलम ने कहा कि आरोप निराधार है। हालांकि पहले उन्होंने विवादित भूमि को रैयती बताया, लेकिन सच्चाई सामने आने के बाद उन्होंने उक्त भूमि के गैरमजरुआ होने की बात को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि 12 लाख में उन्होंने एक वर्ष पूर्व इस भूमि को खरीदा है, लेकिन सिर्फ एकरारनामा हुआ है।

ब्राउन शुगर की डिलीवरी देने जा रहे युवक सहित दो गिरफ्तार



चतरा। जिले के मयूरहंड पुलिस ने शुक्रवार को तेतरिया मोड़ के पास बाइक से ड्रग्स की डिलीवरी देने करमा जा रहे विनय कुमार दांदी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की निशानदेही पर ब्राउन शुगर देने वाले एक अन्य आरोपित प्रभात कुमार दांगी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ढ़ोढ़ी से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर निकलने वाला है। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने तेतरिया मोड़ पर वाहन चेकिंग लगाया। इसी क्रम में ढ़ोढ़ी से बाईक आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर मौके से भागने लगा। पुलिस की टीम ने खदेड़कर उस युवक को पकड़ा। युवक की तलाशी लेने पर पॉकेट से दो पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछने पर युवक ने बताया कि ब्राउन शुगर करमा में एक व्यक्ति को देने जा रहा था, जिसका नाम मालूम नहीं है। ब्राउन शुगर अपने गांव के ही प्रभात कुमार से खरीदकर लाये है। आरोपित की निशानदेही पर प्रभात कुमार दांगी के यहां छापेमारी कर पुलिस ने 74 ग्राम ब्राउन शुगर और 53 हजार रुपये बरामद किया। आरोपित प्रभार कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मयूरहंड थाना में मामला दर्ज किया गया है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गई योजना की जानकारी

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड के किसानों को कृषि विभाग आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शुक्रवार को दिया गया। मनीषा कला दल के कलाकारों ने हरिहरगंज ब्लॉक परिसर, अररुआ मोड मोती राज कॉलेज समीप कृषि ऋण माफी, पीएम किसान, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग, ईकेवाईसी, पीएम कुसुम, केसीसी, मोटे अनाज, अन्न के बारे में जानकारी कलाकारों ने दी, हरिहरगंज ब्लाक परिसर तथा अररुआ मोड़ मोती राज कॉलेज समीप नुक्कड़ नाटक की। इसमें किसानों को जागरूक किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से खेती के नई नई तकनीकी तरीके के बारे में बताया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, कृषि पदाधिकारी बृजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, कृषि मित्र प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म मेहता, कृषि मित्र अनिल कुमार यादव, रंजीत पासवान सहित ग्रामीण हुआ कलाकार मौजूद थे।

बच्चों को भेजो स्कूल: आदिम जनजाति बिरहोर को शिक्षा हेतू किया जा रहा है प्रेरित

जयनगर (कोडरमा)। सरकार का लक्ष्य है एक भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित न रह जाए। इसलिए सरकार द्वारा आठवीं क्लास तक की शिक्षा निःशुल्क एवं अनिवार्य है। इन दिनों आदर्श फाउंडेशन द्वारा कोडरमा जिला अंतर्गत बिरहोर कालोनियों में शिक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए बच्चों को विद्यालय से जोड़ने एवं विद्यालय में नामांकित बच्चों का शत - प्रतिशत विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करवाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जयनगर प्रखंड अंतर्गत तिलोकरी पंचायत स्थित बिरहोर कॉलोनी खरपुका में बच्चों को भेजो स्कूल अभियान चलाया गया। शिक्षा के प्रति बिरहोर समुदाय के लोग जागरूक हों इसके लिए नियमित विद्यालय जाने वाले विद्यार्थी दीपक बिरहोर, रोहित

बिरहोर, रवि बिरहोर, बिंदिया कुमारी, शिवानी कुमारी एवं पूनम कुमारी को आदर्श फाउंडेशन द्वारा सम्मानित भी किया गया। आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की अन्य बच्चों की तरह आदिम जनजाति बिरहोर के बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करवाना हम सभी की नैतिक जवाबदेही है। कोडरमा अंतर्गत सभी बिरहोर कालोनियों में डोर टू डोर सर्वे कर विद्यालय जाने योग्य बच्चों की सूची तैयार कर विद्यालय से जोड़ने एवं ठहराव सुनिश्चित करवाने हेतू शिक्षा जागरूकता अभियान कोडरमा के साथ -साथ हजारीबाग, गिरिडीह एवं चतरा में चलाया जा रहा है। शिक्षा जागरूकता अभियान में महेंद्र बिरहोर, कार्तिक बिरहोर, विरेन्द्र बिरहोर, शंकर बिरहोर, सोमर बिरहोर, राजू बिरहोर, कर्मा बिरहोरनी, फगुनी बिरहोरनी, रिता बिरहोरनी सहित आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं राहुल कुमार सहित गांव के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

थोक सब्जी मंडी हटाने के लिए अड़े व्यापारी

पलामू। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र के व्यवसायी सह स्थानीय निवासी बाजार क्षेत्र के सतार सेठ चौक से लेकर लाल कोठा तक लगने वाली अवैध थोक सब्जी मंडी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। बाजार व्यवसायी एकता मंच के बैनर तले शुक्रवार को धरना सबेरे पांच बजे से 10 बजे तक चला। धरना प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि अगले एक सप्ताह के तक धरना चलेगा। यदि थोक सब्जी मंडी को शिफ्ट नहीं किया जाता है तो व्यवसायी अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में ताला लगाकर उपायुक्त को चाभी सौंप देंगे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता पूर्व वार्ड पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल ने की, जबकि संचालन कुमार गौरव ने किया। धरना में मुख्य रूप से बीजेपी नेता सह व्यवसायी दुर्गा जौहरी, विवेक कुमार पांडे, उमेश कुमार गुप्ता, नंदू प्रसाद गुप्ता, मोती प्रसाद, आनंद मोहन साहू, धीरज सिंह, विशाल मालाकार, अभय सिन्हा, नीरज, सोनू पांडे, महेंद्र सिंह, धीरज गुप्ता, मंजू देवी, दीपू सोनी, बबलू चावला, राहुल मिश्रा, मिट्ठू चंद्रवंशी, टीके बोराल, विजय सहाय, दीपक बोराल, सुमन वर्मा, अमर सहाय, अमित शरण, अरुण अग्रवाल सहित दर्जनों व्यवसायी शामिल थे।

वर्तमान में सर प्लस शिक्षकों का युक्तिकरण त्रुटिपूर्ण ढंग से किया जाना अनुचित: शिवशंकर

कोडरमा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला इकाई कोडरमा के जिलाध्यक्ष शिव शंकर रजक ने अपने आवस से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान में सरप्लस शिक्षकों के नाम से जो युक्तिकरण के नाम का निर्माण किया गया है। इसी पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण किया जाना है और इसके लिए जो सर प्लस शिक्षकों की सूची जिला एवं राज्य से प्रकाशित की गई है, उसमें घोर विसंगतियां देखी जा रही है। जिला कोडरमा के द्वारा जो सरप्लस शिक्षकों की सूची एनआईसी ,कोडरमा पर अपलोड किया गया था उसमें शिक्षकों का नाम कुछ और था और राज्य के द्वारा जो सूची जारी की गई उसमें कुछ और है। ऐसे -ऐसे विद्यालयों का नाम सर प्लस में प्रकाशित की गई है जहां पर छात्र-छात्राओं की संख्या खासा अच्छी है और वहां के शिक्षकों को सर प्लस दिखाया गया है और जिस विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या कम है वहां के शिक्षकों को रिक्ति दिखाया गया है। जहां रिक्ति दिखानी है वहां सर प्लस दिखाया जा रहा है और जहां सर प्लस है वहां रिक्ति दिखाई जा रही है ये घोर विसंगति है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक 30 जुलाई 2023 को आदर्श मध्य विद्यालय झुमरी तिलैया में संपन्न हुई थी और इस बैठक में सर प्लस शिक्षकों का स्थानांतरण पर विस्तृत चर्चा की गई थी जिसमें जिला कोडरमा के विभिन्न प्रखंडों से आए शिक्षकों ने भी सर प्लस की प्रकाशित सूची को देखकर काफी आक्रोश जताया था और जिले के भिन्न- भिन्न प्रखंडों से शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय कोडरमा में आवेदन के माध्यम से आपत्ति भी देने का कार्य किया है।

जलजमाव से राहगीरों को आने जाने में परेशानी

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड में पिछले 4 दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण प्रखंड के मुसौवा में सड़कों पर तालाब का नजारा बन गया है। घौरंजा पंचायत के अंतर्गत ग्राम मुसौवा में जगह जगह जलजमाव हो जाने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। वही लोगों को गंदे पानी से ही होकर गुजरना पड़ रहा है। बता दे की घर के सामने सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है। सड़क पर जलजमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। वही गांव के नाले में जाम की स्थिति बनी हुई है। नाली निर्माण करवाने को लेकर कई बार सांसद विधायक प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन को अवगत करवाया गया। परंतु किसी के द्वारा भी यहां पर नाली का निर्माण नहीं करवाया गया जिसके कारण ही बरसात का पानी भी सड़क पर जलजमाव हो जाता है। अति शीघ्र नाली निर्माण करवाने की मांग की है। मांग करने वालों में विजय यादव, अजीत यादव पंकज यादव सूरज यादव महेश चौधरी सिकंदर यादव भोला यादव मुकेश यादव उपेंद्र यादव सुरेंद्र यादव नवीन यादव रवि शंकर यादव उमेश दास प्रदीप दास सूरदास राजेंद्र दास सहित कई लोगों ने अतिशीघ्र नाली निर्माण करवाने की मांग की है ताकि लोगों को समस्या से निजात मिल सके।

सड़क बनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न



जयनगर। प्रखंड के ककरचोली पंचायत सचिवालय में ककरचोली गांव जाने वाली सड़क के समस्या को लेकर एक बैठक उप मुखिया हाशिम खान के अध्यक्षता में बैठक की गई। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से सड़क में पडने वाले जमीन को देने के लिए सहमति बनी। उप मुखिया हाशिम खान ने बताया सहमति बनने के पश्चात विधायक अमित कुमार यादव को सूचित किया जाएगा। तत्पश्चात विधायक के द्वारा जयनगर से ककरचोली, महुआटांड़ तक विधायक मद से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर अर्जुन चंद्र यादव, जहांगीर अंसारी, कासिम खान, मथुरा महतो, अलाउद्दीन अंसारी, सुलेमान रिजवी, उमेश यादव, हरिश्चंद्र राणा, विजय राणा, रोहित राणा, महेंद्र पासवान, तेजो राणा, इदरीश खान, कुदूस खान, इस्माइल हाफिज, इसराइल अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुई उपायुक्त



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रतिनियोजन करने, छात्रवृति या निशुल्क उच्च शिक्षा एवं धावक खेल प्रतियोगिता का अवसर प्रदान करने, भाईयों के द्वारा मारपीट करने एवं घर से बेदखल करने, रोजगार देने, गाली-गलौज रंगदारी और मारपीट करने, हाथियों का झुंड मकान को ध्वस्त करने तथा अंबेडकर आवास का लाभ दिलाने, घर पर जबरन कब्जा करने, जमीन पर कब्जा करने, धोखाधड़ी कर जमीन का रजिस्ट्री करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर 1 दिवसीय कार्यशाल का आयोजन

मां का दूध नवजात बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहारः उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। जिले में विश्वास स्तनपान सप्ताह के तहत लगातार महिलाओं एवं आम जनों को नव जात शिशुओं का मां के दूध के सेवन की महत्ता के विषय में जागरूक करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्तन पान सप्ताह के पहले दिन जिले के मुख्य सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट फीडिंग कम चेंजिंग रूम का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्तनपान के महत्व एवं शिशु पूरक आहार के बारे में माताओं को जानकारी देना था। इस कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा की गई। एवं कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं संस्था द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मां का दूध नवजात बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है। मां के दूध के सेवन से नवजात को कई तरह की संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। चिकित्सक भी सलाह देते हैं कि जन्म से 6 माह तक बच्चों को सिर्फ मां का ही दूध दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता को बढ़ाना है। वहीं उन्होंने इस अभियान को लेकर सफल बनाने के लिए विभाग के कर्मियों को प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने काम काजी महिलाओं को उनके बच्चों के ध्यान रखने में होने वाली समस्या के विषय में भी चर्चा कि। उपायुक्त ने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए एक ब्रेस्ट फीडिंग कम चेंजिंग रूम बनाने हेतु अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में इसकी शुरूआत कर दी गई है गैर सरकारी कार्यालयों एवं जिले के दूर दराज के क्षेत्रों में भी ऐसी सुविधा हो इसके लिए लोगो को जागरूक करने की बात कही। उपायुक्त ने बैठक में संस्थागत प्रसव को भी बढ़ावा देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है थोड़ी और जागरूकता अभियान चलाते हुए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाना सुनिश्चित करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि माताओं एवं उनके नव जात शिशुओं की सुरक्षा केवल एक विभाग या सरकार की नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। गर्भवती माताओं को सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव को चुनना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही प्रसव के 1 घंटे के अंतराल में नव जात शिशुओं को मां का दूध पिलाना बेहद ही आवश्यक है जिससे की बच्चे में रोग प्रतिरोधकता क्षमता बढ़ेगी और वह सैंकड़ों बीमारी से मुक्त हो सकता है। कार्यशाला के दौरान बताया गया कि प्रसव के 6 माह तक नव जात शिशुओं को मां के दूध के अलावा पानी भी नहीं देनी चाहिए। ताकि बच्चों का शरीर स्वास्थ्य रहे। ऐसे स्थिति में कई ऐसे कामकाजी महिलाएं हैं जिन्हें इस समय अंतराल में भी बाहर काम करना पड़ता है , सुरक्षित माहौल के अभाव के कारण महिलाओं को विवशता पूर्वक बच्चों को बॉटल वाले दूध को पिलाना पड़ता है जो कि नवजात शिशुओं के सेहत के लिए सुरक्षित नहीं। ऐसे स्थिति में सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों में 1 कमरा ऐसी महिलाओं के लिए बनाया जाए जहां महिलाएं एक सुरक्षित माहौल में अपने बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवा सके इसके लिए सभी को जागरूक किया जाना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यशाला के दौरान महिलाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में सभी ने मिलकर कार्य करने का दायित्व लिया। इस दौरान कार्यशाला में जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर नागभूषण प्रसाद, नीना शर्मा, पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों को ले चलाया गया जागरुकता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

दुमका। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दुमका पीतांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार दुमका जिले के सभी थाना क्षेत्रों के शहरी क्षेत्र, गांव एवं कस्बों में यातायात के नियमों के पालन हेतु 1 सप्ताह का स्पेशल ड्राइव के तहत जागरूकता अभियान अलग अलग भाषा में चलाया जा रहा है। टोंगरा थाना, विश्वविद्यालय ओपी,सरैयाहाट थाना, हंसडीहा थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज एवं बाजार में सड़क सुरक्षा अभियान, साइबर सुरक्षा अभियान, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम तथा मॉब लिंचिंग की रोकथाम हेतु जागरूकता रथ निकालकर हिंदी एवं संथाली भाषा में मायकिंग कर जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में उपरोक्त थाना प्रभारी ने अपने अपने क्षेत्र के स्कूल एवं कॉलेज/मेडिकल कॉलेज में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाई एवं क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को हिंदी एवं संथाली भाषा में मायकिंग कर जागरूक किया। पुलिस पदाधिकारियों ने छात्रों से कहा कि जब आपके अभिभावक आपको स्कूल से बिना हेलमेट या चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट के लेने आते हैं तो आप उनका विरोध करें एवं उन्हें यातायात के नियमों से अवगत कराते हुए नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित करें। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, नशे में वाहन ना चलाना, वाहन चलाते समय दूसरे वाहन के चालक को सहयोग करना, रात में वाहन चलाते समय डीपर लाइट एवं इंडिकेटर का इस्तेमाल करना,18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दें, यातायात के नियम आपके सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं, ट्रैफिक नियम का पालन कर दुर्घटना से बचें, वाहनों के फिटनेस का रखें पूर्ण ख्याल, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। शराब पीकर वाहन न चलाए। दुर्घटना से देर भली इसलिए ओवर स्पीड/ओवरलोड वाहन न चलाएं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन धीमी गति से चलाने हेतु विशेष अभियान चलाकर हिंदी एवं संथाली भाषा में लोगों को जागरूक किए। नशे में वाहन चलाने वाले चालक की जानकारी देने के लिए पुलिस द्वारा जारी डायल 100 में कॉल करें अथवा नजदीकी थाना से संपर्क करें।

उपायुक्त ने किया सुश्री टोप्पो को सम्मानित

गुमला। अन्तर्राष्ट्रीय पारा श्रीवॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में गुमला जिला के चैनपुर स्थिति छतरपुर ग्राम निवासी अन्तर्राष्ट्रीय पारा थ्रोबॉल खिलाड़ी सुश्री अंसुता टोप्पो ने भाग लिया जिसमें सुश्री टोप्पो द्वारा उक्त प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। जिले की बेटी की सफलता पर शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा असंतु टोप्पो को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। एवं उनकी सफलता के लिए बधाई दी साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक विजई बेटी का मनोबल बढ़ाते हुए आने वाले भविष्य में और बेहतर करने हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन भी मौजूद रहीं।

विधानसभा क्षेत्र में किया डोर टू डोर भौतिक सत्यापन



धनबाद। प्रखंड विकास पदाधिकारी, धनबाद-सह-एइआरओ-40 धनबाद विधान सभा क्षेत्र ज्ञानेंद्र कुमार ने धनबाद प्रखंड के बरडुभी क्षेत्र में बूथ संख्या - 442, 443 और बैंक मोड़ क्षेत्र के बूथ संख्या-189, 191 के अंतर्गत लगभग 24 घरों का डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन के दौरान पन्ना सत्यापन, मतदाताओं के नाम, उम्र, पता में सुधार करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा एपिक कार्ड वितरण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को दिया।

किशोर कुमार का 94वँ जन्मदिन मनाया गया

धनबाद। शुक्रवार को मनईटांड बैंक कॉलोनी स्थित ओमकार म्यूजिक सेंटर द्वारा महान गायक किशोर कुमार जी का 94वँ जन्मदिन बड़ा उत्साह के साथ मनाया गया इसमें शामिल सेंटर के संस्थापक श्याम बनर्जी तथा सेंटर के छात्र एवं छात्राओं ने किशोर कुमार जी के गाए हुए गीतों को गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया इस कार्यक्रम में श्यामल सेन, सचिन पाठक, शेखर सिन्हा एवं विश्वनाथ बनर्जी, बादल सरकार उपस्थित थे। श्यामल सेन तथा सचिन पाठक जी ने अपने गानो से श्रोताओं का मन जीत लिया छात्र-छात्राओं में प्रभात, पंकज, अनुश्री, अर्पिता, सौरव, सोहन, दीपक, सूरज, संतोष, मीनू, प्रेरणा, पवन, किशोर जी का कुछ प्रसिद्ध गाना जैसे भोले ओ भोले यह लाल रंग खिलते हैं। गुल यहां चिंगारी कोई भड़के, प्यार दीवाना होता है,रात कली जब ख्वाब में आए। बंगला में नोयोनो सोरोशी केनो प्रमुख गाना गाकर उनका जन्मदिन मनाया गया प्रति वर्ष इस प्रकार का आयोजन संस्था द्वारा किया जाता जिससे संगीत प्रेमियों तथा छात्र एवं छात्राओं को संगीत के प्रति उत्साह बड़े इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि तारक नाथ दास इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम को गौरव मंडित किया एवं पुष्प अर्पित कर एवं केक काटकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

उपायुक्त के पहल पर सुजीत कुमार को त्वरित मिला दिव्यांग पेंशन का लाभ

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा आयोजित जनता दरबार में आज टुंडी प्रखंड के कदैया पंचायत के सुजीत कुमार सोनार को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। दरअसल, टुंडी प्रखंड के कदैया पंचायत में रहने वाले गोवर्धन सोनार के 38 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार विगत 1 अगस्त को आयोजित जनता दरबार में पहुंचे थे। उन्होंने उपायुक्त को आवेदन देकर बताया था कि वे दिव्यांग है और उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। सुजीत कुमार सोनार के मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मामले की जांच कर और सभी औपचारिकताएं पूरी कर उनका दिव्यांग पेंशन का प्रमाण पत्र बनाया। जिसे उपायुक्त ने आयोजित जनता दरबार में सुजीत कुमार सोनार को दिव्यांग पेंशन का प्रमाण पत्र सौंपा।

एक नजर

आईआईटी-आईएसएम में एक बार फिर 3 वर्षीय एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम की शुरूआत



धनबाद। पांच वर्षों के अंतराल के बाद आईआईटी-आईएसएम ने एक बार फिर तीन वर्षीय एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम की शुरूआत की है। गुरुवार 3 अगस्त को आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में आईआईटी के निदेशक प्रो.जेके पटनायक ने बताया कि प्रोग्राम के लिए 31 जुलाई से आवेदन शुरू हो गए हैं। 17 अगस्त तक आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी। टेस्ट और इंटरव्यू 20 अगस्त को लेने के बाद 23 अगस्त को वेबसाइट पर रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया 30 अगस्त को पूरी करने के बाद 2 सितंबर से कक्षाएं शुरू की जाएगी आगे कहा हमने शनिवार को शाम 6 बजे से पाठ्यक्रम के लिए कक्षाओं का कार्यक्रम तय किया है। रात 9 बजे तक और रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। कामकाजी अधिकारियों की सुविधा के अनुसार वे कार्यसूची, पारिवारिक जीवन और शैक्षणिक करियर के बीच संतुलन बनाए रखें। प्रोफेसर पटनायक ने बताया पाठ्यक्रम सामग्री की भी इतनी सावधानी से योजना बनाई गई है कि इसमें कामकाजी अधिकारियों के लिए प्रासंगिक सभी विषयों को शामिल किया गया है। जिसमें मार्केटिंग, उद्यमशीलता, प्रबंधन आदि शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आईआईटी (आईएसएम) में एक्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया भी कई संस्थानों की तुलना में काफी बेहतर है। प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी प्रोफेसर बिभास चंद्रा ने कहा इस वर्ष शुरू किए गए पाठ्यक्रम के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया देश भर में हमारे विभाग के मजबूत पूर्व छात्रों के आधार के कारण भी है उन्होंने आगे विश्वास व्यक्त किया कि वे हैं। पाठ्यक्रम के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया की उम्मीद है। हमने कामकाजी पेशेवरों की आवश्यकता सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम का पाठ्यक्रम विकसित किया है, लेकिन हम बदलाव के लिए भी तैयार हैं और समय की मांग के अनुसार नए विषयों को शामिल करेंगे। प्रोफेसर रजनी सिंह, डीन (मीडिया और ब्रांडिंग) जिन्होंने बैठक का संचालन किया तथा 2012 में पहली बार पाठ्यक्रम की शुरूआत और उसके बाद की यात्रा का एक संक्षिप्त विवरण भी दिया। विशेष रूप से, तीन साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश, कामकाजी अधिकारियों, उद्यमियों आदि के लिए है, जिनके पास 10+2 के बाद स्नातक की न्यूनतम योग्यता है और एक वर्ष की पोस्ट योग्यता अनुभव है। जिसके आधार पर चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार 20 अगस्त, 2023 को निर्धारित है। नए पाठ्यक्रम के लिए कक्षाएं 2 सितंबर से शुरू होंगी।

बीसीसीएल ने कोयला उत्पादन में लगातार रिकार्ड कायम किया हैः सीएमडी



धनबाद। कोल इंडिया में बीसीसीएल ने कोयला उत्पादन में लगातार रिकार्ड कायम किया है। कोल इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीसीसीएल को 41 मिलियन टन का लक्ष्य दिया है जिसमे प्रथम तिमाही में कंपनी ने सम्मानजनक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया है। उक्त बातें शुक्रवार को कोयला भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कही है। हालाकि संचित घाटे का आंकड़ा 900 करोड़ रहने का अनुमान भी जताया है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल में पहले के नुकसान की भरपाई की जा रही है। धीरे धीरे उसे इसी वित्तीय वर्ष में समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल की स्थिति अब पहले वाली नही है. कोयला उत्पादन के साथ कई अन्य पहलू पर काम कर रहे हैं पिछले साल सीएसआर पर 7.42 करोड़ रुपया खर्च किये. 425 लोगों को नौकरी दी गयी। उन्होंने बताया कि सीएचसी के लिए राज्य सरकार को 5 रकड जमीन आवंटित की गई है। वही एक्सप्लोसिव उत्पादन के लिए भी जमीन का आवंटन किया गया है ।इंडियन वायल से इस पर एमओयू भी किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि बीसीसीएल सीएसआर के तहत कई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन कर रही है कोरोना संक्रमण काल में सीएसआर के तहत बेहतर कार्य करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें पुरस्कार मिला है। साथी उन्होंने बताया कि सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कैमरे के माध्यम से खदानों की निगरानी की जा रही है।

पुटकी अंचल में किया डोर टू डोर भौतिक सत्यापन

धनबाद । धनबाद के पुटकी अंचल अधिकारी, धनबाद-सह-एईआरओ-40 धनबाद विधान सभा क्षेत्र में बूथ संख्या-371 में डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान पन्ना सत्यापन, मतदाताओं के नाम, उम्र, पता में सुधार करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा एपिक कार्ड वितरण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को दिया।

आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों का हो रहा अपमानः आजसू

रामगढ़। झारखंड में आदिवासी समाज के मुख्यमंत्री हैं। इसके बावजूद आदिवासियों को अपमान सहना पड़ रहा है। वादा खिलाफी की सरकार से आमजनता के संघर्ष की लड़ाई को मजबूती प्रदान करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया है। यह बातें शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान आजसू के वरीय नेता रोशन लाल चौधरी ने कही। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि राज्य में अराजकता का माहौल है। कांग्रेस एवं जेएमएम में जरा भी राजनीतिक सुचिता बची है, तो अपने चुनावी एजेंडे की ओर एक बार देख ले। विधायक इरफान अंसारी ने आदिवासी समाज का अपमान किया है। इरफान अंसारी पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अविलंब गिरफ्तार करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पार्टी ने राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। इसमें पतरातू प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने, पिछले वित्तीय वर्ष में को धान की खरीदारी की गई है, किसानों को शीघ्र उसका भुगतान करने, विद्यार्थियों एवं युवाओं को निश्चित समय पर आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र लागू करने जैसी 25 मांगे शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जीप उपाध्यक्ष रीता देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जीप सदस्य धनेश्वर महतो, जीप सदस्य भोला तुरी, जीप सदस्य तापेश्वर महतो, हजारीबाग जिला प्रधान सचिव कौलेश्वर गनझू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा, रामगढ़ जिला सचिव लालचंद महतो, नरेश महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिरत्नम साहू उपस्थित थे।

लायंस क्लब का पदस्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया

गुमला। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन और विशिष्ट अतिथि के तौर पर इस टॉलिंग ऑफिसर लायन राहुल बर्मा, इंडक्शन ऑफिसर लायन सीमा बाजपेई, लायन संजय कुमार, लायन माधव लखोटिया उपस्थित थे। सभी अतिथियों का लायंस क्लब गुमला के सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर, और शाल देकर सम्मानित किया गया। वही मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन ने कहा लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है सेवा कार्य करना, यह जीवन जो हमें मिला है इस जीवन से दूसरों का जितना भला हो सके उतना भला करना चाहिए। समाज में आज भी नीचे तबके के लोग जो है उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। एक लायंस होने के नाते हमें समाज के विकास के लिए आगे आना होगा। लायंस क्लब गुमला अच्छा कार्य कर रही है। वही इंस्टॉलिंग अफसर लायन राहुल वर्मा ने कहा आज गुमला के लायंस क्लब का 33 वा पदस्थापना समारोह मना रही है, जो गर्व की बात है, उन्होंने कहा इस सत्र 2023-24 के लिए जो लायन सदस्य पदाधिकारी के रूप में आज शपथ ग्रहण ले रहे हैं वे सभी समाज सेवा के लिए आ गया है, और गुमला के क्लब का नाम रोशन करें, पूरे विश्व में 222 देशों में लायंस क्लब है। इंटरनेशनल मैं लायंस क्लब का अपना पहचान है वही आज इंस्टॉलिंग ऑफिसर लाइन राहुल वर्मा के द्वारा सत्र 2023-24 के सभी पदाधिकारियों का शपथ दिलाया गयाइनमें नई कमेटी 2023-24 के लिए अध्यक्ष लायन शंकर लाल जाजोदिया, सचिव लायन अशोक जायसवाल वही कोषाध्यक्ष लायन गुलाब चंद्र प्रसाद, मेंबर शिप चेयरमैन लायन पदम साबू, सह सचिव लायन विशाल कुमार, पीआरओ-लायन हेमंत कुमार, क्लब प्रबंधक लायन मुरली मनहोर प्रसाद, लीडरशिप चेयरपर्सन-लायन अम्बिका लाल, वन एक्टिवी पर्सन-लायन अशोक आनंद, एनवायरनमेंट चेयरपर्सन लायन बनवारी लाल, लायंस अनिल कुमार अग्रवाल को शपथ दिलाया गया। साथ ही इन सभी को डायरेक्टर के रूप में शशि किरण, राज लक्ष्मी, रीता गुप्ता, लायंस दामोदर कसेरा,लायंस ओम प्रकाश साहू, आदि को शपथ दिलाया गया। लायंस क्लब गुमला के कार्यों को देखते हुए पद स्थापना समारोह में नए सदस्य सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता ने ज्वाइन किया उन्हें लायंस सीमा बाजपेई ने शपथ दिलाकर लायंस क्लब का सदस्ता दी गईं। मौके पर मंच का सफल संचालन लायंस मुरली मनोहर प्रसाद, लायंस पवन अग्रवाल ने किया। वही मौके पर 2ण्ड वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय कुमार ने कहा जीवन में ऐसा कुछ कर जाइए। जिसे जमाना याद रखें, लायंस क्लब का मुख्य कार्य सेवा कार्य है। आप जो भी करते हैं उसे मन लगाकर करें। वहीं लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया ने कहा हमारे सत्र में सभी सदस्य तन मन धन से सेवा कार्य में लगेंगे। वही सभी अतिथियों को एक एक चंदन का पेड़ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों ने लायंस भवन गुमला में तुलसी का पौधा लगायाधन्यवाद ज्ञापन लायंस दामोदर कसेरा ने किया। इस आशय की जानकारी पी आर ओ लायंस हेमंत कुमार ने दी।

उपायुक्त ने जनता दरबार में मिली शिकायतों के निष्पादन का दिया निर्देश

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के निवासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष एक दर्जन से अधिक आवेदन आए। उन आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश भी दे दिए गए। फरियादियों ने आम गैर मजुरुआ जमीन पर जबरन मकान बनाने, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक विवाद का निपटारा, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान ,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना में अनियमितता, खतियानी जमीं हड़पने, भू-रैयतों का मुआवजा भुगतान के लिए आवेदन दिए।

उपायुक्त कक्ष में किया गया जनता दरबार का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी गई एवं समाधान का अश्वासन दिया गया। साथ ही सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान हेतु अधिकारीयों को निर्देश दिए गये। कतरास थाना क्षेत्र से आए नागेंद्र कुमार पासवान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाने के लिए उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह एक दिव्यांग व्यक्ति हैं उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। खातियानी जमीन होने के बावजूद उन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उपायुक्त द्वारा इस मामले को डीआरडीए को हस्तांतरित करते हुए योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में भूली से पहुंचे मनोज कुमार , साधना कुमारी एवं संतोष कुमार रवानी ने बकाया वेतन के सम्बन्ध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की वह बीसीसीएल एरिया क्र में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत है जिनका तीन महीने का बकाया वेतन एवं बोनस भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है। उन्होंने उपायुक्त से वेतन भुगतान हेतु मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त वरुण रंजन ने इस मामले को श्रम विभाग एवं बीसीसीएल को हस्तांतरित करते हुए जल्द समाधान का आश्वाशन दिया। इस दौरान जनता दरबार में झरिया क्षेत्र के कोयलांचल नागरिक मंच से आये लोगों ने उपायुक्त से झरिया चार नंबर बस स्टैंड में बीसीसीएल द्वारा सुलभ शौचालय बंद करने की वजह से लोगों को हो रही परेशानीयों से रूबरू कराया तथा पुनः शौचालय खोले जाने का आग्रह आवेदन सौंपा। मामले पर उपायुक्त वरुण रंजन ने बीसीसीएल को हस्तांतरित करते हुए मामले के निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में बलियापुर प्रखंड से आए हीरालाल रजवार ने उपायुक्त को भू-माफिया द्वारा जबरन दखल कर घेरा बंदी के सम्बन्ध में आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की उनके 3 एकड़ जमीन पर 4 से 5 साल पहले हलधर मोदक द्वारा कुछ पैसा देकर एक करार (अग्रीमेंट) करवाया तथा कहा गया की केवाला दलील बनने के समय सम्पूर्ण पैसा दे दिया जाएगा।

युवक की हत्या कर शव को जलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

लातेहार। हत्या कर पहले शव को जंगल में छुपाने और बाद में शव को जलाकर खुर्द बुर्द करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह शव रांची के युवक जाफर आलम का था। उसकी हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया था और बाद में जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया जा रहा था। एसपी अंजनी अंजन ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रांची के रहने वाले युवक जफर आलम की हत्या आपसी रंजिश में की गई थी। युवक की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए मृतक के शव को बालूमाथ थाना क्षेत्र के शांति जंगल में ले जाकर जलाने का भी प्रयास आरोपितों द्वारा किया गया। आरोपित गौतम यादव और सोहेल अंसारी दोनों आरोपित रांची जिले के खेलारी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि 14 जून को पुलिस ने शांति जंगल से युवक का आधा जला शव बरामद किया था। हत्याकांड के छानबीन के क्रम में पुलिस ने गौतम यादव और सोहेल अंसारी ने पूछताछ की, जिसमें आरोपितों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि पैसे के लेन-देन के कारण दुश्मनी हुई थी और इन दोनों ने जफर आलम की हत्या कर दी थी।

राहुल गांधी को 'सुप्रीम' राहत के बाद पांच संदेश

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जैसे ही आपराधिक मानहानि केस में राहुल गांधी को मिली 2 साल की सजा और दोषसिद्धि पर रोक का फैसला सुनाया, कांग्रेस में खुशी की लहर दौड़ गई। अधीर रंजन चौधरी समेत तमाम कांग्रेस सांसद तो संसद परिसर में ही पूरे जोश में 'वी फॉर विक्ट्री' का नारा लगाने लगे। ट्विटर पर कांग्रेस 'सत्य की जीत' का जश्न मनाने लगी। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ता खुशी से नाचने लगे, झूमने लगे। ये स्वाभाविक भी है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब राहुल गांधी के नाम के साथ वायनाड के पूर्व सांसद का ठप्पा भी हट गया है। उनकी न सिर्फ संसद सदस्यता बहाल होने जा रही है बल्कि उनके 2024 का चुनाव लड़ने पर छाए संशय के बादल भी छंट गए हैं। फैसले के बाद उन्होंने कहा कि आज नहीं तो कल, सच की जीत तो होनी ही थी। कांग्रेस उत्साह में है। जोश हाई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद 2024 के लिहाज से क्या-क्या बदलेगा? क्या हैं वे 5 बड़े संदेश जो 2024 तक जाते हैं? आइए समझते हैं।

बीजेपी के लिए बढ़ेगी चुनौती या और आसान होगी राह?

राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने और 2024 में उनके चुनाव लड़ने का रास्ता साफ होने से सत्ताधारी एनडीए खासकर बीजेपी की चुनौती बढ़ने वाली है। संसद में अब राहुल गांधी की पहले से भी कड़े तेवरों के साथ वापसी होने जा रही है। मौजूदा दौर में राहुल गांधी बिना शक विपक्ष के सबसे असरदार नेता और नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्र सरकार के खिलाफ सबसे मुखर आवाज हैं। सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक वह मोदी सरकार को घेरते आए हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद उनकी एक परिपक्व और जुझारू नेता की छवि उभरी है। इससे कहा जा सकता है कि बीजेपी की चुनौती बढ़ेगी। हालांकि, इसका दूसरा पहलू भी है। अब बीजेपी 2024 के चुनाव को 'मोदी बनाम राहुल' की सीधी लड़ाई बनाने में कामयाब भी हो सकती है। 'मोदी बनाम राहुल' की सीधी लड़ाई का इतिहास बीजेपी के पक्ष में रहा है। 2014 और उसके बाद एक के बाद एक कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का ट्रैक रिकॉर्ड राहुल गांधी के खिलाफ जाता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद तो उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। बीजेपी 2024 के चुनाव को भी 'मोदी बनाम राहुल' की लड़ाई बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी क्योंकि ये उसे सबसे ज्यादा रास आता है। बीजेपी के कई समर्थक तो राहुल गांधी को 'बीजेपी का सबसे बड़ा स्टार प्रचारक' तक कहा करते हैं। बीजेपी समर्थकों को छोड़िए, कांग्रेस की सरपरस्ती में बने विपक्षी गठबंधन कठ.ऊकअ. की अहम सहयोगी और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी राहुल गांधी को पीएम मोदी के लिए 'टीआरपी' बता चुकी हैं। टीआरपी टीवी चैनलों की लोकप्रियता मापने का पैमाना है। इसी साल 19 मार्च को ममता बनर्जी ने मुर्शीदाबाद के टीएमसी कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक में कहा था कि बीजेपी चाहती है कि राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बने रहें, क्योंकि वह मोदी के लिए 'टीआरपी' हैं।

कांग्रेस के लिए मायने

सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐसे वक्त आया है जब अगले लोकसभा चुनाव में बमुश्किल 8-9 महीने बचे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली ये बड़ी राहत कांग्रेस का हौसला बढ़ाने वाली है। 'मोदी सरनेम' पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में सूरत कोर्ट से राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने और उसके बाद उनकी संसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस की हालत एक ऐसी सेना की हो गई थी जिसका सेनापति ही चाहते हुए भी युद्ध में हिस्सा नहीं ले पा रहा। सेनापति की वापसी से सेना का जोश हाई होना लाजिमी है। राहुल गांधी ने पिछले 2-3 सालों में कड़ी मेहनत से 'अनिच्छुक राजनीतिज्ञ' और 'अपरिपक्व' राजनेता की उस छवि को ध्वस्त करने में बहुत हद तक कामयाबी हासिल की है जिसे उनके विरोधियों ने गढ़ी है। 'भारत जोड़ो यात्रा' उसका सबसे बड़ा प्रमाण है। राहुल सीधे आम जनता से मुखातिब हो रहे हैं। ट्रक ड्राइवर हो या सब्जी वाला, बाइक मकैनिक हो या रेहड़ी वाला...वह सीधे आम जनता से कनेक्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस जोश में है। जश्न मना रही है। उनका सेनापति जो चुनावी समर से ठीक पहले लौट आया है।

विपक्षी गठबंधन के लिए संदेश

सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ सहयोगी दलों की चुनौती भी बढ़ने वाली है। राहुल गांधी के चुनावी परिदृश्य से बाहर देखकर विपक्षी गठबंधन के कई सहयोगी दलों की प्रधानमंत्री पद की हसरत परवान चढ़ रही थी। वह कांग्रेस पर दबाव बनाने की कोशिश में जुटी थीं कि अगर राहुल गांधी चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो किसी अन्य दल के नेता को पीएम फेस के तौर पर उतारा जाए। टीएमसी, आम आदमी पार्टी, जेडीयू जैसे इंडिया के कई सहयोगी दलों को विपक्ष की तरफ से 'प्रधानमंत्री पद के चेहरे' में अपने-अपने नेताओं की छवि दिखाई दे रही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद परिस्थितियां बदल गई हैं। अब इन नेताओं की हसरत 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' में तब्दील हो सकती है। इंडिया की सबसे बड़ी घटक कांग्रेस गठबंधन की कवायद शुरू होने के बाद से अबतक प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बहुत संभलकर बोल रही थी, लेकिन अब वह इस पर अपनी दावेदारी को स्वाभाविक बताते हुए आक्रामक हो सकती है। इससे इंडिया के भीतर ही रार की स्थिति पैदा हो सकती है।

बीजेपी से ज्यादा झटका ममता को!

टीएमसी चीफ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पीएम पद की महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। राहुल गांधी के सीन से गायब होने को टीएमसी अपने लिए मौके के रूप में देख रही थी। तभी तो बेंगलुरु में पिछले महीने 18 जुलाई को इंडिया की बैठक के बाद जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई रुचि नहीं है तो टीएमसी ने ममता बनर्जी की दावेदारी पेश करने में तनिक भी देर नहीं लगाई। टीएमसी सांसद शताब्दी राय से जब खरगे के बयान को लेकर पूछा गया तो उन्होंने तपाक से कहा कि तब तो हम चाहेंगे कि विपक्ष की तरफ से ममता बनर्जी प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनें। राय ने कहा कि अगर कांग्रेस पीएम पद की रेस में नहीं है तो वह चाहेंगी कि उनकी नेता राज्य की सीएम से पीएम पद तक पहुंचे। ममता बनर्जी सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी का उपहास उड़ा चुकी हैं। वह बार-बार संकेत दे चुकी हैं कि उन्हें राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार नहीं है। इंडिया गठबंधन बनने से पहले तक वह नरेंद्र मोदी के खिलाफ खुद को विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे के तौर पर प्रोजेक्ट करती आई हैं। अब राहुल गांधी की वापसी से उनकी चुनौती जरूर बढ़ गई है।

प्रियंका गांधी वाड्रा का इंतजार!

आपराधिक मानहानि के मामले में सजा से राहुल गांधी की संसद सदस्यता छिनने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा को कांग्रेस के भीतर केंद्रीय भूमिका की मांग जोर पकड़ रही थी। राहुल चुनाव नहीं लड़ सकते थे लिहाजा प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गई थीं। कांग्रेस के भीतर ये मांग भी होने लगी थी कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रियंका को चेहरा बनाया जाए। हालांकि, कांग्रेस अगर ऐसा चाहती तब भी गठबंधन की मजबूरियों की वजह से उसके हाथ बंधे थे। लेकिन सियासी पंडित ये मानकर चल रहे थे कि अगर 2024 में कठ.ऊकअ. गठबंधन के सत्ता में आने के समीकरण उभरती तो राहुल गांधी की नामौजूदगी में कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को आगे करती। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस को अब किसी 'प्लान बी' की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

कांग्रेस को मिली बूस्टर डोज, भाजपा को झटका

नयी दिल्ली : मोदी उपनाम को गलत तरीके से उपयोग करने के आरोप में राहुल गांधी को हुई सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। इससे उनकी संसद सदस्यता बहाल होने का रास्ता भी खुल गया है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र और सत्य की जीत बताया है। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से कांग्रेस को सरकार पर हमलावर होने का अवसर मिला है, जो पहले ही मणिपुर के मुद्दे पर सरकार को हर तरफ से घेरे हुए थी। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से भाजपा को तगड़ा झटका लगा है।

दरअसल, यदि राहुल को हुई दो साल की सजा लागू हो जाती तो उनके छह साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लग जाती। इससे वे 2024 के साथ-साथ 2029 के लोकसभा चुनाव में भी हिस्सा न ले पाते। इससे कांग्रेस की संभावनाओं को गहरा झटका लग सकता था। कांग्रेस के साथ यह इंडिया गठबंधन को भी नुकसान पहुंचाता, जो कांग्रेस और राहुल गांधी के इर्दगिर्द पीएम नरेंद्र मोदी को घेरने की तैयारी कर रहा है। राहुल गांधी के जेल जाने से विपक्ष का हमलावर रुख भी कमजोर पड़ सकता था। इस संदर्भ में राहुल गांधी की सजा पर रोक कांग्रेस के साथ साथ पूरे विपक्ष के लिए बूस्टर डोज की तरह काम करेगा। इसके पहले भी कई कारणों से भाजपा बैकफुट पर थी। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। इसी बीच भाजपा शासित हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा ने भी भाजपा को बैकफुट पर ला दिया था। इसी बीच आये सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय ने विपक्ष के हाथों एक और मुद्दा पकड़ा दिया है। इससे सोमवार से संसद में विपक्ष ज्यादा आक्रामक तरीके से सरकार पर हमला करेगा।

मजबूत हुआ लोकतंत्र : कांग्रेस

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि राहुल गांधी की सजा पर रोक यह सिद्ध करता है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने ऐसी कोई भी बात नहीं की थी, जिसे गलत कहा जा सके। उन्होंने केंद्र पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है और इससे आम आदमी की आवाज को मजबूती मिलेगी।

बहाल होगी राहुल की सांसदी या करना होगा अभी और इंतजार?

सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत के बाद राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल होने को लेकर चर्चाएं होने लगी हैं। पूर्व लोकसभा सचिव पीडीटी आचारी कहते हैं कि सजा पर रोक का मतलब है कि अब राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो जाएगी। नियम यही कहता है भले ही ये अंतरिम रोक क्यों न हो। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है जब किसी सांसद को निचली अदालत से सुनाई गई सजा की वजह से उनकी सदस्यता गई, लेकिन ऊपरी अदालतों के आदेश के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता कहते हैं, 'सुप्रीम कोर्ट के अनेक फैसलों पर मीडिया रिपोर्ट के आधार पर ही सरकारें कार्रवाई कर देती हैं। लेकिन इस मामले में सरकार और लोकसभा स्पीकर आदेश की सर्टिफाईड कॉपी का इंतजार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार लोकसभा सचिवालय अधिसूचना जारी करेगा उसके बाद ही राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो पाएगी। इसके पहले लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में केरल हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद चुनाव आयोग ने उनकी सीट पर उपचुनाव कराने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लोकसभा सचिवालय ने फैजल की सदस्यता बहाल करने की नोटिफिकेशन जारी किया था। संविधान के अनुच्छेद-141 के तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेश सभी अदालतों और सरकारों के लिए सर्वोपरि होते हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार लोकसभा की नोटिफिकेशन के अनुसार राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल हो जायेगी। लेकिन, उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले में अंतिम फैसले के अनुसार ही सजा या दोषमुक्ति का निर्धारण होगा।'

2024 का लोस चुनाव लड़ने का भी रास्ता भी साफ हो गया!

सुप्रीम कोर्ट की ओर से राहुल को मिली राहत फौरी है। कोर्ट ने मामले को खारिज नहीं किया गया, बल्कि सजा पर रोक लगाई है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। अगर सुप्रीम कोर्ट भी राहुल को इस मामले में दो साल की सजा सुनाता है तो राहुल चुनाव लड़ने से अयोग्य हो जाएंगे। वहीं, कोर्ट से बरी होने या दो साल से कम सजा मिलने पर राहुल चुनाव लड़ सकेंगे। हालांकि, ये फैसला कब तक आएगा ये देखना होगा। ऐसा भी हो सकता है कि कोर्ट का फैसला 2024 के चुनाव के बाद आए। ऐसे में राहुल 2024 का चुनाव लड़ सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने किस आधार पर दी राहुल को राहत?

सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी को जो राहत मिली है उसके तीन बड़े आधार हैं। पहला-ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में अधिकतम 2 साल की सजा दी थी लेकिन उसके लिए सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट ने ठोस आधार नहीं दिये। दूसरा- उस कठोर फैसले से राहुल गांधी के सार्वजनिक जीवन का अधिकार प्रभावित हुआ है। तीसरा- उस फैसले से राहुल गांधी के लोकसभा क्षेत्र के वोटरों का भी अधिकार प्रभावित हुआ है इसलिए उस पर रोक लगाना जरुरी है।

कैसे बहाल होगी राहुल सदस्यता?

सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय बताते हैं कि अब राहुल गांधी को लोकसभा सचिवालय को आवेदन देना होगा। इसमें वो बताएंगे कि उनकी सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस आवेदन के साथ उन्हें कोर्ट के फैसले की कॉपी भी लगानी होगी। इसके बाद सचिवालय सचिवालय उनकी सदस्यता बहाली का आदेश जारी करेगा। इस संबंध में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और तत्काल राहुल की सांसदी बहाल करने का अनुरोध किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने फैसले की कॉपी आने तक इंतजार करने की बात कही है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 05 अगस्त, 2023

मेष : मितव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

वृष : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित का काम साधने में मदद मिलेगी। शुभांक-3-5-7

मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

कर्क : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

सिंह : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलेगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अधिक सक्रिय रहेंगे। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

धनु : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-5-8

मकर : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

कुंभ : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी होगी। शुभांक-3-5-7

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9





बिहार में क्यूल-झाझा रेलखंड पर दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी,हताहत नहीं

पटना (हि.स.)। पूर्व मध्य रेलवे के क्यूल-झाझा रेलखंड पर जमुई रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के पास शुक्रवार को एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे अलग हो गये। मालगाड़ी का कपलिंग खुल जाने के कारण कोयला लदे मालगाड़ी के तीन डिब्बे अलग हो गये। जिससे अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि झाझा की ओर से आ रही एक मालगाड़ी जिस पर कोयला लदा हुआ था जिसके पीछे के तीन डिब्बे गाड़ी से अलग हो गए। इंजन से जुड़े डिब्बे आगे की ओर रवाना हो गए। ट्रेन की रफ्तार अधिक नहीं होने के कारण तीन डिब्बे जमुई स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर थोड़ी दूरी पर जाकर रुक गए। हालांकि कुछ मिनटों में ही तीनों डिब्बे को जोड़कर मालगाड़ी को रवाना कर दिया गया। इस दौरान प्लेटफार्म पर ट्रेन पकड़ने के लिए आए यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस मामले में जमुई स्टेशन के अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोयला लदी मालगाड़ी झाझा की ओर से आ रही थी। जो लुप लाइन होते हुए आगे स्टेशन की ओर जा रही थी तभी मालगाड़ी का कपलिंग खुल जाने के कारण तीन डिब्बे अगल हो गए। इसकी सूचना तुरंत मालगाड़ी के ड्राइवर को दी गई और गाड़ी को रुकवा कर मालगाड़ी को बैक किया गया। वहीं 10 मिनट में दोनों अलग हुए डब्बे के कपलिंग को जोड़कर मालगाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ ना ही किसी ट्रेन की प्रभावित होने की सूचना है।

मणिपुर में गोली लगने से पुलिसकर्मी सहित दो की मौत, कई घायल

इंफाल (हि.स.)। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि गुरुवार को इंफाल पश्चिम इलाके में गोलीबारी हुई है। इस घटना में सिर में गोली लगने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि काउट्रुक, हारोथेल और सेंजाम चिरांग इलाकों में भी अराजकतत्वों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी में एक सुरक्षा गार्ड सहित दो लोग घायल हुए। इसी बीच, पास की पहाड़ी इलाकों में भी गोलीबारी में एक नागरिक की भी मौत हुई है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के कांगवाई और फोगाकचाओ इलाकों में गुरुवार को झड़पें हुईं। इन झड़पों में कम से कम 19 लोग घायल हो गए। उल्लेखनीय है कि 3 मई से राज्य में लगातार हिंसा हो रही है। शासन प्रशासन शांति बहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं अभी निलंबित हैं। आए दिन अलग-अलग इलाकों में झड़पें हो रही हैं। सुरक्षा बल दिन-रात परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं।

मणिपुर मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है मोदी सरकार : जयराम रमेश

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि सत्ता पक्ष संसद में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है जबकि विपक्ष मामले पर हर हाल में चर्चा चाहता है। इसके लिए साझा प्रयास जारी है। रमेश ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि कल विपक्षी दलों के संगठन (इंडिया) ने सरकार के साथ बैठकर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए बातचीत की और नियम 167 के तहत चर्चा को लेकर सहमति भी बनी। विपक्षी सांसदों का कहना था कि राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर तुरंत चर्चा शुरू कराई जाए। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के रवैये को देखकर लगता है कि वह इस मुद्दे पर संवाद करना ही नहीं चाहता है। रमेश ने कहा कि एक ओर तो मोदी सरकार नियम 167 के तहत चर्चा को लेकर सहमति दिखाती है और दूसरी और चर्चा तुरंत शुरू कराने की बजाय 11 अगस्त को चर्चा का समय तय करवाना चाहती। रमेश ने कहा कि विपक्ष का मत है कि मामले पर गतिरोध खत्म कर चर्चा हो लेकिन सत्ता पक्ष के इरादे कुछ और ही हैं। उन्होंने कहा कि कल की बातचीत के बाद वास्तव में चर्चा आज होनी चाहिए थी, जिसके लिए इंडिया पक्ष तैयार है। यदि आज नहीं तो जल्द से जल्द सोमवार या मंगलवार को चर्चा होनी ही चाहिए।

लोकसभा से अंतर-सेवा संगठन और आईआईएम से जुड़े विधेयक पारित

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा में शुक्रवार को एक विधेयक पेश किया गया और दो विधेयक पारित किए गए। लोकसभा में शुक्रवार को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 पेश किया गया। वहीं अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 और भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा में पारित किया गया। इस दौरान लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे और बाद में 12:50 बजे फिर से बैठक के लिए स्थगित की गई। दिल्ली की महिलाओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर घर के सपने को साकार करने के लिए धन्यवाद दिया

दिल्ली की महिलाओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर घर के सपने को साकार करने के लिए धन्यवाद दिया

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया कि वे दिल्ली के कालकाजी इलाके में 'जहां झुग्गी वहीं मकान' योजना के तहत पक्के मकान आवंटित किए गए लाभार्थियों द्वारा उन्हें लिखे गए पत्रों से अभिभूत हैं। महिलाओं ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र सौंपा, जो उनसे मिलने आए थे। लाभार्थियों ने अपनी खुशी व्यक्त की और उनके सपने को साकार करने और योजना के माध्यम से उनके जीवन को आसान बनाने में मदद करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण के लिए काम करते रहने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, दिल्ली के कालकाजी की उन माताओं और बहनों के पत्रों को पाकर अभिभूत हूं, जिन्हें जहां झुग्गी वहीं मकान स्कीम के तहत पक्के घर मिले हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर जी जब वहां गए तो महिलाओं ने ये पत्र उन्हें सौंपे, जिनमें उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की है। वे बताती हैं कि कैसे इस स्कीम के जरिए उनका वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है और पूरे परिवार का जीवन आसान बना है। पत्रों के लिए आप सभी का बहुत-बहुत आभार! हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए यूं ही प्रतिबद्ध होकर काम करती रहेगी।

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

नई दिल्ली(हि.स.)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी।

गौरीकुंड हादसा: मुख्यमंत्री धामी ने राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड हादसे पर कहा है कि सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। लापता लोगों को खोजने लिए मुस्तैदी के साथ राहत बचाव कार्य जारी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी सचिवालय स्थित आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर में जारी बारिश की स्थिति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने गौरीकुंड में चल रहे राहत बचाव कार्य में तेजी लाने के साथ ही शासन स्तर से हर संभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौरीकुंड में हुए हादसे के बाद लगातार राहत बचाव कार्य जारी है। लापता लोगों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे में मृतक व लापता लोगों के परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है। एसडीआरएफ, जिला प्रशासन सभी टीमें मौके पर मौजूद हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन भी क्षेत्र में जल स्तर बढ़ जाने से बाढ़ की समस्या आ रही है, उन सभी स्थानों पर अलर्ट जारी किया जाए और सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों के आसपास बनी इमारत और कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव अभिनव कुमार सचिव आपदा रंजीत सिन्हा, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी

नई दिल्ली (हि.स.)। लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ की थी। दिनभर के कारोबार में कई बार बिकवाली का दबाव भी बनता नजर आया, लेकिन खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने रहे। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार में आईटी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह सर्विसेज, फार्मास्यूटिकल, टेलीकॉम, इंफ्रास्ट्रक्चर, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल और पावर सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी खरीदारी का जोर बना रहा। इसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

कारोबार में आई तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1.71 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 304 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को इन कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 302.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह आज के कारोबार से शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 1.71 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कुल 3,720 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,236 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,335 शेयरों में कमजोरी दर्ज की गई। इसके अलावा 149 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,043 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग होती रही। इनमें से 1,319 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में और 724 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 शेयर तेजी के साथ और 20 शेयर कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 बढ़त के साथ हरे निशान में और 12 कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 212.87 अंक मजबूती के साथ 65,453.55 अंक के स्तर पर खुला। बाजार में आज दिनभर खरीदार हावी नजर आए। हालांकि बिकवाली का दबाव भी लगातार बनता नजर आया, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 558.59 अंक की छलांग लगा कर 65,799.27 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली के दबाव में इसने 65,387.18 अंक तक का गोता भी लगाया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 480.57 अंक की मजबूती के साथ 65,721.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 81.15 अंक की बढ़त के साथ 19,462.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 157.20 अंक की मजबूती के साथ 19,538.85 अंक तक पहुंचा, जबकि बिकवाली के दबाव में 19,436.45 अंक तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 135.35 अंक की तेजी के साथ 19,517 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला 3.77 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 3.31 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.84 प्रतिशत, विप्रो 2.30 प्रतिशत और भारती एयरटेल 2.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 2.91 प्रतिशत, बजाज ऑटो 2.37 प्रतिशत, बीपीसीएल 2.07 प्रतिशत, एनटीपीसी 0.98 प्रतिशत और मारुति सुजुकी 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट : फ्लैट कारोबार के बीच बिटकॉइन में मामूली तेजी



नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान फ्लैट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल 6 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रही हैं। दूसरी ओर, 3 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में बनी हुई हैं और एक क्रिप्टो करेंसी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन आज 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रही है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 0.06 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 29,156.31 डॉलर यानी 24.15 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रही थी। इसके अलावा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,835.57 डॉलर के स्तर पर बनी हुई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 0.74 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.27 प्रतिशत, सोलाना 0.89 प्रतिशत और ट्रॉन 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एक्सआरपी 0.67 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत और काडानों 0.61 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल टेथर इकलौती ऐसी क्रिप्टो करेंसी है, जो पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान बिना किसी उतार चढ़ाव के 0.999 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रही है।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट का मार्केट कैप 0.10 प्रतिशत बढ़ा है। इस बढ़ोतरी के साथ ही क्रिप्टो करेंसी का मार्केट कैप बढ़ कर 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 99.9916 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

दूसरी ओर, पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन में कमी दर्ज की गई है। इस अवधि में 2,845 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.36 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी का लेन-देन हुआ है, जो 1 दिन पहले की तुलना में 13.83 प्रतिशत कम है। उधर, पिछले 24 घंटे के दौरान बिटकॉइन की स्थिति क्रिप्टो करेंसी मार्केट में 0.01 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिससे क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी बढ़ कर 48.68 प्रतिशत हो गई है।

जुमे की नमाज के चलते कुछ देर के लिए ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे रोका गया वाराणसी



(हि.स.)। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने को छोड़कर अन्य हिस्से का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम सर्वे कर रही है। मस्जिद में जुमे की नमाज को देखते हुए मस्जिद परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सर्वे के बीच जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के कार्य को चुनौती के रूप में लिया है। नमाज के दौरान सुरक्षा कारणों से कुछ देर के लिए एएसआई टीम के सर्वे को रोक दिया गया है। अपराह्न 02 बजे के बाद फिर सर्वे कार्य शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी एस.राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाम खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार एएसआई टीम ज्ञानवापी क्षेत्र को चार भागों में बांट कर सर्वे कर रही है। प्रदेश शासन के निर्देश पर पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। सर्वे टीम सबसे ज्यादा ज्ञानवापी के पश्चिमी दीवार की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। उधर, सुरक्षा कारणों से मैदागिन से गोदौलिया तक बैरिकेडिंग कर इस क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। केवल पैदल राहगीर और दर्शनार्थियों को ही काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर जाने दिया जा रहा था। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के साथ ही मंदिर प्रबंधन के कर्मियों के मोबाइल भी जमा कराए गए हैं। एएसआई के सर्वे में साफ हो जाएगा कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद मंदिर की संरचना के ऊपर किया गया है कि नहीं, मस्जिद के पश्चिमी दीवार की उम्र और प्रकृति की जांच के साथ तीन गुंबदों के ठीक नीचे सर्वे, सभी तहखानों की जांच होगी। इमारत की उम्र, निर्माण की प्रकृति का पता लग सकेगा।

शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स-निफ्टी दोनों उछले

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट में कमजोरी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार ने के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ की। हालांकि बीच में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में मामूली गिरावट भी आई। लेकिन थोड़ी ही देर में खरीदारों ने लिवाली तेज करके इन सूचकांकों की चाल भी तेज कर दी। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.48 प्रतिशत और निफ्टी 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो, एलटी माइंडट्री और टेक महिंद्रा के शेयर 4.85 प्रतिशत से लेकर 2.03 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, बीपीसीएल और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.11 प्रतिशत से लेकर 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। स्टॉक एक्सचेंज में फिलहाल 1,920 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही है। इनमें से 1,446 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर 474 शेयर बिकवाली के दबाव की वजह से लाल निशान में बने हुए हैं। इसी तरह निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। जबकि सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। बीएसई का सेंसेक्स 212.87 अंक की बढ़त के साथ 65,453.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 65,588.53 अंक के स्तर तक पहुंचा। हालांकि इसके बाद कुछ देर तक बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने भी मामूली कमजोरी दिखाई। लेकिन थोड़ी देर बाद खरीदारों ने एक बार फिर अपना जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 311.08 अंक की तेजी के साथ 65,551.76 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 81.15 अंक की मजबूती के साथ 19,462.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक उछल कर 19,498.35 अंक के स्तर तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इसकी चाल में भी गिरावट नजर आई। लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने दोबारा मोर्चा संभाल लिया, जिससे इसकी गति एक बार फिर तेज हो गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 96.90 अंक की बढ़त के साथ 19,478.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने मिले जुले कारोबार की शुरूआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 122.67 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 65,363.35 अंक के स्तर पर था। जबकि एनएसई का निफ्टी 3.80 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,377.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 542.10 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 65,240.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी ने 144.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,381.65 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

ग्लोबल मार्केट दबाव में, एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से आज भी दबाव के संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। हालांकि डाउ फ्यूचर्स में आज 0.24 प्रतिशत की बढ़त नजर आ रही है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली के दबाव का सामना करते रहे। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से चिंता का माहौल बना हुआ है। इसकी वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में लगातार दबाव की स्थिति बनी रही। डाउ जॉन्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 35,215.89 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,501.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.10 प्रतिशत फिसल कर 13,959.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक अमेरिका में बॉन्ड यील्ड में आई तेजी की वजह से निवेशकों के बीच घबराहट का माहौल है। 10 सालों की बॉन्ड यील्ड 4.18 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह 30 साल की बॉन्ड यील्ड 4.30 प्रतिशत के स्तर पर पहुंची हुई है। नवंबर 2022 के बाद लंबी अवधि वाले बॉन्ड यील्ड का ये सबसे ऊंचा स्तर है। यूरोपीय बाजार के तीनों सूचकांक पर भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा लगातार 14वीं बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने की वजह से यूरोपीय बाजार में निराशा का माहौल बना हुआ है। इस बार ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जिससे ब्याज दरें 15 साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। निराशा के माहौल के बीच एफटीएसई इंडेक्स 0.43 प्रतिशत टूट कर 7,529.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.72 प्रतिशत फिसल कर 7,260.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 126.64 अंक यानी 0.80 प्रतिशत कमजोर होकर 15,893.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में और 3 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,500 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.13 प्रतिशत उछल कर 32,201.06 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 195.14 अंक यानी 1 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,616.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.47 प्रतिशत मजबूत होकर 3,295.91 अंक के स्तर पर बना हुआ है।

सहारा रिफण्ड पोर्टल के माध्यम से 112 जमाकताओं के पैसे हुए वापस

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा रिफन्ड पोर्टल के माध्यम से सहारा की सहकारिता समितियों में जमाकताओं के पैसे वापस करवाने की शुरूआत की है।

शाह ने शुक्रवार को ऑनलाइन तरीके से सहारा की चार सहकारी समितियों में निवेश करने वाले 112 निवेशकों के खाते में 10-10 हजार रुपये ट्रांसफर किए हैं।

इस दौरान शाह ने कहा कि "केन्द्रीय पंजीयक- सहारा रिफण्ड पोर्टल" पर अभी तक 18 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जिसमें से 14 लाख लोगों की अर्जी स्वीकार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आज तो सिर्फ 112 लोगों के पैसे वापस कराए गए हैं। आने वाले दिनों में सभी निवेशकों के पैसे उनके खाते में भेजे जाएंगे।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच मजबूत कर रही है। हमारी सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। आने वाले दिनों में सहारा की सहकारी समितियों में निवेश करने वाले लोगों के पैसे चरणबद्ध तरीके से वापस कराए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को शाह ने नई दिल्ली में "केन्द्रीय पंजीयक- सहारा रिफण्ड पोर्टल" का शुभारम्भ किया था। इस पोर्टल के माध्यम से सहारा की चारों समितियों में निवेश करने वालों से संबंधित कागज उपलब्ध कराने को कहा गया था।

सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए सहकारिता मंत्रालय के आवेदन पर सर्वोच्च न्यायालय ने 29 मार्च, 2023 को एक आदेश दिया था। इसके तहत सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकताओं के वैध देयों के भुगतान के लिए "सहारा-सेबी रिफंड खाते" से 5000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित किए जाने का आदेश दिया।

सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के प्रमाणिक जमाकताओं द्वारा दावे प्रस्तुत करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल "केन्द्रीय पंजीयक- सहारा रिफण्ड पोर्टल" तैयार किया गया है।

रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज ने भारत को 4 रन से हराया

दिल्ली(हि.स.)। टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला में जोरदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज हार से किया है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में मेजबान वेस्टइंडीज ने भारत को चार रनों से हरा दिया है। इस रोमांचक मुकाबले में एक समय भारत को जीत के लिए दो ओवरों में 21 रन की जरूरत थी लेकिन वो सिर्फ 14 रन ही बना सकी। इस तरह वेस्टइंडीज ने चार रनों से शानदार जीत दर्ज की। जेसन होल्डर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज से मिले 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल तीन रन और ईशान किशन छह बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए। हालांकि तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने 39 रन की साझेदारी की। तभी सूर्यकुमार 21 रन बनाकर जेसन होल्डर का शिकार हो गए। इसके अगले ही ओवर में तिलक वर्मा भी 39 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हार्दिक पांड्या 19, संजू सैमसन 12 और अक्षर पटेल ने 12 रन बनाए। आखिर में अर्शदीप सिंह ने कोशिश की और 12 रन बनाकर टीम को आगे ले गए लेकिन टीम को जरूरी लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। इस तरह भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 145 रन ही बना सकी और चार रनों से पहला टी20 मैच हार गई। वेस्टइंडीज के लिए जेसन होल्डर, ओबेड मैकॉय और रोमारियो शेफर्ड ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अकील हुसैन के खाते में एक विकेट आया। वहीं दो बल्लेबाज रन आउट हुए। इससे पहले, टॉस जीतकर वेस्टइंडीज बल्लेबाजी का फैसला किया था और निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 149 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा 48 रन कप्तान रोवमन पॉवेल ने बनाए। वहीं, निकोलस पूरन ने 41 रन की पारी खेली। जबकि सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग ने 28 रन का योगदान दिया। भारत के लिए युजवेन्द्र चहल और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट झटके। जबकि हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली।

आईसीसी ने पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष इजाज बट के निधन पर किया शोक व्यक्त

दुबई, (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईसीसी निदेशक इजाज बट के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बट का गुरुवार को लाहौर में 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर, जिन्होंने 1959 से 1962 तक पाकिस्तान के लिए विकेटकीपर के रूप में आठ मैच खेले, बाद में 1984 से 1988 तक पाकिस्तान क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य किया। इसके बाद वे 2008 से 2011 तक पीसीबी अध्यक्ष और इसी अवधि के दौरान आईसीसी निदेशक भी बने। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी, ज्योफ एलार्डिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हमें इजाज बट के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ है, जिन्होंने पहले एक खिलाड़ी के रूप में अपने देश में क्रिकेट में योगदान दिया और बाद में, खेल के प्रति उनके निरंतर भक्ति ने उन्हें पीसीबी के अध्यक्ष और आईसीसी निदेशक के रूप में काम करते देखा। हम इस कठिन समय के दौरान उनके प्रियजनों, दोस्तों और पीसीबी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।"

हॉकी इंडिया ने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर अमित रोहिदास को दी बधाई

नई दिल्ली (हि.स.)। हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास को 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के रहने वाले अनुभवी डिफेंडर अमित ने गुरुवार को प्रतिष्ठित मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में चीन के खिलाफ हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। रोहिदास,ने भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2013 में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण किया। 30 वर्षीय रोहिदास उस भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 2013 एशिया कप में रजत पदक जीता था। राउरकेला के पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में अपने हॉकी कौशल को निखारने वाले रोहिदास ने 2013 में नई दिल्ली में आयोजित एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2014 हॉकी पुरुष विश्व लीग फाइनल 2014 में भी खेला। रोहिदास ने 2017 में हॉकी इंडिया लीग में एक ठोस प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की और भारतीय टीम में मुख्य आधार बन गए। रोहिदास ने एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर 2018 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत की कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टोक्यो में उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए उन्हें 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रोहिदास ने एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में उप कप्तान के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022/23 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का भी हिस्सा थे। अमित ने कहा, जब भी मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया गया है तो मुझे हमेशा गर्व की अनुभूति हुई है। मैं सहयोगी स्टाफ, कोच, मेरे साथियों और हॉकी इंडिया का मुझ पर विश्वास करने और मुझे खुद को मैदान पर अभिव्यक्त करने की अनुमति देने के लिए आभारी हूं। उनके समर्थन के बिना, मैं भारत के लिए अपनी 150वीं अंतरराष्ट्रीय कैप प्राप्त करने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगा और आने वाले कई वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करता हूं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने अमित रोहिदास को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, मैं अमित रोहिदास को भारत के लिए 150 अंतरराष्ट्रीय कैप पूरे करने पर बधाई देता हूं। वह पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के भरोसेमंद सदस्य रहे हैं और 2013 में जूनियर टीम के लिए पदार्पण करने के बाद से उन्होंने जबरदस्त प्रगति दिखाई है। वह अपने उत्साह के कारण सुंदरगढ़ क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। मैं आगामी टूर्नामेंटों के लिए अमित रोहिदास को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। बता दें कि अमित रोहिदास का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के लकी साबित हुआ। भारत ने इस मैच में चीन को 7-2 से करारी शिकस्त दी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने डी गुकेश को शीर्ष रैंक वाला भारतीय खिलाड़ी बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली(हि.स.)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 17 वर्षीय युवा प्रतिभाशाली ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को बधाई दी है, जिन्होंने दिग्गज विश्वनाथन आनंद के विश्व रैंकिंग में 37 साल के राज को खत्म किया और भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बने। स्टालिन ने युवा शतरंज खिलाड़ी की प्रशंसा की और ट्वीट किया, पहली बार विश्व (फिडे) रैंकिंग के शीर्ष 10 में प्रवेश करने की अविश्वसनीय उपलब्धि पर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बधाई। आपके दृढ़ संकल्प और कौशल ने आपको शतरंज के शीर्ष पर पहुंचा दिया है, जिससे आप सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आपकी उपलब्धि हर जगह युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा है और तमिलनाडु के लिए गर्व का क्षण है।" 1 सितंबर को अगली आधिकारिक फीडे रेटिंग सूची आने में अभी लगभग एक महीना बाकी है, लेकिन यह तय है कि 17 वर्षीय खिलाड़ी दुनिया में सबसे ज्यादा रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाएंगे। गुकेश ने बाकू, अजरबैजान में फीडे विश्व कप के दूसरे दौर में मिस्ट्राडिन इस्केंदरोव को हराया और क्लासिक ओपन श्रेणी में विश्व नंबर 9 पर पहुंचने के लिए 2755.9 की लाइव रेटिंग प्राप्त की। आनंद, जिनका स्कोर 2754.0 है, दसवें स्थान पर खिसक गये।

आनंद 1986 के बाद से केवल दो बार लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसके हैं।

गुकेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने शतरंज की दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है, और अब सभी की निगाहें अजरबैजानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनके आगामी मुकाबले पर हैं। इस महत्वपूर्ण मैच में ड्रा उसे दूसरे दौर में पहुंचा देगा। एक और जीत उन्हें लाइव रेटिंग और विश्व रैंकिंग दोनों में आनंद से आगे कर देगी। वह अलीरेजा फिरोजा के भी करीब हैं, जो शतरंज की दुनिया की सबसे प्रतिभाशाली उभरती प्रतिभाओं में से एक हैं, जो बाकू में प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। आनंद और पेंटाला हरिकृष्णा के बाद गुकेश दुनिया के शीर्ष 10 में प्रवेश करने वाले तीसरे भारतीय भी हैं।

मोहन बागान सुपर जाइंट ने स्पेनिश फुटबॉलर हेक्टर युस्टे के साथ किया करार

कोलकाता (हि.स.)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब मोहन बागान सुपर जाइंट ने गुरुवार को स्पेन के हेक्टर युस्टे के साथ करार किया है। युस्टे साइप्रस के शीर्ष डिवीजन क्लब एसी ओमोनिया से नए सीजन से पहले मोहन बागान में शामिल होंगे, जहां उन्होंने दो बार साइप्रस कप और 2021 में साइप्रस सुपर कप जीता था। ओमोनिया के साथ अपने समय के दौरान, युस्टे ने यूईएफए यूरोपा लीग और यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग ग्रुप चरणों में भी खेला। 35 वर्षीय सेंट्रल डिफेंडर, जो रक्षात्मक मिडफील्डर के रूप में भी काम कर सकते हैं, अपने साथ खेल का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। युस्टे ने ग्रेनाडा, मैलोर्का और रेसिंग सैंटेंडर जैसे कई स्पेनिश क्लबों के लिए भी खेला है। उनके टीम में शामिल होने से कोलकाता की टीम को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। करार को लेकर युस्टे ने कहा, मोहन बागान सुपर जाइंट भारत के ऐतिहासिक क्लबों में से एक है। वे पिछले सीजन के चैंपियन भी हैं। मुझे पता चला है कि इस क्लब की देश में सबसे अच्छी लोकप्रियता और प्रशंसक आधार है। कई स्पेनिश कोचों और खिलाड़ियों ने भारत में खेलकर पहचान हासिल की है। मैं हरी और मैरून जर्सी पहनने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मैं क्लब को और अधिक सफलता दिलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगा। मोहन बागान सुपर जाइंट के मुख्य कोच जुआन फेरांडो को लगता है कि युस्टे के अनुभव और नेतृत्व गुणों से मोहन बागान सुपर जाइंट को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, हेक्टर (युस्टे) एक अनुभवी खिलाड़ी है जिसने स्पेनिश प्रथम श्रेणी में सफलता का आनंद लिया है। मुझे उन्हें खेलते हुए देखने का मौका मिला है, और मेरा मानना है कि उनके अनुभव और नेतृत्व गुणों से मोहन बागान सुपर जायंट को बहुत फायदा होगा।

ओप्पो ने लॉन्च किया नया रेनो 10 5जी टेलीफोटो कैमरा के साथ

जयपुर (हि.स.)। स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने घोषणा की है कि उसका रेनो10 5जी मात्र 32 हजार 999 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध है। अल्ट्रा-स्लिम बॉडी वाला रेनो10 5जी आइस ब्लू और सिल्वर ग्रे रंग में उपलब्ध होगा। यह एक 3डी कर्व्ड बॉडी के साथ वजन में हल्का और पकड़ने में आसान होगा। इसमें बॉर्डरलेस और इमर्सिव व्यूइंग अनुभव के लिए 120 हर्ट्ज का 6.7 इंच एमोलेड डिस्प्ले और 93 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है। इसका डिस्प्ले ड्रैगनट्रेल स्टार 2 है और बैक में मजबूत पॉलीकार्बोनेट बॉडी है। यह 950 निट्स की एचडीआर ब्राइटनेस के साथ आता है, जिससे धूप में भी साफ और स्पष्ट विजुअल मिलते हैं। साथ ही, आपको बेहतर सराउंड साउंड अनुभव के लिए इसमें डिराक द्वारा परीक्षण किए गए रियल ओरिजिनल साउंड टेक्नोलॉजी के साथ ड्युअल स्टीरियो स्पीकर भी हैं। साथ ही 30 मिनट में हैंडसेट को 70 प्रतिशत तक चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा ओप्पो का पुरस्कार विजेता बैटरी हेल्थ इंजन (बीएचई) करंट और वोल्टेज को समझदारी से कंट्रोल करते हुए रियल टाइम मॉनिटरिंग के साथ चार्जिंग का जीवनकाल बढ़ा देता है।

स्टेट बैंक का मुनाफा डबल से भी हो गया ज्यादा

नई दिल्ली (हि.स.)। देश के सबसे बड़े स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में एसबीआई का मुनाफा दो गुना से ज्यादा हुआ और यह बढ़कर 16,884 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बैंक को 6,068 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ दो गुना से ज्यादा उछलकर 16,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

जमशेदपुर एफसी ने युवा फॉरवर्ड मोहम्मद सनन के साथ किया तीन साल का करार

जमशेदपुर (हि.स.)। जमशेदपुर एफसी ने तीन साल के लिए युवा फॉरवर्ड मोहम्मद सनन के साथ करार किया है। सनन मुख्य रूप से पिच के बाईं ओर खेलते हैं और स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी है जो मौके बनाने और गोल करने में सक्षम है। 19 वर्षीय खिलाड़ी 2016 में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैम्प्स (आरएफवाईसी) में शामिल हुए और तब से क्लब के साथ हैं। सनन केरल के रहने वाले हैं और उनके पास प्रभावशाली ड्रिब्लिंग क्षमता है, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके और अपनी तकनीक को बेहतर बनाने के लिए खुद को समर्पित करके अपना नाम बनाया है। सनन को उनके पूर्व क्लब द्वारा मैदान पर और बाहर एक लीडर के रूप में वर्णित किया गया है और वह अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए हमेशा सिखने में रुचि रखते हैं। करार पर सनन ने कहा, जमशेदपुर एफसी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है। टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) के गौरवशाली इतिहास के कारण यह क्लब देश में युवा फुटबॉल के लिए शिखर है और मेरा मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरे विकास में यह आदर्श कदम है। मैं इस सीजन में जितना संभव हो उतना सीखने और टीम की मदद करने के लिए उत्सुक हूं। आरएफवाईसी में अपने समय के दौरान सनन को कुछ अविश्वसनीय अनुभव प्राप्त हुए, जिसमें रिलायंस फाउंडेशन प्रीमियर लीग नेक्स्ट जेनरेशन कप में वोल्व्स और एवर्टन में इंग्लिश प्रीमियर लीग के विरोधियों के खिलाफ टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी शामिल था, जहां उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एवर्टन के खिलाफ स्कोर भी किया था। आरएफवाईसी के प्रवक्ता ने कहा, हमें खुशी है कि एक और आरएफवाईसी स्नातक ने आईएसएल क्लब के साथ पेशेवर अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। प्रवक्ता ने आगे कहा, मोहम्मद सनन में काफी संभावनाएं हैं और हमें यकीन है कि वह 2023-24 सीजन से पहले जमशेदपुर एफसी जैसे क्लब के साथ अपने कौशल और क्षमता को और बढ़ाएंगे। हमें सनन की उपलब्धि पर गर्व है और हम कामना करते हैं कि वह सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते रहें और जमशेदपुर के लिए एक आशाजनक संभावना के रूप में आगे बढ़ें। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने करार पर कहा, सनन एक बहुत ही रोमांचक युवा खिलाड़ी है जिसे हमें विकसित करने और सावधानीपूर्वक आगे लाने की जरूरत है। हम वास्तव में कुछ रोमांचक तकनीकी क्षमता देख सकते हैं और अब यह हमारा काम है कि हम उसे निखारें और उसे वह हीरा बनाएं जो हमें लगता है कि वह बन सकता है। उसके पास यह सब कुछ है जो हमें चाहिए, लेकिन हम उसे खेल के अन्य कारकों को लागू करने में मदद करेंगे जो वह प्री-सीजन में सीखेगा।

एशिया कप में नहीं खेलेंगे तमीम इकबाल, एकदिवसीय टीम की कप्तानी भी छोड़ी

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेशी बल्लेबाज तमीम इकबाल आगामी एशिया कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उनकी बार-बार होने वाली पीठ की चोट के समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है। साथ ही, उन्होंने विश्व कप से पहले टीम और बीसीबी को अधिक स्पष्टता देने के लिए बांग्लादेश के एकदिवसीय टीम की भी कप्तानी छोड़ दी है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, तमीम अब एशिया कप और विश्व कप के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज खेलने की तैयारी कर रहे हैं। तमीम का कप्तानी छोड़ने का फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास वापस लेने के एक महीने से भी कम समय बाद आया है। तमीम ने 6 जुलाई को संन्यास लिया था, लेकिन अगले दोपहर, बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने उनसे अपना निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

लंका प्रीमियर लीग : कोलंबो स्ट्राइकर की नजर दांबुला ऑरा के खिलाफ जीत दर्ज करने पर

पल्लेकेल (हि.स.)। कोलंबो स्ट्राइकर्स की टीम लंका प्रीमियर लीग में अपने तीसरे मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां उनका सामना पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दांबुला ऑरा से होगा। मजबूत हरफनमौला प्रदर्शन के कारण कोलंबो की टीम बी-लव कैंडी के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले में 27 रनों से विजयी रही थी। जाफना किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच हारने के बाद, कैंडी के खिलाफ जीत से टीम को काफी आत्मविश्वास मिला। वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद कोलंबो स्ट्राइकर्स के लिए दांबुला के खिलाफ मैच शीर्ष स्थान के करीब बने रहने के लिए महत्वपूर्ण होगा। मैच से पहले कोलंबो स्ट्राइकर्स के कप्तान, निरोशन डिकवेला ने कहा, अब हर कोई एक परिवार की तरह एक साथ है और बेहतर तालमेल बिठा रहा है। पहले मैच में भी, हम जीत के करीब थे, लेकिन दूसरे मैच में, सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सही समय पर योगदान दिया। मुझे लगता है कि यह एक शानदार जीत थी। पल्लेकेले में होने वाले मैच में मौसम की स्थिति काफी अलग होगी, क्योंकि खेल दिन का होगा। डिकवेला ने जोर देकर कहा कि पल्लेकेले के विकेटों पर हर किसी के पास जीतने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, परिस्थितियां अलग हैं, और पल्लेकेले में हमारे पास निश्चित रूप से बेहतर विकेट है। आउटफील्ड बहुत तेज है, और गेंद अच्छी ऊंचाई से आती है। मुझे लगता है कि यह एक बार फिर हमारे तेज आक्रमण के लिए अच्छा मौका होगा। हम सभी मैच के लिए उत्साहित हैं। डिकवेला ने दांबुला टीम को लेकर कहा, मुझे लगता है कि दांबुला एक बहुत अच्छी टीम है।

आरसीबी ने आईपीएल 2024 से पहले एंडी फ्लावर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

बेंगलुरु (हि.स.)। जिम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एंडी फ्लावर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले संस्करण से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्लावर संजय बांगर की जगह लेंगे, जो 2023 आईपीएल तक फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच थे। फ्रेंचाइजी ने यह भी पुष्टि की कि बांगड़ के अलावा, क्रिकेट संचालन के निदेशक माइक हेसन भी अपने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कर रहे हैं। आरसीबी के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने पर फ्लावर ने कहा, मैं माइक हेसन और संजय बांगड़ द्वारा किए गए काम को पहचानता हूं, वे वो दो कोच हैं जिनका मैं सम्मान करता हूं, और मैं आरसीबी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की चुनौती के लिए तत्पर हूं। मैं फाफ के साथ फिर से जुड़ने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। हमने अतीत में एक साथ बहुत अच्छा काम किया है और मैं अपनी साझेदारी और रिश्ते को कुछ बड़ा और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हूं।" फ्लावर ने कहा, हमारे पास काम करने के लिए खिलाड़ियों की एक रोमांचक सूची है, और मैं आरसीबी के साथ अद्भुत अवसर के साथ-साथ आने वाली जिम्मेदारी को भी पहचानता हूं, मैं उसका आनंद लूंगा। यह एक बड़ी चुनौती है और मैं इसे शुरू करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।" फ्लावर ने हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया था, और टीम को आईपीएल 2022 और 2023 में प्लेऑफ तक पहुंचाया था, उनकी जगह अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने ले ली है। फ्लावर ने कोचिंग सर्किट में अपना एक चमकता नाम बनाया है। उन्होंने इंग्लैंड को 2009 और 2013 में घरेलू सरजमीं पर और 2010-11 में ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर एशेज जीत दिलाई थी। वह वेस्टइंडीज में 2010 पुरुष टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली इंग्लिश टीम के भी मुख्य कोच थे। 2014 में इंग्लैंड के मुख्य कोच का पद छोड़ने के बाद, फ्लावर अगले पांच वर्षों के लिए इंग्लैंड के पाथवे सिस्टम में काम करने लगे। इसके बाद उन्होंने नव-निर्मित लखनऊ फ्रेंचाइजी में शामिल होने से पहले दो सीजन के लिए आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए सहायक कोच के रूप में काम किया। उन्होंने पिछले साल मेन्स हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स को खिताब दिलाने के अलावा, यूएई की आईएलटी-20 प्रतियोगिता में विजयी हुए गल्फ जायंट्स और इस साल पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीतने वाली मुल्तान सुल्तांस की टीम के भी मुख्य कोच थे। उन्होंने दो बार कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के फाइनल में पहुंचने वाली सेंट लूसिया किंग्स को भी कोचिंग दी। जून में, फ्लावर भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई शिविर में शामिल हुए और इंग्लैंड में हाल ही में समाप्त हुई एशेज में सलाहकार भूमिका में टीम के साथ थे।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय रांची में आगामी 7 अगस्त को होगा कवि सम्मेलन

रांची। हवाई नगर रोड नंबर 14 स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय परिसर में आगामी 7 अगस्त को प्रातः 10:00 से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन की आयोजिका एवं विद्यालय की शिक्षिका निकिता प्रसाद ने बताया कि साहित्यिक आयोजनों से बच्चों में नयी चेतना आएगी एवं मानसिक विकास होगा। आमंत्रित कवियों में सुप्रसिद्ध डॉ सुरिन्दर कौर नीलम, शालिनी सहवा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, संजय कुमार, मीणा बंधन, अंकिता सिन्हा, चंदन प्रजापति हैं।

पहले टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण भारत और वेस्टइंडीज पर लगा जुर्माना

दुबई (हि.स.)। भारत और वेस्टइंडीज पर 3 अगस्त को त्रिनिदाद और टोबैगो में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया गया है। भारत पर न्यूनतम ओवर गति से एक ओवर कम होने के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जबकि वेस्टइंडीज पर न्यूनतम ओवर गति से दो ओवर कम रहने के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने हार्दिक पंड्या और रोवमैन पॉवेल की टीमों को निर्धारित समय में लक्ष्य से क्रमशः एक और दो ओवर कम होने के कारण यह सजा दी है। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर हर ओवर के हिसाब से उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस मामले में खिलाड़ी पर अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लग सकता है। पांड्या और पॉवेल ने अपराध स्वीकार करते हुए प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया है, इसलिए, औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट और पैट्रिक गुस्टर्ड, तीसरे अंपायर निगेल डुगुइड और चौथे अंपायर लेस्ली रीफर ने आरोप लगाए थे।

वेस्टइंडीज ने यह मैच 4 रन से जीतकर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है

प्रयागराज (हि.स.)। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली में सम्पन्न हुई विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित 34वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, तीन रजत एवं एक कांस्य सहित 10 पदक अर्जित कर अपना दबदबा कायम रखा। विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में 49 जिलों के 379 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, हॉकी, तैराकी, योगासन एवं ताइक्वांडो सहित पांच खेल विधाओं को शामिल किया गया था। जिसमें विद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो विधा में भाग लिया। आदर्श चौरसिया, अभि कुमार, ऋषभ मिश्रा, अध्यांश यादव, अभिषेक चौधरी एवं श्रद्धा पुष्पाकर ने स्वर्ण पदक तथा आर्यन चौरसिया, अमन शर्मा, श्लोक सोनकर रजत पदक एवं देवेश केसरवानी ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की इस अपार सफलता पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा प्रबंध समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने वंदना सभा में समस्त खिलाड़ी छात्र छात्राओं सहित शारीरिक आचार्य विमल चंद्र दुबे एवं संतोष कुमार तिवारी तथा कोच हर्ष चौधरी और आनंद सिंह को सम्मानित किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन : क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हुईं पी.वी. सिंधु

सिडनी (हि.स.)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में चीनी मूल की अमेरिकी बैडमिंटन खिलाड़ी बेइवेन झांग से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। झांग ने सिंधु को 21-12, 21-17 से शिकस्त दी। सिंधु वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर हैं और झांग विश्व में 12वें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से पहले राउंड ऑफ 32 में सिंधु ने अस्मिता चालिहा को 21-18, 21-13 से हराया था। इसके बाद उन्होंने 16वें राउंड में उन्होंने आकर्षी कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया।

टेनिस प्रीमियर लीग | **सोनू सूद एक प्रतिभाशाली अभिनेता और फिल्म निर्माता होने के अलावा एक मानवतावादी और परोपकारी व्यक्ति हैं**

मुंबई लियोन आर्मी ने अभिनेता सोनू सूद को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

मुंबई (हि.स.)। टेनिस प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी मुंबई लियोन आर्मी ने सीजन पांच से पहले सोनू सूद को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। मुंबई फ्रेंचाइजी के मालिक, स्थापित डायमंड उद्यमी, श्याम पटेल ने टीपीएल के सीजन पांच से पहले सोनू सूद के बोर्ड में आने पर प्रसन्नता व्यक्त की। पटेल ने कहा, सोनू सूद एक प्रतिभाशाली अभिनेता और फिल्म निर्माता होने के अलावा एक मानवतावादी और परोपकारी व्यक्ति हैं। सोनू जीवन को बदलने के लिए खेल की शक्ति में विश्वास करते हैं और एक फ्रेंचाइजी के रूप में हमें गर्व और खुशी है कि वह आगे चलकर मुंबई लियोन आर्मी का हिस्सा बनेंगे। उनकी उपस्थिति निश्चित रूप से हमारी टीम में ग्लैमर की एक और परत जोड़ेगी और सीजन पांच की शुरुआत के बाद अधिक प्रशंसकों को फ्रेंचाइजी का समर्थन करने का मौका भी देगी, जिससे हमें उम्मीद है कि हमारी फ्रेंचाइजी को जाने और जीतने के लिए प्रेरित होगी। सोनू सूद ने सरकार की पहल, खेलो इंडिया के लिए भी सक्रिय रूप से अपना समर्थन दिखाया है, जिसका उद्देश्य युवाओं के जीवन की शुरुआत में ही खेलों को प्रोत्साहित करना और उन्हें दैनिक जीवन में शामिल करना है। अभिनेता ने मुंबई लियोन आर्मी और टेनिस प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने पर कहा, टेनिस प्रीमियर लीग एक अभूतपूर्व टूर्नामेंट है जिसमें तेज गति वाले मैच शामिल हैं जो दर्शकों को लीग देखने के लिए लुभाने के लिए तैयार किए गए हैं। लीग ने पहले ही पिछले चार सीजन में भारत में टेनिस समुदाय को तेजी से बढ़ने दिया है और मुझे मुंबई लियोन आर्मी और पूरी लीग का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। मुझे उम्मीद है कि टीम के डगआउट में मेरी मौजूदगी से उन्हें लीग के पांचवें सीजन में ट्रॉफी जीतने में मदद मिलेगी। अपने युवावस्था के दिनों में एथलीट रहे, सूद ने कहा, मैं जानता हूं कि युवा लोगों के दैनिक जीवन में खेल कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे देश में टेनिस को अक्सर एक खेल के रूप में कम महत्व दिया जाता है। जबकि हमने अतीत में विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार किए हैं, टीपीएल निश्चित रूप से भारत के भविष्य के टेनिस सितारों को एक बहुत जरूरी मंच प्रदान करेगा, जिससे उन्हें घरेलू नाम बनने की यात्रा के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने मुंबई लियोन आर्मी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सोनू सूद के जुड़ने पर कहा, खेलों में सोनू की व्यक्तिगत रुचि के अलावा, उनकी भागीदारी देश के एथलेटिक संस्कृति में उनके निवेश के बारे में बताती है। हमें उम्मीद है कि उनकी उपस्थिति और भागीदारी खेल और लीग को उस मान्यता की ओर ले जाने में मदद करेगी जिसके वे हकदार हैं और हमें देश भर में हर घर तक टेनिस पहुंचाने के हमारे सपने को हासिल करने में मदद मिलेगी। टीपीएल के सह-संस्थापक मृणाल जैन ने कहा, हम लीग के पांचवें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोनू सूद की उपस्थिति न केवल कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएगी, बल्कि सामान्य उत्साह को भी बढ़ाएगी। ब्रांड एंबेसडर के रूप में उनके साथ, मुंबई लियोन आर्मी को आगामी सीजन में निश्चित रूप से अविश्वसनीय समर्थन मिलेगा।

लोकसभा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक- 2023 पारित किया

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा ने शुक्रवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक- 2023 विपक्ष की नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक आईआईएम संस्थानों की प्रबंधन जवाबदेही भारत के राष्ट्रपति को सौंपता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि सरकार का आईआईएम की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है। संस्थानों की प्रबंधन जवाबदेही अब राष्ट्रपति को सौंपी गई है और अकादमिक जवाबदेही संस्थानों के पास रहेगी। विधेयक में भारत के राष्ट्रपति को सभी आईआईएम के लिए 'विजिटर' नियुक्त करने के प्रस्ताव है। राष्ट्रपति के पास उनके कामकाज का ऑडिट करने, जांच का आदेश देने और निदेशकों को नियुक्त करने के साथ-साथ हटाने की शक्तियां होंगी। प्रधान ने 28 जुलाई को यह विधेयक लोकसभा में पेश किया था। विधेयक में आईआईएम अधिनियम 2017 में संशोधन का प्रस्ताव है, जिसमें आईआईएम में राष्ट्रपति की शक्तियों में वृद्धि शामिल है। संशोधन देशभर के 20 आईआईएम को 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' घोषित करता है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत गृह सचिव भल्ला को 22 अगस्त, 2024 तक एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने गृह मंत्रालय के गृह सचिव के रूप में अजय कुमार भल्ला को 22 अगस्त, 2023 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए यानी 22 अगस्त, 2024 तक सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि अजय कुमार भल्ला भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1984 बैच के असम-मेघालय कैडर से हैं। भल्ला को वर्ष 2019 में केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था।

नेपाल सरकार के सीमा शुल्क बढ़ाने से भड़के भारतीय व्यापारी, किया विरोध प्रदर्शन

सिलीगुड़ी (हि.स.)। भारतीय बॉर्डर पर 100 रुपये से अधिक के सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने के नेपाल सरकार के फैसले के विरोध में शुक्रवार को पानी टंकी व्यवसायी समिति ने खोरीबाड़ी में भारत-नेपाल सीमा पर सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्रों के व्यवसायियों और स्थानीय लोगों ने नेपाल सरकार के इस फैसले की निंदा करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। व्यवसायी समिति की तरफ से बीडीओ को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। पानीटंकी व्यवसायी समिति संयुक्त सचिव दीपक चक्रवर्ती ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच बेटी-रोटी का संबंध रहने के कारण दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों का एक-दूसरे के यहां आना-जाना लगा रहता है। इसी क्रम में नेपाल मूल के अधिकांश लोग अपने घरेलू उपयोग के लिए रोजमर्रा का सामान भारतीय बाजार से खरीदते रहे हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों से नेपाल में रोजमर्रा की वस्तु पर सीमा शुल्क लगने से लोगों ने भारतीय बाजारों में खरीदारी करना कम कर दिया है, जिससे भारतीय सीमावर्ती बाजारों पर काफी असर पर गया है। इस कानून के लिए हमारा व्यवसाय खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार अपना फैसला वापस ले इसके लिए सांसद व गृह मंत्री से निवेदन करेंगे।

राजस्थान में 19 नये जिलों के नोटिफिकेशन को मंजूरी, अब होंगे 50 जिले

जयपुर (हि.स.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नवगठित जिलों के सीमांकन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार ने उन्नीस नए जिलों के नोटिफिकेशन को मंजूरी दे दी है। जयपुर और जोधपुर जिले के भी दो टुकड़े किए गए हैं। इनके नगर निगम क्षेत्र को जयपुर-जोधपुर और इससे बाहर वाली तहसीलों को जयपुर-जोधपुर ग्रामीण में शामिल किया गया है। राजस्थान में पहले से 33 जिले थे। अब 19 नए जिलों के बाद 50 जिले हो गए हैं। पाली, सीकर, बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है, इसके बाद अब राज्य में 10 संभाग हो गए हैं। राजस्थान में अब दूदू सबसे छोटा जिला होगा। दूदू जिले में एक ही विधानसभा क्षेत्र रहेगा। क्षेत्रफल के हिसाब से जैसलमेर अभी भी सबसे बड़ा जिला रहेगा। 19 नवीन जिलों के गठन के लिए 18 वर्तमान जिलों का पुनर्गठन भी किया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इन नवीन जिलों से राज्य के विकास को एक नई गति मिलेगी तथा आमजन की सुगमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को सभी नए जिलों का उद्घाटन होगा। प्रभारी मंत्री नए जिलों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि नवीन जिलों के गठन से विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की और अधिक प्रभावी ढंग से मानिटरिंग हो सकेगी। साथ ही प्रदेश के पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकार की पहुंच और अधिक सुगम होगी, जिससे इनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सकेगा। राजस्व एवं दीवानी न्यायालयों की दूरियां घटने से इनमें लम्बित मामलों का त्वरित निस्तारण हो सकेगा तथा कानून व्यवस्था पर अधिक प्रभावी नियंत्रण हो पायेगा। जन अभाव अभियोगों का निराकरण और शीघ्रता एवं सुगम रूप से हो सकेगा। नए जिलों की अधिसूचना जारी होते ही अब वहां कलेक्टर, एसपी और जिला लेवल के ऑफिस खुलने शुरू होंगे।

मणिपुर में गोली लगने से पुलिसकर्मी सहित दो की मौत, कई घायल

इंफाल (हि.स.)। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि गुरुवार को इंफाल पश्चिम इलाके में गोलीबारी हुई है। इस घटना में सिर में गोली लगने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि काउट्रुक, हारोथेल और सेंजाम चिरांग इलाकों में भी अराजकतत्वों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी में एक सुरक्षा गार्ड सहित दो लोग घायल हुए। इसी बीच, पास की पहाड़ी इलाकों में भी गोलीबारी में एक नागरिक की भी मौत हुई है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के कांगवाई और फोगाकचाओ इलाकों में गुरुवार को झड़पें हुईं। हादसे में कम से कम 19 लोग घायल हो गए। उल्लेखनीय है कि 3 मई से राज्य में लगातार हिंसा हो रही है। शासन प्रशासन शांति बहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं अभी भी निलंबित हैं। आएदिन अलग-अलग इलाकों में झड़पें हो रही हैं। सुरक्षा बल दिन-रात परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं।

डॉ. जेपीएन मिश्रा बने श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय मंत्री

झांसी (हि. स.)। टहरौली तहसील के ग्राम खजराहा निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद और डॉ. आर.पी रिछारिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. पी. एन. मिश्रा को श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास का राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किया गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास देशभर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के विवादित स्थल पर हिन्दू पक्ष में अपार जनसमर्थन जुटाने के लिए अपनी राष्ट्रीय कमेटी एवं विभिन्न प्रदेशों की कमेटियों का गठन कर रहा है। डॉ. जे. पी. एन. मिश्रा की यह नियुक्ति श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) अश्विनी शर्मा की प्रबल अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा की गयी है। नियुक्ति की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष कमलकान्त शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी गयी है। ज्ञातव्य है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास, मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि के विवादित स्थल पर हिन्दू हक की पुरजोर लड़ाई लड़ रहा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा न्यायालय में विवादित स्थल पर हिन्दू पक्ष की ओर से एक प्रमुख पक्षकार हैं। क्षेत्रवासियों ने डॉ. जे. पी. एन. मिश्रा के मनोनयन पर अपनी बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित की।

5, 12 अगस्त को नहीं होगा 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह : राष्ट्रपति भवन

नई दिल्ली (हि.स.)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास के कारण 5 और 12 अगस्त को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) का समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल के कारण 5 अगस्त और 12 अगस्त को चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि गार्ड अदला-बदली समारोह एक सैन्य परंपरा है, जो हर सप्ताह राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने के लिए आयोजित किया जाता है।

नूंह हिंसा में अब तक 102 एफआईआर दर्ज, 202 गिरफ्तार, 80 हिरासत में

चंडीगढ़ (हि.स.)। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह में पुलिस लगातार तैनात है और अब तक 102 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 202 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गृहमंत्री विज ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 80 लोगों को हिरासत में लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि निर्दोष को सजा न मिलें और दोषी न छूटे, इस सिद्धांत पर पुलिस कार्य कर रही है। इसलिए पुख्ता सबूत इकट्ठा करके इस पर कार्रवाई की जानी है और एक भी दोषी को छोडा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पकड़े गए लोगों से कानून के अनुसार पूछताछ की जा रही है, मिल रही जानकारियों कि अनुसार कार्रवाई की जा रही हैं।

विज ने बताया कि मौलवियों से भी बातचीत की गई है और मौलवियों ने आह्वान किया है कि घर पर ही नमाज पढी जाए, अगर वे ऐसा करते हैं, तो बहुत ही अच्छी बात है। सोशल मीडिया के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी व स्कैनिंग के लिए गृह विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जो सोशल मीडिया को स्कैन करेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

एसआईटी गठन के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जहां-जहां पर जरूरत पड रही है, उस अनुसार दो से तीन पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की एसआईटी बनाकर उन्हें जांच सौंपी हैं ताकि एक-एक मामले की हर एंगल से जांच हो सके। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि शांति बना कर रखें, किसी भी प्रकार की तोडफोड न करें, सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक पोस्ट न डालें।

सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए रक्षा मंत्री ने पेश किया विधेयक, लोकसभा में पारित

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 लोकसभा में शुक्रवार को पारित हो गया। लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य सुधारों की दिशा में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव सम्मिलित नहीं है। यह बिल दो महत्वपूर्ण मकसदों को एक साथ पूरा करता है। यह हमारे सशस्त्र बलों के तीनों अंगों के बीच एकीकरण तथा संयुक्तता की दिशा में बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का एकजुट और एकीकृत तरीके से मुकाबला कर सकेंगे।

लोकसभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बिल एक ऐसा वातावरण बनाने में भी मदद करेगा, जो हमारे अंतर सेवा संगठन में अनुशासन को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिल मौजूदा सेवा अधिनियमों में किसी भी बदलाव का प्रस्ताव नहीं करता है। यह बिल केंद्र सरकार को अंतर-सेवा संगठनों के गठन की घोषणा करने की भी शक्ति प्रदान करना प्रस्तावित करता है। 'स्टैंडिंग कमेटी ऑन डिफेंस' 2022-23 ने इस बिल में बिना किसी संशोधन के मंजूरी दे दी है। इसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव सम्मिलित नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी अंतर-सेवा संगठनों के प्रमुखों के लिए संगठनों में अनुशासन बनाए रखना और उनकी प्रतिबद्धता के लिए एक सक्षम अधिनियम बनाने की आवश्यकता महसूस की गई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के कर्मी अपने संबंधित अधिनियम यानी सेना अधिनियम 1950, नौसेना अधिनियम 1957 और वायु सेना अधिनियम 1950 और उनके अंतर्गत बनाए गए नियम और कानून के अनुसार शासन करते हैं। अनुशासन सेना की आत्मा है। यह उनके चरित्र और संकल्प को मजबूत करता है। यह आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ-साथ एक इकाई या प्रतिष्ठान के सैनिकों को एकजुट करने में भी मदद मिलती है।

कुलगाम और पुलवामा में पांच अलग-अलग स्थानों पर एनआईए की छापेमारी जारी

श्रीनगर (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार सुबह आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कुलगाम और पुलवामा में पांच अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की।

जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से कुलगाम और पुलवामा में 5 अलग-अलग जगहों पर शुक्रवार सुबह छापेमारी शुरू की जो अभी भी जारी है। इस दौरान मुठभेड़ में मारे गए हिज्ब कमांडर उमर गनी के कुलगाम स्थित घर पर भी छापेमारी की जा रही है।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवाद मामले आरसी 5/2022 के संबंध में यह छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला भौतिक और साइबर स्पेस दोनों में एक साजिश रचने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमले करने की योजना से संबंधित है। ये योजनाएं इन आतंकवादी संगठनों द्वारा स्थानीय युवाओं और भूमिगत कार्यकताओं के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं।

मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर लगाई रोक, कांग्रेस में खुशी का माहौल

नई दिल्ली (हि.स.)। मोदी सरनेम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। जिसके बाद कांग्रेस में खुशी का माहौल है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की साजिश आज नाकाम हो गई है। यह हमारी बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वह लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखेंगे और हालात से अवगत कराएंगे। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी भाजपा से डरने वाले नहीं हैं। वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सत्य और न्याय की जीत है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद करते हुए कहा कि गौतम बुद्ध ने कहा था कि तीन चीजें (सूर्य, चंद्रमा और सत्य) देर तक नहीं छुप सकते हैं। यह सत्य की जीत है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरनेम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सूरत की निचली अदालत ने अधिकतम सजा देकर गलती की है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का मतलब ये है कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता दोबारा बहाल होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में अधिकतम सजा (2 साल) होने के चलते राहुल की सदस्यता गई, पर निचली अदालत के जज ने फैसले में ये साफ नहीं किया कि अधिकतम सजा तय करने की वजह क्या है?

तोशाखाना मामला: इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने सेशन कोर्ट के फैसले को रद्द किया

इस्लामाबाद(हि.स.)। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले में सत्र अदालत के विचारणीय फैसले को शुक्रवार को 'अमान्य' घोषित कर दिया।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने कहा, "सत्र अदालत को सुनवाई करनी चाहिए और फिर से फैसला करना चाहिए।"

इस बीच, अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के मामले को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के अनुरोध को भी खारिज कर दिया है। उसने गवाहों की सूची खारिज करने के फैसले के खिलाफ आवेदन पर नोटिस भी जारी किया। फैसले में कहा गया है, "अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर मामले की सुनवाई करेंगे।"

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका: इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट ने तोशाखाना मामले से संबंधित मुकदमे की कार्यवाही के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका खारिज कर दी थी।

न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने तोशाखाना मामले के खिलाफ खान की याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने कहा, "हाई कोर्ट का अंतिम फैसला आने तक निचली अदालत तोशाखाना मामले पर फैसला नहीं कर सकती। इस सप्ताह की शुरूआत में शीर्ष अदालत ने खान को यह कहते हुए ठुकरा दिया था

संक्षिप्त

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की दो तिहाई दूरी तय की, शनिवार को किया जाएगा कक्षा में स्थापित

नई दिल्ली (हि.स.)। चंद्रयान-3 को चंद्रमा की परिधि में पहुंचने में अब केवल 24 घंटे का ही वक्त लगेगा। अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर ली है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-3 ने दो तिहाई दूरी पूरी कर ली है। इस मिशन की शुरूआत में ही चंद्रमा की परिधि में पहुंचने का समय 5 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया है। कल परिधि के पास पहुंचने पर (एलओआई) अर्थात लूनर ऑफरेशन इंजेक्शन शुरू किया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर लांच किया था। चंद्रयान-3 कल चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने के लगभग 40 दिन बाद 24 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कर सकता है। मौजूदा समय में चंद्रयान चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किए जाने से कुछ ही दूरी पर है।

लोकसभा में राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) विधेयक, 2023 किया पेश

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 पेश किया। विधेयक के बारे में जानकारी देते हुए सिंह ने लोकसभा में कहा कि विधेयक संसद से स्वीकृति मिलने के बाद गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि यह फाउंडेशन अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) का बीजारोपण करेगा व उसे विकसित एवं प्रोत्साहित करेगा और देशभर के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। विधेयक को संसद में मंजूरी के बाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप देश में वैज्ञानिक अनुसंधान को उच्चस्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) नाम की एक शीर्ष निकाय की स्थापना करेगा। इस शीर्ष निकाय की कुल अनुमानित लागत पांच वर्षों की अवधि (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपये होगी। यह विधेयक 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) को भी निरस्त कर देगा और इसे एनआरएफ में सम्मिलित कर देगा, जिसका एक विस्तृत दायरा है और जो विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) की गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी कवर करता है।

देश के 508 रेलवे स्टेशनों को मिलेगा नया रूप, प्रधानमंत्री 6 अगस्त को करेंगे योजना की शुरूआत



नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। ये स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि देश भर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी जा रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55 स्टेशन, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15 और कर्नाटक में 13, चंडीगढ़ में 8, केरल में 5, दिल्ली, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर तथा उत्तराखंड में 3-3 जबकि हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और पुदुचेरी में 1-1 स्टेशन शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि शहर के दोनों किनारों के उचित एकीकरण के साथ इन स्टेशनों को 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण रेलवे स्टेशन के आसपास केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास की समग्र दृष्टि से प्रेरित है। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

उत्तराखंड: गौरीकुंड में भूस्खलन से 12 लोग लापता, भारी बारिश का ऑरेंज

रुद्रप्रयाग (हि.स.)। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश आफत बनी हुई है। भारी बारिश से गौरीकुंड में हुए भूस्खलन से 12 लोग लापता हो गए हैं, जिन्हें खोजने के लिए राहत बचाव कार्य जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में जगह-जगह भूस्खलन से पहाड़ चटकने से आमजन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। यात्रियों से लेकर स्थानीय लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 218 सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। इस बीच प्रदेश में भारी बारिश को लेकर 08 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित आपदा परिचालन केन्द्र कंट्रोल रूम पहुंचकर गौरीकुंड की घटना और प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों तक मदद पहुंचाने और बंद मार्गों को जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आपदा रंजीत सिन्हा, अपर सचिव आपदा सविन बंसल, पुलिस महानिरीक्षक रिद्मि अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र रुद्रप्रयाग से मिली जानकारी के मुताबिक केदारनाथ मार्ग पर तहसील उखीमठ के अंतर्गत गौरीकुंड बस स्टैंड पर डाट पुलिया के पास देर रात 12:15 बजे के आसपास भूस्खलन की घटना हुई। इसमें 12 लोगों का लापता होना बताया जा रहा है। तीन दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, वाईएमएफ और पुलिस प्रशासन की टीम घटना स्थल पर खोज व बचाव का कार्य कर रही है। जनपद में 02 राज्य एवं 21 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरूद्ध हैं। गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग यातायात के लिए सुचारू है।

इधर, शुक्रवार सुबह से ही देहरादून सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर हल्की से माध्यम रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक आज (शुक्रवार) और 06 अगस्त को प्रदेश के आठ जनपदों, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर, हरिद्वार जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश गरज-चमक के साथ होने के आसार हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ भारी से भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 05, 07 और 08 अगस्त के लिए सभी जनपदों के लिए भारी से भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है।

राज्य में लगातार हो रही बारिश से पिथौरागढ़ जनपद में 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 218 सड़कें बाधित हैं। इनमें 23 के आसपास राज्य मार्ग बंद हैं। बंद मार्गों को बीआरओ टीम की ओर से खोलने का कार्य जारी है। देहरादून जनपद में 04 राज्य मार्ग सहित कुल 25 सड़कें बाधित हैं।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)